नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 38

सोमवार, 23 से 29 अक्टूबर 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

युवती की पांच गोलियां मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार 03

पश्चिम एशिया संकटः दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में 08

NCR समाचार

दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत 10

छात्र भी तय करेंगे क्या हो उनका कोर्स 11

इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

बिगबॉस सीजन 17 में इस हफ्ते सलमान.... 12

एक नजर

मुकेश अंबानी से रंगदारी की मांग और जान से मारने की धमकी

मुंबई। मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी को अज्ञात शख्स ने ईमेल भेजकर 20 करोड़ रुपये की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस ईमेल की शिकायत अंबानी के सुरक्षा प्रमुख ने गांवदेवी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। इस धमकी की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस सतर्क हो गई और अंबानी के आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है। पुलिस के अनुसार मुकेश अंबानी के ईमेल पर शुक्रवार को रंगदारी और धमकी भरा ईमेल आया था। अंबानी को मिले ईमेल में कहा गया है, "अगर तुम हमें 20 करोड़ रुपये नहीं दोगे तो हम तुम्हें मार देंगे, हमारे पास भारत के सबसे अच्छे शूटर हैं।" इस ईमेल की छानबीन शुरू कर दी गई है। समाचार लिखे जाने तक ईमेल भेजने वाले का पता नहीं चल सका है।

उल्लेखनीय है कि मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पिछले साल बिहार के दरभंगा से आरोपित राकेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया था। छानबीन में पता चला कि गरीबी से तंग आकर उसने मुकेश अंबानी को धमकी दी थी।

लोकसभा समिति ने महुआ मोइत्रा से दो नवंबर को पेश होने को कहा

नई दिल्ली। लोकसभा की आचार समिति ने 'पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने' से जुड़े आरोपों के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा से 31 अक्टूबर के बजाय दो नवंबर को उसके सामने पेश होने को कहा है। समिति ने स्पष्ट किया है कि इसके बाद इस तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। मोइत्रा ने शुक्रवार को लोकसभा की आचार समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर को पत्र लिखकर कहा था कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य निशिकांत दुबे द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए 'पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने' के आरोपों के मामले में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते समिति के समक्ष 31 अक्टूबर को उपस्थित नहीं हो पाएंगी। उन्होंने कहा था कि वह पांच नवंबर के बाद ही पेश हो सकेंगी।

समिति ने कहा कि वह इसके बाद तारीख और आगे बढ़ाने के उनके किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं करेगी। इस मामले के संदर्भ में बृहस्पतिवार को वकील जय अनंत देहाद्रई और दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ आचार समिति को 'मौखिक साक्ष्य" सौंपे थे।

प्रधानमंत्री ने रोजगार मेला में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी बनाए हुए हैं : मोदी

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित रोजगार मेले युवाओं के भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी बनाए हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने गए युवा रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय सहित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालयों और विभागों में सरकार में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान देशभर के 37 स्थान मेले से जुड़े रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेलों की यात्रा एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गई है, क्योंकि रोजगार मेले पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए थे। तबसे निरंतर केंद्र शासित और एनडीए शासित राज्यों में विभिन्न रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, दिवाली में

अभी कुछ समय बाकी है लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वाले 50 हजार युवाओं के परिवार के लिए ये मौका दिवाली से जरा भी कम नहीं है।

मोदी ने कहा कि सरकार न केवल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है बल्कि परीक्षा प्रक्रिया का पुनर्गठन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी चयन चक्र के तहत भर्ती में लगने वाला समय भी घटाकर आधा कर दिया गया है। एसएससी के तहत कुछ परीक्षाओं के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परीक्षाएं अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं, जिससे उन उम्मीदवारों के लिए भाषा की बाधा को तोड़ना आसान हो गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले पारंपरिक क्षेत्रों को मजबूत कर रही है, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, स्वचालन और रक्षा निर्यात जैसे नए क्षेत्रों को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने ड्रोन प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नए रास्ते खोलने का भी जिक्र किया और इसकी मदद से किए जा रहे फसल मूल्यांकन और पोषक तत्वों के छिड़काव का उदाहरण दिया।

प्रधानमंत्री ने खादी के पुनरुत्थान का जिक्र करते हुए कहा कि खादी की जो चमक पहले खो गई थी, वह अब वापस आ गई है। उन्होंने बताया कि 10 साल पहले के महज 30 हजार करोड़ की तुलना में अब खादी ने 1.25 लाख करोड़ से अधिक की बिक्री दर्ज की है। इससे खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में कई नौकरियां पैदा हुई हैं, विशेषकर महिलाओं को लाभ हुआ है।

भाजपा ने उमा भारती को नहीं बनाया एमपी के लिए स्टार प्रचारक

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के बयानों से नाराज पार्टी आलाकमान ने उन्हें मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव में प्रचार करने के लिए स्टार प्रचारक नहीं बनाया है। भाजपा द्वारा मध्य प्रदेश के लिए जारी किए गए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुकी उमा भारती का नाम शामिल नहीं किया है। पार्टी द्वारा जारी किए गए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिव प्रकाश, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, सत्यनारायण जटिया, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैलाश विजयवर्गीय, अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, नरेंद्र सिंह तोमर, स्मृति ईरानी, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार खटीक, अनुराग ठाकुर, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रहलाद पटेल, एसपी सिंह बघेल, नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह आर्य और गणेश सिंह का नाम शामिल है। भाजपा ने मध्य प्रदेश के चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों- केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक के अलावा मनोज तिवारी और गोपाल भार्गव को भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है।

सूरत में आर्थिक तंगी से परेशान एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने की सामूहिक आत्महत्या

सूरत, **एजेंसी।** गुजरात के सूरत से दिल को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां आर्थिक तंगी के चलते एक परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। मृतकों में माता-पिता, पति-पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्ट्या इनमें 6 लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया जबकि एक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आर्थिक तंगी का जिक्र है।

पालनपुर जकातनाका के समीप विद्याकुंज स्कूल के पीछे सिद्धेश्वर अपार्टमेंट के सी-2 ब्लॉक में शनिवार सुबह दिल-दहलाने वाली घटना सामने आई। मनीष सोलंकी नामक फर्नीचर और बिल्डिंग के कांट्रेक्टर का घर का दरवाजा शनिवार सुबह देर तक नहीं खुला तो पड़ोसियों ने मनीष के रिश्तेदारों को सूचना दी। रिश्तेदारों ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में जब दरवाजा खोला गया तो घर के अंदर 7 शव इधर-उधर पड़े थे। इनमें 6 सदस्यों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने की प्राथमिक जानकारी मिली है।

इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि आतंकवाद "हानिकारक" है और उसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं है तथा दुनिया को आतंकवादी कृत्यों को जायज ठहराने वालों की बातों को तवज्जो नहीं देनी चाहिए।

भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'आम नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखने' शीर्षक वाले जॉर्डन के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्ष-विराम और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने उस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष-विराम का आह्वान किया गया है, ताकि शत्रुता समाप्त हो सके।

प्रस्ताव के पक्ष में 121 देशों ने मत किया, 44 सदस्य मतदान से दूर रहे और 14 सदस्यों ने इसके खिलाफ वोट दिया। प्रस्ताव में पूरी गाजा पट्टी में आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का तत्काल, निरंतर, पर्याप्त और निर्बाध

प्रावधान करने की मांग की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने मतदान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि ऐसी दुनिया में जहां मतभेदों और विवादों को बातचीत से हल किया जाना चाहिए, इस प्रतिष्ठित संस्था को हिंसा का सहारा लेने की घटनाओं पर गहराई से चिंतित होना चाहिए।

पटेल ने कहा, "हिंसा जब इतने बड़े पैमाने और तीव्रता पर होती है, तो यह बुनियादी मानवीय मूल्यों का अपमान है।" उन्होंने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के साधन के रूप में हिंसा का इस्तेमाल भारी नुकसान पहुंचाता है और यह किसी भी टिकाऊ समाधान का मार्ग प्रशस्त नहीं करती।

झारखंड में फरेबियों की सरकार, इसको जाना चाहिए: जेपी नड्डा

हरमू मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन समारोह

एनसीआर समाचार

रांची (झारखंड)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि फरेबियों की सरकार है। सरकार में अपराध चरम पर है। भ्रष्टाचार में सरकार आकंठ डूबी हुई है। मुख्यमंत्री के पीछे ईडी पड़ी हुई है। यह ऐसी सरकार है, जहां शराब माफिया, लैंड-सैंड माफिया दनदना रहे हैं। ऐसी सरकार को जाना चाहिए।

नड्डा रांची के हरमू मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है। आदिवासियों को जितना नुकसान हेमंत की सरकार में हुआ है, उतना पहले

किसी दूसरी सरकार में नहीं हुआ है। इस सरकार का जाना तय है लेकिन झारखंड की भोली जनता एक बात समझ ले भाजपा की सरकार जब सत्ता पर बैठती है तो जनता की सेवा के लिए बैठती है। जब जेएमएम और कांग्रेस के लोग सत्ता पर बैठते हैं तो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं। शिव बारात को रोका जाता है।

हेमंत सरकार ने वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर आंख मूंद ली

जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा की सरकार और भाजपा के कार्यकर्ता जब सत्ता पर बैठते हैं, तो लोगों की सेवा के लिए बैठते हैं। लोगों के काम करने के लिए बैठते हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए बैठते हैं लेकिन जब झामुमो के लोग सत्ता पर बैठते हैं, तो वो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं। मेवा खाने के लिए बैठते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर आंख मूंद ली। वोट की राजनीति, धर्मांतरण पर मौन स्वीकृति देना यह बताता है कि वह वोट के लिए हर कुछ करने के लिए तैयार है। ये बताता है कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं सिर्फ वोट की चिंता है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंची

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार को 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई और आने वाले दिनों में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते इसके और भी खराब होने की आशंका है। यह जानकारी निगरानी एजेंसियों ने दी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दोपहर 12 बजे 301 दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार को यह 261 था।

पड़ोसी शहरों गाजियाबाद में एक्यूआई 286, फरीदाबाद में 268, गुरुग्राम में 248, नोएडा में 284 और ग्रेटर नोएडा में 349 दर्ज किया गया।

एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

दिल्ली के लिए केंद्र की वायु गुणवत्ता पूवार्नुमान प्रणाली के अनुसार, हवा की धीमी गति और रात के समय तापमान में गिरावट के कारण शहर की वायु गुणवत्ता 'बहुत

खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। इसने कहा कि महीने के अंत तक हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रहने की आशंका है।

प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियां और प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों के अलावा, पटाखों और धान की पराली जलाने से होने वाले उत्सर्जन के चलते, सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर में पहुंच जाती है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के विश्लेषण के अनुसार, एक नवंबर से 15 नवंबर तक राजधानी में प्रदूषण शीर्ष पर पहुंच जाता है जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता और मौसम पूवार्नुमान तथा अनुसंधान प्रणाली (सफर) जानकारी प्रदान नहीं कर रहा है और संबंधित अधिकारियों को इसका कारण नहीं पता है।

वेबसाइट का संचालन करने वाले भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के एक अधिकारी ने बताया, 'हमें नहीं पता कि सफर के पोर्टल पर अपडेट क्यों रुक गए हैं।

इसी तरह, 'डिसिजन सपोर्ट सिस्टम' के आंकड़े भी अब आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

हाल ही में, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण स्रोतों का पता लगाने के लिए दिल्ली सरकार के अध्ययन को डीपीसीसी अध्यक्ष अश्विनी कुमार के आदेश पर 'एकतरफा और मनमाने ढंग से' रोक दिया गया है।

दिल्ली सरकार ने पिछले महीने सर्दियों के मौसम के दौरान राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 15-सूत्री कार्ययोजना शुरू की थी।

शहर में धूल, वाहन और औद्योगिक प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान पहले से ही चल रहे हैं। वहीं, दिल्ली सरकार ने पिछले महीने शहर में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी थी।

सरकार ने नरेला, बवाना, मुंडका, वजीरपुर, रोहिणी, आर. के. पुरम, ओखला, जहांगीरपुरी, आनंद विहार, पंजाबी बाग, मायापुरी, द्वारका सहित पहचान किये गए अधिक प्रदूषण वाले कुल 13 जगहों के लिए प्रदूषण शमन योजना तैयार की है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा, सर्वाधिक प्रदूषित 13 स्थानों के अलावा आठ और ऐसे स्थानों की पहचान की है तथा प्रदूषण के स्रोतों पर लगाम लगाने के लिए वहां विशेष टीम तैनात की जाएंगी।

भारत ने इतिहास रचा, एशियाई पैरा खेलों में पूरे किये 100 पदक, पीएम ने दी बधाई

एनसीआर समाचार

हांगझू। भारतीय पैरा-एथलीटों ने शनिवार को इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना 100वां पदक जीता। भारत के लिए दिलीप महादु गावित ने स्वर्ण जीतकर भारत के लिए ऐतिहासिक 100वां पदक जीता।

गावित ने पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 49.48 सेकेंड के शानदार समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। पहली बार, भारतीय पैरा दल ने 100 पदक जीते हैं, जिससे यह उनका अब तक का सबसे सफल पैरा एशियाई खेलों का अभियान बन गया है। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 26 स्वर्ण, 29 रजत और 45 कांस्य पदक जीत लिया है। इससे पहले भारत ने जकार्ता में 2018 हुए पैरा खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य सहित 72 पदक जीते गए थे।

इस उपलब्धि पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी और कहा कि ये जीत सभी के लिए प्रेरणा होगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, एशियाई पैरा खेलों में 100 पदक! अद्वितीय खुशी का क्षण।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय :
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

फोन :
8888883968
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

इजराइल की थल सेना उत्तरी गाजा में घुसी

हमास की 150 सुरंगें और बंकर ध्वस्त, लेबनान को बेरूत एयरपोर्ट पर हमले की आशंका

तेल अवीव/यरुशलम/बेरूत। फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ी जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। इजराइल ने गाजा पट्टी पर दुनिया के जमीनी हमला न शुरू करने की अपील और कुछ देशों की चेतावनी की परवाह न करते हुए कदम आगे बढ़ाने शुरू कर दिए हैं।

रातभर हवाई हमलों के बाद युद्ध के 22वें दिन शनिवार को इजराइल की थल सेना साजो-सामान के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर गई। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।

इजराइली सेना के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बताया कि थल सेना ने टैंकों के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर लिया है। युद्धक विमानों ने रात को गाजा पट्टी में हमलाकर हमास की 150 सुरंगों और बंकरों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि लेबनान की तरफ से उनके सैन्य ड्रोन को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी गई। हमारे सुरक्षाबलों ने मिसाइल हमले को निष्प्रभावी कर दिया। हगारी ने कहा कि गाजा के आसपास के कस्बों में खतरे के सायरन बजाकर हमास के ठिकानों पर आज रॉकेट दागे गए हैं। सबसे ज्यादा रॉकेट मैगन कस्बे में दागे गए। इस दौरान इजराइल की सीमा में घुस रहे हमास के नौसैनिक कमांडर को ढेर कर दिया गया।

मुख्य सैन्य प्रवक्ता हगारी ने कहा कि इजराइली थल सेना गाजा में चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। अभी तक उनका कोई भी सैनिक हताहत नहीं हुआ है। इस दौरान हमास को भारी क्षति हुई है।

अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लेबनान के अधिकारियों ने शनिवार को बेरूत रफीक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आसपास के क्षेत्र के लिए चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि जल्द से जल्द इसे खाली कर दिया जाए। यह चेतावनी हाल ही में इजराइल की सेना और हिजबुल्लाह के आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद जारी की गई है। चेतावनी में यह भी कहा गया है कि हिजबुल्लाह ने 2006 में दो इजराइली सैनिकों को पकड़ लिया था। इसके बाद इजराइल ने इस हवाई अड्डे के रन-वे पर एयर स्ट्राइक की थी। इस बार भी वह कभी भी एयर स्ट्राइक कर सकता है।

इस बीच कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ इस युद्ध पर टेलीफोनिक चर्चा की है। शेख मोहम्मद ने कहा है कि कतर किसी भी बहाने से सामूहिक सजा को अस्वीकार्य करता है।

भारतीय मूल का पूर्व पुलिस कर्मी दुर्व्यवहार के मामले में दोषी करार दिया गया

लंदन, एजेंसी। लंदन महानगर पुलिस स्कॉटलैंड यार्ड में पूर्व में सार्जेंट के पद पर कार्यरत रहे भारतीय मूल के व्यक्ति को 'अनुचित व्यवहार' करने और पेशेवर मानकों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। उसके खिलाफ सुनवाई कर रहे अधिकारी ने कहा कि अगर वह इस समय सेवा में होता तो उसे बिना पूर्व चेतावनी बर्खास्त कर दिया जाता।

महानगर पुलिस में पूर्व सार्जेंट अनिश शर्मा लंदन के पश्चिमी क्षेत्र कमान में कार्यरत था और उसपर, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा, समानता व विविधता के पेशेवर मानकों का उल्लंघन करने और अपने व्यवहार में शिष्टता नहीं रखने का आरोप था।

शर्मा के खिलाफ शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई और पाया गया कि उसने उल्लेख किये गए इन सभी मानकों का उल्लंघन किया।

पश्चिम क्षेत्र कमान के पुलिसिंग प्रभारी मुख्य अधीक्षक सीन विल्सन ने कहा, "शर्मा की हरकतें भयावह और कायरतापूर्ण, दोनों थीं। उसने गिरफ्तारी और पूछताछ से पहले कई संदेशों को हटाने से पहले तीसरे पक्ष के साथ अनुचित संवाद किया।"

पुलिस के मुताबिक, 30 जुलाई 2021 को शर्मा टेम्स वैली इलाके में आयोजित पार्टी में शामिल हुआ। अनुचित तरीके से छूकर यौन उत्पीड़न करने के संदेह में उसे 31 जुलाई 2021 को टेम्स वैली पुलिस ने गिरफ्तार किया और ड्यूटी से निलंबित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि शर्मा के खिलाफ आपराधिक जांच आगे की कार्रवाई के बगैर बंद कर दी गई और उसके खिलाफ वृहद दुर्व्यवहार की सुनवाई शुरू की गई। शर्मा ने इस साल तीन अप्रैल को पुलिस विभाग से इस्तीफा दे दिया।

वृहद दुर्व्यवहार सुनवाई के निष्कर्षों के बाद शर्मा का नाम प्रतिबंधित सूची में डाल दिया गया है। इसका अभिप्राय यह है कि वह आगे ब्रिटेन के किसी भी पुलिस बल में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

आम चुनाव तक तमिलनाडु के राज्यपाल को न बदलें: स्टालिन

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ह्यअनुरोधह्न करते हुए तंज कसा कि वे राज्यपाल आर.एन. रवि को कम से कम 2024 के लोकसभा चुनाव तक उन्हें उनके पद से स्थानांतरित न करें।

सत्तारूढ़ द्रमुक के द्रविड़ मॉडल शासन की आलोचनाओं को लेकर राजभवन पर हमला करने के बाद मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री से यह 'अनुरोध' किया।

गौरतलब है कि द्रमुक सरकार और राजभवन कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं, जिनमें सनातन धर्म, राज्य विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना और एक गिरफ्तार मंत्री को बिना विभाग के कैबिनेट में बनाए रखना शामिल है।

द्रमुक और उसके सहयोगी भी राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करने लगे और मांग को दबाने के लिए संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया।

श्री स्टालिन ने शुक्रवार को यहां द्रमुक पार्टी के एक पदाधिकारी के परिवार में एक शादी के आयोजन में कहा, ह्लहमारे पास बहुत सारे फायदे हैं। श्री रवि जो कहना चाहते हैं वह कह सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेंगे। हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो साझा किया जा रहा है उसका अनुसरण कर रहे हैं।

श्री स्टालिन ने राज्यपाल पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए कहा, द्रविड़ विचारधारा की सफलता इस तथ्य में निहित है कि इसने ऐसे लोगों को इसके बारे में बात करने के लिए प्रेरित किया है।

अपने भाषण को समाप्त करने से पहले, श्री स्टालिन ने द्रमुक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपनी सतर्कता कम न करें, कड़ी मेहनत करें और एकजुट रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके नेतृत्व वाला मोर्चा पुडुचेरी की एक सीट समेत सभी 40 सीटें जीतें ।

उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए बेंगलुरु में हुए 4600 करोड़ के एमओयू

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विभिन्न क्षेत्रों की 18 कंपनियों के मध्य शनिवार को बेंगलुरु रोड शो में कुल 4600 करोड़ के एमओयू हुए। इस दौरान निवेशकों को उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं पर आधारित एक प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया।

होटल ताज वेस्ट एन्ड में आयोजित रोड शो के दौरान लॉकहीड मार्टिन, डसॉल्ट और इंफोसिस जैसे तीन वैश्विक व्यापार समूहों के वरिष्ठतम प्रबंधन की उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों से राज्य में निवेश के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा हुई। इन समूहों ने उत्तराखंड में निवेश की लिए अति उत्साह दिखाया।

इस मौके पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड राज्य ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक पहचान स्थापित की है। राज्य सरकार ने निवेश के लिये फोकस सेक्टरों की पहचान की है, जो कि राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे

पर्यटन एवं आतिथ्य, आयुष एवं वेलनेस, फिल्म शूटिंग तथा खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल्स, फार्मा के साथ-साथ आने वाले क्षेत्रों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी की मजबूती के लिये एक सम्मिश्रण है। राज्य में टाटा, अशोक लीलैण्ड, बजाज, हीरो होण्डा, महेन्द्रा जैसे उद्योग समूह के प्लांट स्थापित हैं और हरिद्वार और पन्तनगर देश के एक प्रमुख ऑटो हब के रूप में विकसित हुआ है।

मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भी फार्मा हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उत्तराखंड नैसर्गिक रूप से एक जैविक राज्य है, जहां लगभग 1.52 लाख हेक्टेयर भूमि जैविक रूप से प्रमाणित है। राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वैश्विक ब्राण्ड के साथ-साथ देश के प्रतिष्ठित ब्राण्ड यथा नेस्ले, ब्रिटानिया, हल्दीराम, पार्ले, डाबर, आईटीसी आदि की इकाइयां स्थापित हैं। राज्य में दो मेगा फूड पार्क और चार फूड क्लस्टर स्थापित हैं।

हमारी सरकार राज्य के उत्पादित कृषि उपज को जैविक प्रमाणीकरण के साथ-साथ 9 उत्पादों के जीआई प्रमाणीकरण प्राप्त किये हैं। 18 अन्य उत्पाद के जैविक प्रमाणीकरण शीघ्र ही प्राप्त हो जायेंगे।

उद्योग संवर्द्धन और आन्तरिक व्यापार विभाग की लीड्स रैंकिंग में वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तराखंड राज्य एचीवर्स श्रेणी में शामिल है। इसी प्रकार स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर श्रेणी में शामिल है। नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2022 के निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखंड राज्य सम्पूर्ण देश में 9वें स्थान पर, जबकि हिमालयी राज्यों में प्रथम स्थान पर है।

मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य गठन के पश्चात हमने उत्तराखंड को आयुष के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया है।सरकार अनुसंधान और विकास संस्थानों और प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ मिलकर औषधीय पौधों और अनुप्रयोगों तथा योग के व्यवसायिक उत्पादन में अनुसंधान एवं शोध कर रही है।

एक नजर

मिस्र में तेल रिसाव से कई वाहन आग की चपेट, 35 लोगों की मौत

काहिरा। मिस्र के बेहेरा गवर्नरेट में शनिवार को एक वाहन से तेल रिसाव होने से कई वाहन आग की चपेट में आ गये जिससे कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 53 अन्य घायल हो गए। सरकारी अहराम अखबार ने यह जानकारी दी।

सुरक्षा जांच से पता चला कि दुर्घटना बेहेरा के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी सड़क पर उस वक्त हुई, जब कई वाहन अपने यथा स्थान पर जा रहे थे। उसी दौरान, एक वाहन से तेल रिसाव के कारण उसमें आग लग गयी और पीछे से आ रहे अन्य वाहन आपस में टकरा गए और आग की चपेट में आ गए। इसमें करीब 35 लोगों की मौत हो गयी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, त्रासदी की आपराधिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। गौरतलब है कि मिस्र में तेज गति, सड़कों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के ढीले कार्यान्वयन के कारण सड़क दुर्घटनाओं में हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है। पिछले कुछ वर्षों में, मिस्र ने यातायात दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने सड़क नेटवर्क को उन्नत किया है।

कजाकिस्तान के खदान में लगी भीषण आग, 21 लोगों की मौत

अस्ताना। कजाकिस्तान के कारागांडा क्षेत्र में स्थित कोस्टेंको खदान में भीषण आग लगने से करीब 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हैं। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने आर्सेलरमित्तल टेमिरटाउ कंपनी के हवाले से बताया कि अब तक 21 खनिकों के शव मिल चुके हैं और 23 खनिक खदान में फंसे हुए हैं। करीब 18 घायल खनिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बचाव अभियान जारी था। गवर्नर यरमगनबेट बुलेकपायेव ने कहा कि घटना के वक्त खदान के अंदर 252 लोग मौजूद थे। कुल 208 खनिकों को निकाला गया है।

ठाणे जिले में गोदाम में लगी आग, कोई हताहत नहीं

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शनिवार को एक गोदाम में आग लग गई जिसमें परित्यक्त सौंदर्य प्रसाधन रखा हुआ था। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। भिवंडी-निजामपुर नगर निगम (बीएनएमसी) के अग्निशमन अधिकारी खलील दरेकर ने बताया कि भिवंडी और कल्याण शहरों के बीच सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक गोदाम में आग लग गई। उन्होंने बताया कि बीएनएमसी से चार गाड़ियों और कल्याण से सात गाड़ियों समेत दमकल की 11 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है।

विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी, प्राथमिकी दर्ज

जींद। जिले के नरवाना शहर थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से कथित तौर पर आठ लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता पवन मूल रूप से पानीपत जिले का रहने वाला है और नरवाना में कपड़े की दुकान चलाता है। उन्होंने बताया कि पवन ने शिकायत की है कि पंजाब के मोगा निवासी सोमदत्त ने उससे कहा कि वह युवकों को काम के लिए विदेश भेजता है। पवन के मुताबिक वह झांसे में आ गया और चार युवकों को जर्मनी भेजने के लिए आठ लाख रुपये दे दिए। शिकायतकर्ता के मुताबिक सोमदत्त ने न तो युवकों को जर्मनी भेजा और न ही पैसे वापस किए। साथ ही रुपये मांगने पर सोमदत्त ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। नरवाना शहर थाना के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

तमिलनाडु में 6 करोड़ 11 लाख मतदाता

चेन्नई। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार, तमिलनाडु में 6.11 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। ईसीआई ने तमिलनाडु की एकीकृत मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की। इसमें बताया गया कि 6.11 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 3, 10, 54, 571 महिलाएं, 3, 00, 68, 610 पुरुष और 8, 016 तीसरे लिंग के लोग शामिल हैं। यह संख्या इस मई में प्रकाशित मसौदा सूची से कुछ हजार कम है। एकीकृत ड्राफ्ट रोल सभी जिलों में निर्दिष्ट स्थानों (ज्यादातर मतदान केंद्रों, जो स्कूल भवन हैं) में प्रकाशित किए गए हैं और ईसीआई पोर्टल पर भी हैं। ड्राफ्ट रोल जारी करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा दो प्रतियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सौंपी जाएंगी। प्रकाशित सूची के अनुसार, चेंगलपट्टू जिले के शोलिंगनल्लूर विधानसभा क्षेत्र में 6, 52, 065 के साथ राज्य में सबसे अधिक मतदाता हैं, जिनमें 3, 25, 279 महिलाएं और 110 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। नागापट्टिनम जिले के किलवेलूर में सबसे कम 1, 69, 030 मतदाता हैं, जिनमें 85, 591 महिलाएं और तीन तीसरे लिंग के लोग शामिल हैं।

आतंकवाद का भी ग्राफ शून्य पर आ रहा है : सिंह

लेथपोरा (पुलवामा)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने पांच साल का रिपोर्ट-कार्ड पेश करते हुए कहा है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून व्यवस्था की घटनाएं और शून्य नागरिक हताहत हुए हैं जबकि आतंकवाद का ग्राफ भी शून्य पर आ रहा है।

श्री सिंह ने पुलवामा जिले के सीटीसी लेथपोरा, पंपोर में 307 अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए इस आशय का दावा किया। उन्होंने कहा कि 'जीरो' शब्द पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में सबसे

लोकप्रिय है।

डीजीपी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पांच साल के रिपोर्ट कार्ड से पता चलता है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून और व्यवस्था की घटना और शून्य नागरिक हताहत हुआ है। निवर्तमान पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद का ग्राफ जिसने जम्मू-कश्मीर को बदनाम किया, वह भी शून्य पर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल 43 थानों को नवीनतम हथियारों और आतंकवाद विरोधी टीमों से लैस करने के लिए ऑपरेशन कैपेसिटी बिल्डिंग शुरू की गई है। उन्होंने कहा, पहले चरण में, हमने 21 थानों को कवर किया और आज, शेष 22 पुलिस स्टेशनों के लिए टीमें लॉन्च की गई हैं। इन थानों को जीरो टेरर प्लान के तहत कवर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले में तीन आतंकी घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 36 थानों ने 100 प्रतिशत आतंक मुक्त रिकॉर्ड दिखाया।

उन्होंने कहा, ओपी क्षमता निर्माण के तहत आने वाले थानों में आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए ड्रोन की उपलब्धता, नवीनतम हथियार और प्रत्येक में 14 सदस्यीय दस्ता होगा। इन नई टीमों की मदद से क्षेत्र का वर्चस्व और मजबूत होगा।

पुलिस प्रमुख ने कहा कि कुपवाड़ा के माछिल में पांच आतंकवादियों के मारे जाने का मतलब है कि दुश्मन जम्मू-कश्मीर में शांति को बाधित करना जारी रखे हुए हैं।

केरल सहकारी संशोधन विधेयक पर राज्यपाल की आशंकाएं दूर की गई : मंत्री

कोट्टयम (केरल), एजेंसी। केरल सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने विधानसभा से हाल में पारित केरल सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा मांगी गई जानकारी पर विस्तृत जवाब दे दिया है। राज्य के सहकारी मंत्री वी. एन. वसावन ने दावा किया कि विधेयक को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता का माहौल अब समाप्त हो गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "राज्यपाल द्वारा जल्द ही विधेयक को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है।" मंत्री ने आगे कहा कि राज्य विधानसभा ने सहकारी क्षेत्र में विस्तृत स्तर पर बदलाव लाने के लिए विधेयक पारित किया है। केरल विधानसभा ने पिछले महीने संबंधित विधेयक पारित किया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जमाकताओं का धन अधिक सुरक्षित रहे। सरकार यह विधेयक करोड़ों रुपये के करुवन्नूर बैंक घोटाले के बाद लेकर आई है। विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया है। राज्यपाल खान को संशोधन विधेयक में टीम ऑडिट और कार्यकाल की अवधि सहित विभिन्न पहलुओं को लेकर शिकायत मिली थी, जिसके बाद उन्होंने सहकारी विभाग से सफाई मांगी थी।

सीआईडी चंद्रबाबू के खिलाफ सबूत पेश करने में विफल: लोकेश

राजमुंदरी, एजेंसी। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश ने दावा किया है कि आंध्र प्रदेश में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पुलिस तेदेपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज कौशल विकास घोटाला मामले में सबूत पेश करने में विफल रही है।

श्री नायडू के पुत्र नारा लोकेश ने अपनी मां एन भुवनेश्वरी के साथ शनिवार को यहां सेंट्रल जेल में अपने पिता से मुलाकात की।

श्री लोकेश ने बाद में मीडिया से बात करते हुए सरकार को चुनौती दी कि अगर उनके पास कौशल विकास मामले में श्री चंद्रबाबू नायडू की संलिप्तता के बारे में सबूत हैं तो वह लोगों के सामने रखे।

इस बात पर अफसोस जताते हुए कि पिछले 50 दिनों से उनके पिता केंद्रीय जेल में हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी नेताओं ने संस्थानों को प्रबंधित किया, यही कारण है कि पूर्व मुख्यमंत्री कोई गलती नहीं करने के बावजूद जेल में हैं।

श्री लोकेश ने दोहराया कि न तो उनके परिवार के सदस्य और न ही दोस्त कौशल विकास घोटाले में शामिल हैं।

वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर श्री नायडू के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से काम करने का आरोप लगाते हुए श्री लोकेश ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता कह रहे हैं कि उनकी मां को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा, ह्लवाईएसआरसीपी के एक सांसद ने खुले तौर पर घोषणा की कि अगर जगन मोहन रेड्डी अगले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आए, तो श्री चंद्रबाबू नायडू मा जाएंगे। हमारा संस्थानों पर से विश्वास उठ गया है।ह्व

तेदेपा नेता ने भड़कते हुए कहा कि श्री चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करके श्री रेड्डी परपीड़क खुशी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख को 50 दिनों के लिए केंद्रीय जेल में कैद करना एक अमानवीय कृत्य बताया।

भाजपा राजस्थान में किसान नेतृत्व समाप्त करना चाहती है इसलिए डलवाये ईडी के छापे : प्रकाश

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस के प्रवक्ता कांग्रेस कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य मोहन प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पीछे छिपकर राजनीतक विरोधियों पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राजस्थान में ईडी के छापे इसलिए डाले जा रहे है क्योंकि वे किसान नेतृत्व को समाप्त करना चाहते हैं।

श्री प्रकाश ने शनिवार को यहां प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर चुनाव जनता के भरोसे नहीं, एजेंसी के भरोसे लड़ना चाहने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को अपना नाम बदलकर ईडी पार्टी रख ले चाहिए। क्योंकि पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए भाजपा नेताओं ने जितने दौरे नहीं किए, उतने दौरे ईडी ने किए। कर्नाटक में चुनाव हुआ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार को उनके चुनाव नामांकन दाखिल करने के दिन दिल्ली में हाजिर होने का नोटिस

भेजा गया। उसके बाद ताबड़तोड़ रेड होती रही और वह भी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता ईडी पार्टी को जवाब दे दिया।

उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी जनता ने जवाब दे दिया। जब उत्तरप्रदेश में चुनाव था तभी समाजवादी पार्टी के नेताओं के वहां छापे डाले गए। इसी तरह अन्य राज्यों में भी चुनाव आचार संहिता लगने के बाद ईडी पार्टी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन राजस्थान का मामला अलग है और यहां सोची समझी रणनीति के तहत ईडी के छापे की कार्रवाई की जा रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि जो दिखाई पड़ रहा कि भाजपा और श्री मोदी यह चाहते हैं राजस्थान में किसान नेतृत्व समाप्त हो जाये। इसी कारण इनके खुद के प्रदेश अध्यक्ष को पद से हटाया गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा गोविंद सिंह डोटासरा जो एक किसान के बेटे हैं उन्हें अपमानित करने के लिए ईडी की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष का कंप्यूटर खंगाला गया और उसको पेन ड्राइव में ले जाया गया। वे चाहते थे कि कांग्रेस की रणनीति उन्हें पूरी मालूम पड़ जाये, इसलिए डाटा चोरी करना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि ईडी तो एक केन्द्रीय एजेंसी हैं, अन्य राज्यों में इस तरह की कार्रवाई क्यों नही की गई, कार्रवाई तो सब जगह करनी चाहिए जहां करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को झुका नहीं पाये, इसलिए अब जब चुनाव चल रहा है तब उनके बेटे को समन भेज दिया गया और वह भी 12 साल के पुराने मामले में। उन्होंने कहा कि ये लोग एजेंसी के पीछे छिपकर राजनीतिक विरोधियों पर प्रहार करते हैं। श्री मोदी को ईडी सीबीआई के पीछे छुपकर वार नहीं करना चाहिए।

उन्होंने गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस गारंटी शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रही है क्योंकि भाजपा पार्टी विशेषकर श्री मोदी ने वायदा शब्द का अवमूल्यन कर दिया। इससे इसका अर्थ खत्म हो गया हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस गारंटी शब्द का इस्तेमाल हर राज्यों में कर रही है क्योंकि यह एक दिशा हैं कि सरकार किस दिशा में जा रही है।

युवती की पांच गोलियां मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

शादीशुदा बड़े भाई से थीं युवती की नजदीकियां, छोटे भाई ने रास्ते से हटाने के लिए कर दी हत्या

❍ घर के दरवाजे पर दिया वारदात को अंजाम, युवती के भाई पर भी चलाई दो गोलियां, बाल-बाल बचा

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के जैतपुर में शुक्रवार रात पूजा यादव (24) की घर के दरवाजे पर पाच गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद पूजा के भाई ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो उस पर भी दो गोलियां चला दीं। भाई बाल-बाल बच गया। बाद में आरोपी मौके पर बिना नंबर की बाइक छोड़कर फरार हो गया। खून से लथपथ युवती को अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। देर रात पुलिस ने आरोपी रॉकी (31) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पूजा की रॉकी के शादीशुदा बड़े भाई कृष्ण प्रधान से नजदीकियां थीं। यह रॉकी व परिवार को पसंद नहीं था। पूजा से पीछा छुड़ाने के लिए रॉकी ने हत्या कर दी। मामले में कुछ और लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। जैतपुर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पूजा परिवार के साथ एकता विकार, ज्ञान मंदिर रोड, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-1 में रहती थी। परिवार में पिता राम विष्णु यादव, मां आशा यादव और भाई मनोज कुमार हैं। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे वह घर के गेट पर खड़ी थी। इस बीच बाइक सवार नकाबपोश वहां पहुंचा और आवाज देकर पूजा को बुलाया। पूजा ने उसकी ओर देखा तो आरोपी ने पिस्टल निकालकर पर छाती, पेट व हाथ में पांच गोलियां मार दीं। आवाज सुनकर मनोज बाहर निकला तो आरोपी बाइक से भागने लगा। मनोज के पीछा करने पर आरोपी ने दो गोलियां चला दीं और जल्दबाजी में बाइक छोड़कर फरार हो गया।

जैतपुर में युवती को गोली मारने की सूचना मिली थी। रात 10:03 बजे अस्पताल से उसकी मौत की खबर मिली। फिलहाल, छानबीन में पता चला है कि कृष्ण प्रधान से नजदीकियों की वजह से भाई रॉकी ने उसकी हत्या की। मामले की जांच जारी है।
दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव

ऐसे आरोपी तक पहुंची पुलिस

घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की बिना नंबर की बाइक बरामद हुई। इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर पुलिस बाइक मालिक नरेंद्र के पास पहुंची। नरेंद्र घर से गायब मिला। घर पर मां मिली। उसने बताया कि नरेंद्र की बाइक दोस्त रॉकी मांगकर ले गया था। पुलिस बसंतपुर, फरीदाबाद घर पहुंची तो रॉकी नहीं मिला। घर पर बड़ा भाई कृष्ण प्रधान (37) मिला। उसने बताया कि पूजा की उससे नजदीकियां थीं। यह बात परिवार को पसंद नहीं थी। घर में लड़ाई-झगड़े हो रहे थे। इस कारण भाई ने पूजा की हत्या की। बाद में पुलिस ने रॉकी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पिस्टल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

डेढ़ साल से नौकरी कर रही थी पूजा

पूजा के पिता निजी कंपनी में कार चालक हैं। भाई मनोज ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता है। पूजा ने एक निजी संस्थान से स्किन ट्रीटमेंट का कोर्स किया था। इसके अलावा वह डेढ़ साल से कृष्ण प्रधान के प्रॉपर्टी डीलिंग के दफ्तर पर काम कर रही थी। कृष्ण का बदरपुर, जैतपुर के अलावा फरीदाबाद में प्रॉपर्टी का कारोबार है। पूजा कृष्ण के कारोबार में हाथ बंटाती थी। हालांकि, अभी कृष्ण के परिवार के विरोध की वजह से डेढ़ माह से पूजा कृष्ण के दफ्तर नहीं आ रही थी। कृष्ण लगातार उस पर दफ्तर आने का दबाव बना रही थी।

इज्जत के खातिर हुई पूजा की हत्या

पूजा से नजदीकियां बढ़ने के बाद समाज में कृष्ण के परिवार की बदनामी हो रही थी। कृष्ण के चार बच्चे हैं। परिजनों ने उसे खूब समझाया भी था। परिवार के दबाव पर पहले पूजा ने नौकरी छोड़कर दूसरी जगह ज्वाइन भी कर लिया था, लेकिन बाद में कृष्ण के दबाव और ज्यादा वेतन देने की बात कहकर वह दोबारा से काम के लिए आ गई थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कृष्ण से पूजा की लगातार नजदीकियां परिवार को पसंद नहीं थी। कृष्ण की मां और पत्नी भी झगड़ा करती थीं। ऐसे में रॉकी ने पूजा की गुस्से में हत्या कर दी। मामले में नरेंद्र और कृष्ण की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

ठग सुकेश ने केजरीवाल, सत्येंद्र जैन पर धमकी का आरोप लगाया; उपराज्यपाल से की शिकायत

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सोना को एक और पत्र लिखकर आरोप लगाया कि उन्हें, उनके परिवार के सदस्यों और उनके वकील को पिछले दो महीने से आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों, मुख्य रूप से सत्येन्द्र जैन और अरविंद केजरीवाल से लगातार धमकी मिल रही है।

मंडोली जेल में बंद सुकेश ने अपने शिकायती पत्र में कहा, "यह मुझे, मेरी मां और मेरे वकील को पिछले दो महीने से आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि, मुख्य रूप से श्री सत्येन्द्र जैन और श्री अरविंद केजरीवाल और कई अज्ञात व्यक्तियों तथा जेल के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार मिल रही धमकियों के संबंध में एक जरूरी शिकायत है।

"मुझे अपने जीवन के लिए गंभीर खतरे की आशंका है क्योंकि मैंने केजरीवाल, सत्येन्द्र जैन और उनके कुछ सहयोगियों के खिलाफ अदालत के साथ-साथ दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति के समक्ष 164 के बयान दिए हैं।"

पत्र में उन्होंपने आरोप लगाया, "अब चूंकि मामले को जांच के लिए और सबूत सौंपने के लिए कहा गया है, मुझे ऐसा करने से रोकने और धारा 164 और धन शोधन कानून की धारा 50 में, और उच्चाधिकार प्राप्त समिति के तहत उनके खिलाफ दिए गए सभी बयानों को वापस लेने के लिए लगातार धमकियां दी जा रही हैं। ऐसा न करने पर अधिकारियों द्वारा मुझे जेल में मार दिया जाएगा/जहर दे दिया जाएगा क्योंकि जेल प्रशासन आप की दिल्ली सरकार के अधीन है। उसने कहा, "मुझे पहले भी जेल अधिकारियों द्वारा लगातार धमकी दी गई थी, और फिर मेरे वकील अनंत मलिक को धमकी भरे फोन आए और उसके बाद मेरी मां को उन्हीं नंबरों से धमकी भरे संदेश मिले। उन्हें भी सत्येन्द्र जैन की पत्नी पूनम जैन के नंबर से कई कॉल आए।"

सुकेश ने दावा किया, "मेरे वकील ने उन्हें प्राप्त धमकी भरे कॉल की वॉयस रिकॉर्डिंग सौंपी थी, जिसमें दावा किया गया था कि फोन करने वाला सीएम अरविंद केजरीवाल और सत्येन्द्र जैन का सहयोगी था। फोन करने वाले ने धमकी दी है कि अगर मैंने उनके साथ सहयोग नहीं किया तो अधिकारियों द्वारा मुझे जेल में मार दिया जाएगा। मेरे वकील ने इसकी शिकायत दिल्ली के पुलिस आयुक्त और केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यालय से भी की थी।

"अब चूंकि मेरी मां को धमकी भरे संदेश लगातार भेजे जा रहे हैं, और संदेश में कहा गया है कि अगर मैंने आप के खिलाफ अपने पास मौजूद सभी सबूतों को जेल के डीआईजी, अधीक्षक या कानून विभाग को नहीं सौंपा तो मुझे मंडोली की दूसरी जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और जहर दे दिया जाएगा।

सुकेश ने कहा, "महाशय, मैं विनम्रतापूर्वक इस शिकायत का तत्काल संज्ञान लेने और इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध कर रहा हूं जो केजरीवाल और सत्येन्द्र जैन के निर्देश पर लगातार धमकियां भेज रहे हैं क्योंकि वे तथा उनके सहयोगी उन्हें और उनके साथ 2014 से म?रे वित्तीयय संबंधों को बेनकाब करने से मुझे रोकने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं।

सैर करने वाली महिलाओं को लूटने वाले तीन दबोचे

❍ लूट के माल के खरीदार को गाजियाबाद से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। द्वारका साउथ के पार्क में सुबह सैर करने गई महिलाओं को लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक खरीदार को भी दबोच लिया है। इनके कब्जे से पुलिस ने कान की दो बालियां और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। बदमाशों ने बताया कि उन पर काफी कर्ज है, जिसे खत्म करने के लिए वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश पर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 3 अक्तूबर को तड़के सेक्टर-6 द्वारका के डीडीए पार्क में लूटपाट की सूचना मिली थी। मौके पर सेक्टर-6 द्वारका निवासी प्रेम शर्मा (69) मिलीं। उन्होंने बताया कि वे रोज सैर करने के लिए पार्क में आती हैं। घटना वाली सुबह में अन्य महिलाओं के साथ सैर कर रहीं थीं। इसी दौरान तीन बदमाश साथ चल रही महिला से कान की बाली लूटने लगे। यह देखकर उन्होंने शोर मचाया। बदमाशों ने महिला से लूटपाट करने के बाद उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और उनके कान से भी सोने की बाली लूटकर फरार हो गए। द्वारका साउथ थाने में तैनात हवलदार प्रवीण यादव के नेतृत्व में टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू की। पुलिस ने 45 से ज्यादा सीसीटीवी की जांच कर बदमाशों के रास्तों का विश्लेषण किया। कैमरे में कैद बदमाशों की पहचान के लिए मुखबिरों की मदद ली गई। 9 अक्तूबर को पुलिस ने गुप्त सूचना पर हिमांशु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि अमित लूट का मास्टरमाइंड है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अमित और यश को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन पर कई लोगों का कर्ज था। इससे उबरने के लिए उन्होंने द्वारका के एक होटल में बैठकर लूट की साजिश रची।

एक सप्ताह पहले हुई लूट में मुरादाबाद से मुकीम गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। नंदनगरी में एक सप्ताह पहले कारोबारी से हुई पांच लाख रुपये की लूट के मामले में अपराध शाखा ने जयंतीपुर, मुरादाबाद निवासी मुकीम उर्फ शब्बू उर्फ फोडू (27) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अगस्त में लूटी गई बाइक बरामद की है। पुलिस को पता चला है कि आरोपी ने 2017 में हर्ष विहार में युवक की हत्या कर दी थी। मामले में गिरफ्तार होने के बाद कोविड के दौरान आरोपी पैरोल लेकर बाहर आया था। इसके बाद उसने दोबारा कभी सरेंडर नहीं किया। बाद में साथी जय उर्फ अंकित के साथ मिलकर लूटपाट करने लगा।

अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि 20 अक्तूबर को पीड़ित कारोबारी ने सेवाधाम रोड, मंडोली बैंक से पांच लाख रुपये निकलवाए थे। इस बीच बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर लूट लिया था। नंद नगरी थाना पुलिस के अलावा अपराध शाखा ने भी इस केस की जांच शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस के अलावा सीसीटीवी फुटेज से पड़ताल की गई। इस बीच टीम को खबर मिली कि लूटपाट करने वाला आरोपी मुरादाबाद में छिपा हुआ है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

डॉ. वेद प्रकाश टण्डन को महर्षि वाल्मीकि श्री राम रत्न सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी। त्रिकालदर्शी रामायण रचयिता आदि कवि भगवान वाल्मीकि जी के भव्य एवं अति विशाल मेले का आयोजन ऐतिहासिक रूप में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जापानी पार्क, रोहिणी में हुआ।

मेले के मुख्य संयोजक दिल्ली प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी कर्म सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इसमें संपूर्ण भारत से लाखों की संख्या में सर्व समाज अपनी एकजुटता का परिचय देने उपस्थित हुआ। उल्लेखनीय है कि वाल्मीकि समाज चेतना संगठन दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन होता है, जिसमें मुख्य संयोजक कर्म सिंह प्रतिवर्ष अपनी भव्यता के साथ

वाल्मीकि मेला आयोजित करते हैं।

डॉ. भरत झा ने कहा कि इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला समिति के अध्यक्ष, धर्मनिष्ठ शिक्षाविद डॉ. वेद प्रकाश टण्डन को सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक और भारत में पहली बार स्कूली छात्रों द्वारा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रामलीला मंचन के संयोजन के लिए भारत की सर्व श्रेष्ठ रामलीला मंचन के लिए महर्षि वाल्मीकि श्री राम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

कर्म सिंह ने कहा कि इस बार आयोजन को एक दिन भगवान वाल्मीकि जी के नाम शीर्षक देने का सार्थक प्रयास हुआ है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण, डॉ. हर्षवर्धन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दयानन्द पद्म श्री रमेश पतंगी, संत शिरोमणि दाती जी महाराज, गोविंदाचार्य, महर्षि रमण त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कर्म सिंह ने कहा कि वाल्मीकि मेले के इस आयोजन को अत्यंत भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है, जिसमें विश्व प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल (चंडीगढ़), कृष्णा संबरा, टी-सीरीज फ्रेम गायक कीर्तिमान की मधुर आवाज में भजनों की अमृत वर्षा की गई।

महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर लाल किला से निकाली गई शोभायात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव के पावन पर्व पर वाल्मीकि चौधरी सरपंच कमेटी (दिल्ली प्रदेश) व महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी (दिल्ली प्रदेश) के तत्वावधान में आज हर वर्ष की भांति लाल किले से विशाल शोभा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, विशेष रुप से उपस्थित थे। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठीया अस्वस्थता के कारण नहीं आ पाए, उन्होंने अपनी ओर से समाज को शुभकामनाएं दी। दिल्ली के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक उपस्थित थे। उन्होंने महर्षि के चरणो में पुष्पांजलि अर्पित की। शोभा यात्रा के संरक्षक श्री जय किशन पूर्व विधायक सहित कमेटी के पदाधिकारियों प्रधान चौधरी रमेश, चौधरी दुगार्दास,

चौधरी कमर सिंह, चौधरी बोला पहलवान, चौधरी ओम प्रकाश, चौधरी लाल चंद रूखड़, चौधरी महेंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में महर्षि वाल्मीकि के अनुयायी उपस्थित थे। महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित झांकियों सहित शोभा यात्रा लाल किले से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर पंचकुइयां रोड़ पर समाप्त हुई। सबसे पहले कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष श्री सोनिया गांधी ने वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि मंडल को 24 अकबर रोड़ कांग्रेस मुख्याले बुलाया और वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक श्री जय किशन के साथ रामकुमार बिड्लान, राजकुमार घिगान, ननवा राम प्रधान, बालकिशन बाली, मोहन पहलवान, ईश्वर बागड़ी, सुनील बागड़ी, हरी पाल सांगवान, ओम ढिगान, राज कुमार ढिगान, राजेश ढकोलिया, जे. पी. सिंह, विजय एन. डी. एम. सी., अनिल मित्तर, किशन बुराड़ी, राजेंद्र भजनी, ब्रहम ढिगिया, राजेश ढिकोलिया, डॉ. मुनीष पाल, कृष्ण बूराड़ी, ओम पाल ढिगांन आदि शामिल थे। पूर्व विधायक श्री जय किशन ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि आदि पुरुष महर्षि वाल्मीकि हम सभी के आराध्य हैं और रामायण जैसे ग्रन्थ की रचना करके उन्होंने हमें बुराई पर सच्चाई की विजय का संदेश दिया है। हम कुरीतियों को छोड़कर उनके दर्शाए मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और उन्हें लगन और मेहनत से काम करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी दलितों का शोषण किया है, विशेषकर वाल्मिकी समाज का। आज दिल्ली में सफाई कर्मचारियों "का शोषण हो रहा है। सफाई का काम ठेके पर दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन को कई वर्ष हो गए हैं और स्वच्छता कर्मचारी ही दुःखी है समस्त वाल्मीकि समाज के सीनियर बुद्धिजीवियों ने सह सम्मति से प्रस्ताव पास किया कि भाजपा के केन्द्रीय मंत्रियों, ऐसे सांसद, विधायक, मंत्रियों का बहिष्कार किया जाएगा, जिन्होंने समाज के लिए कुछ नहीं किया व अपने संसाधन मजबूत किए। श्री जय किशन ने कार्यक्रम में आए सभी अनुयायियों तथा कार्यक्रम के आयोजन में भागीदारी करने वाले संगठनों तथा उनके पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

एक नजर

कैंसर जांच शिविर आयोजित : गुरमीत सूरा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय युवा मंच एवं मारवाड़ी युवा मंच (दिल्ली, मिडटाउन शाखा) द्वारा निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन आज पूर्वी दिल्ली के ग्रांड आमारा बैंकेट में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पे डॉ गुरमीत सिंह सूरा वरिष्ठ भाजपा नेता (सह प्रभारी, पश्चिमी ज़िला, भाजपा दिल्ली) के साथ गोकुल चंद धारीवाल, पूर्वी दिल्ली नगर निगम स्थाई समिति के पूर्व चेयरमन निगम पार्षद संदीप कपूर उपस्थित रहे। शिविर में कैंसर जांच बस की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा मैमोग्राफी, डिजिटल एक्सरे पीएसए व सी ए -125, पी ए पी, सिमर, सी बी सी तथा कैंसर रोग से संबंधित अन्य जाँचे निःशुल्क प्रदान की गई।

बैंक अधिकारी ने दिल्ली मेट्रो के आगे छलांग लगाई, मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब एवं सिंध बैंक के 35 वर्षीय एक अधिकारी ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम को हुई और दिव्यांशु चोपड़ा नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उसने बताया कि चोपड़ा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, चोपड़ा शुक्रवार को पंजाब के अमृतसर से दिल्ली आए थे। उसने बताया कि चोपड़ा पंजाब एवं सिंध बैंक में अधिकारी के रूप में काम करते थे और अपने माता-पिता के साथ अमृतसर में रहते थे।

मानव सेवा ही- ईश्वर सेवा है : डॉ. जौली

नई दिल्ली, एजेंसी। मानव सेवा ही - ईश्वर सेवा' तथा 'पढ़ेगा भारत-बढ़ेगा भारत' की अवधारणा से प्रेरित हो दिल्ली स्ट्डी ग्रुप अध्यक्ष व पूर्व दिल्ली विधायक डॉ0 विजय जौली के नेतृत्व में आज संगम विहार के जरूरतमंद छोटे बच्चों को मुफ्त स्कूल बैठ व लेखन सामाग्री भेंट की गई। इस पुनीत कार्य में गुरू किरन इंपावरिंग जेनेरेशन संस्था का सक्रिय सहयोग रहा। दिल्ली की सबसे पिछड़ी बस्ती संगम विहार के छोटे-छोटे सैकड़ों बच्चों को प्रोत्साहित करने के इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. जौली के संग श्रीमती सोनियां दत्त अध्यक्ष गुरू किरण इंपावरिंग जेनेरेशन तथा प्रमुख समाज सेवी अभिषेक मिश्रा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दक्षिण दिल्ली भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार चौटाला भी विशेष रूप से उपस्थि हुए तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए डॉ. जौली ने कहा कि देश के सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूलों में पढ़ाना चाहिए ताकि भारत सुशिक्षित व सुदृढ़ रहे। तथा प्रधानमंत्री मोदी के सपनों के भारत को बनाने में सबका योगदान रहे।

अरविन्द केजरीवाल सरकार ले रही है लगातार जनहित में निर्णय : सुभाष चन्द्र लाला

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार लगातार दिल्ली की जनता के हित में नीतियां बना रही है और निर्णय ले रही है जिससे लाखों लोगो को लाभ मिलेगा। यह कहना है आम आदमी पार्टी विशवास नगर वार्ड अध्यक्ष सुभाष चन्द्र लाला का। सुभाष चन्द्र लाला कहते हैं गत माह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नें राजधानी दिल्ली की बदहाल सड़कों की मरम्मत कराने और जहां जरूरत हैं वहां नई सड़क बनवाने की घोषणा की। इस योजना से दिल्ली की तमाम कच्ची कालोनियों की सडकें बनने का रास्ता भी साफ होगा और तकरीबन एक हजार कच्ची कालोनियों को पक्की सडके मिल जायेगीं जिससे लाखो लोगो को फायदा मिलेगा। इसी तरह गत दिनों श्री केजरीवाल नें करीब आधा दर्जन नये मौहल्ला क्लीनिकों का उद्घाटन किया और जल्द ही अन्य स्थानों पर भी मोहल्ला क्लिनिक खोलने की बात की। सुभाष चन्द्र कहते हैं इसी तरह केजरीवाल सरकार नें गरीब और जरूरतमंद लोगो को मुफ्त चीनी देने की योजना को हरी झंडी दी है उससे भी लाखों लोगो को फायदा पहुंचेगा। सुभाष चन्द्र नें कहा अरविंद केजरीवाल सरकार दिल्ली के जरूरतमंद तथा गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नें इस प्रस्ताव को मंजूरी दे एक अच्छा निर्णय लिया है। सुभाष कहते हैं गरीब जनता के लिए अरविंद केजरीवाल हर माह कोई ना कोई योजना लाते है। गत माह कैबिनेट की बैठक में गरीब लोगो को मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया गया था। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के करीब सत्तर हजार कार्ड धारकों को इस योजना का लाभ मिलेगा। सुभाष चन्द्र कहते हैं गेहूं चावल पहले से ही लोगो को मुफ्त मिलते हैं अब काफी परिवारों को चीनी भी मुफ्त मिल सकेगी।

एनडीएमसी ने प्रदूषण से निपटने के लिए 'एंटी-स्मॉग गन' तैनाती समेत अन्य उपाय किये

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में मौसम के करवट लेने के बीच एनडीएमसी ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों के तहत 'मैकेनिकल रोड स्वीपर' (सड़क सफाई मशीन) तैनात की हैं साथ ही आठ 'एंटी-स्मॉग गन' की मदद ली जा रही है। 'एंटी-स्मॉग गन', एक ऐसा उपकरण है जो सड़क या प्रदूषण वाले स्थान पर पानी की महीन बूंदों का छिड़काव करता है ताकि धूल और प्रदूषण के कण बैठ जाएं।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने शनिवार को 2023-24 के लिए "वायु प्रदूषण नियंत्रण" उपायों की घोषणा की। त्योहारी सीजन से पहले उपाध्याय ने कहा, "हम पर्यावरण सरंक्षण को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता को समझते हैं क्योंकि वायु प्रदूषण के कारण श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। एनडीएमसी ने 'जीपीएस ट्रैकिंग और वेट स्वीपिंग' के साथ दो पाली में काम करने वाले सात 'मैकेनिकल रोड स्वीपर' तैनात किए हैं। उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र की सभी सड़कों को रोजाना या वैकल्पिक दिनों में मशीन की मदद से साफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने धूल शमन उपायों को लागू करने के वास्ते निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक अप्रैल से 27 अक्टूबर तक 12.50 लाख रुपये के चालान जारी किए गए हैं।

कूड़ा उठाने वाले नगर निगम के ट्रक ने दो को मारी टक्कर, एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में कूड़ा उठाने वाले नगर निगम के ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान महेंद्र यादव (24) के रूप में हुई है। घायल अशोक का जीटीबी अस्पताल में इलाज जारी है।

हादसा दिल्ली-यूपी की सीमा पर हुआ था। एरिया को लेकर दिल्ली व यूपी पुलिस काफी देर उलझी रही। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के दखल के बाद करावल नगर थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टक्कर मारने वाले ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक महेंद्र यादव परिवार के साथ उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर में रहता था। इसका परिवार बिहार में रहता है। यह प्राइवेट नौकरी करता था। गुरुवार शाम को यह अपने एक रिश्तेदार के यहां मकान उद्घाटन के कार्यक्रम में बाइक से दोस्त अशोक के साथ लोनी गया था। कार्यक्रम के बाद दोनों वापस लौट रहे थे।

हिमाचल प्रदेश: शिक्षा क्षेत्र में भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रही प्रदेश सरकार

युधिष्ठिर राणा

हिमाचल प्रदेश: बदलते परिवेश के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग से इस क्षेत्र से संबंधित नए पाठ्यक्रम शुरू करना समय की मांग है। वर्तमान प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री का मानना है कि आधुनिक व भविष्योन्मुखी विषयों से संबंधित शिक्षा से युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी और उनकी ऊर्जा का भी बेहतर दोहन किया जा सकता है।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मैक्ट्रोनिक्स, सौर टैक्निशियन तथा इलैक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक जैसे नए क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों में युवाओं को शिक्षित व प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के 17 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक प्रासंगिक व्यवसायों की 19 इकाइयां शुरू की गई हैं। इनमें आईटीआई रैल, ऊना, पालमपुर, शाहपुर और नगरोटा बगवां में इंटरनेट ऑफ थिंग्स टैक्निशियन (स्मार्ट सिटी) विषय शुरू किया गया है।

इसी प्रकार आईटीआई रैल, पंडोगा, नाहन, गरनोटा और प्रगतिनगर में मैकेनिक इलैक्ट्रिकल व्हीकल, आईटीआई घुमारवीं एवं अर्की में फाइबर टू होम टैक्निशियन, आईटीआई सुन्नी व शाहपुर में टैक्निशियन मैट्रोनिक्स, आईटीआई जुब्बल, सुन्दरनगर (पीडब्ल्यूडी), शमशी और बालकरूपी में सौर टैक्निशियन (इलैक्ट्रिकल) तथा आईटीआई नालागढ़ में मैंटेनेंस मैकेनिक (रसायनिक संयंत्र) की इकाइयां शुरू की गई हैं।

प्रदेश सरकार हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिए विद्युत चालित वाहनों के अधिकाधिक उपयोग तथा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इस तरह के नए पाठ्यक्रम शुरू होने से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञ व प्रशिक्षित मानव संसाधन प्रदेश में ही उपलब्ध हो सकेगा।

महाविद्यालय स्तर पर भी नए पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। राजकीय हाईड्रो इंजीनियरिंग महाविद्यालय बंदला में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस), राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू में कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं आईईओटी डिप्लोमा कोर्स तथा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान चम्बा में मैक्ट्रोनिक्स डिप्लोमा कोर्स शैक्षणिक सत्र 2023-24 से आरंभ कर दिए गए हैं। इनमें लगभग शत-प्रतिशत प्रवेश दर्ज हुआ है। इसके अतिरिक्त अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रगतिनगर में इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग का डिप्लोमा कोर्स इसी शैक्षणिक सत्र से आरंभ किया गया है।

युवाओं के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं भी सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ मिलकर उन्हें शैक्षणिक आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों के 38 बच्चों तथा इंजीनियरिंग कॉलेजों व बहुतकनीकी संस्थानों के 20 संकाय को आईआईटी मंडी में एक सप्ताह का रोबोटिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के 20 संकाय को सेमीकंडक्टर इको सिस्टम के लिए आईआईटी रोपड़ एवं दिल्ली भेजा गया है। राजकीय बहुतकनीकी एवं इंजीनियरिंग के 10 संकाय एवं 10 छात्र-छात्राओं को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में पांच दिन के मशीन लर्निंग एवं एप्लीकेशन में आधुनिक विकास कोर्स के लिए भेजा गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 44 प्रशिक्षुओं को नियुक्ति किया गया है।

पाठ्यक्रम पूरा होने के उपरांत युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों, फामेर्सी महाविद्यालयों, बहुतकनीकी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से लगभग 2069 प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में रोजगार मेले, कैंपस साक्षात्कार व संयुक्त कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश के युवा ऊर्जा एवं उत्साह से भरपूर हैं और उन्हें भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रमों से जोड़ते हुए पारंगत करने की आवश्यकता है। इससे वे स्वयं तो रोजगार व स्वरोजगार प्राप्त कर ही सकते हैं, वहीं प्रदेश के तीव्र विकास में भी अपना उल्लेखनीय योगदान देने की लिए सक्षम बन सकेंगे।

दिव्यांग मतदाता जागरूकता के लिए दौड़े तो सैकड़ो बच्चों ने बजाई तालियां

अशीष दुबे

मध्य प्रदेश: कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मार्गदर्शन में दिव्यांग मतदाताओं ने 20 मीटर की मिनी दौड़ में भाग लिया। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. अमर कुमार जैन ने बताया कि, खेल परिसर में आयोजित इस मिनी दौड़ में जब दिव्यांगो ने मतदाता जागरूकता दौड़ में हिस्सा लिया तब बच्चों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। मिनी दौड़ प्रतियोगिता में रोमी जैन को प्रथम, सत्येश शुक्ला को द्वितीय एवं मूवीन मकरानी तथा राहुल सेन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस दौड़ का आयोजन डॉ. इनाम खान अध्यक्ष पैरा ओलंपिक के तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिला खेल अधिकारी श्री प्रदीप अबिद्रा ने कहा कि यह दिव्यांग प्रतीकात्मक रूप से इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी मतदाताओं से अपील कर रहे हैं कि वह आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान करें। इस अवसर पर सीमा चक्रवर्ति, उमेश चंद्र मौर्य, नफीस खान, मिथिलेश यादव ,रामबाबू विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

डेलांग में आलोचनात्मक सभा का हुआ आयोजन

लक्ष्मीनारायण पथी

ओडिशा: डेलांग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डॅपुर वालि कपिलेश्वर मंदिर परिसर पर माणिक्य साहित्य संसद और श्यामसुंदर पाठागार की सम्मिलित तत्वावधान मे 26 अक्तूबर को प्राचीन उत्कल की स्वतन्त्रता संग्राम का जनक जयी राजगुरु शीर्षक एक आलोचनात्मक सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता अजय मान्धाता ने की। उत्कल विश्वविद्यालय की इतिहास विभाग अध्यापक डाक्टर पारेश्वर साहु इसमे मुख्य अतिथी रहे। सम्मानित अतिथीओं मे खंडायत क्षत्रिय महासंघ का अध्यक्ष व निवर्तमान प्रधान शिक्षक योगीनाथ वलियारसिंह, अध्यापिका स्वर्णलता माहारी और जम्वेश्वर मंगराज सामिल रहे। अन्य अतिथीओं मे दिलिप कुमार श्रीचंदन, काशीनाथ महापात्र, प्रसन्न कुमार षडंगी, वापि साहु, युधिष्ठिर वेहेरा, अजय कुमार विश्वाल, अमीय पात्र और कृष्ण वलियारसिंह सभामंच पर मौजूद रहे सभा कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान वालि कपिलेश्वर महादेव के आराधना से की गई। इसके वाद समस्त अतिथीओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथी डाक्टर पारेश्वर साहु ने अपने संवोधन मे कहा कि, इतिहास विभाग का अध्यापक होते हुए इतिहास का अध्ययन व अनुसंधान उन्हे प्रिय है। गडजात राज्य के प्रति उनका लगाव दशार्ते हुए कहा कि स्वतन्त्रतापुर्व सभी गडजात राज्यों के अतीत का खुलासा करने से एक अभिवर्धित ओडिशा इतिहास का सपना साकार हो सकेगा। स्वतन्त्रता सेनानी के महान योद्धा थे जयी राजगुरु। उनके प्रदर्शित मार्ग पर संग्राम करते हुए अनेक देशप्रेमी संग्रामी ओडिआ योद्धापुरुष प्राण तक न्योछावर कर दिए। उनके वदौलत ही देश की स्वतन्त्रता संग्राम को एक दिशा मिल पाना संभव हुआ। साथ ही उन्होने वताया कि जयी राजगुरु ना तो सिर्फ स्वतंत्रता योद्धा थे ना ही वह सिर्फ लडाकू थे। वह तो इससे कहीं ऊपर थे। उनके निस्वार्थ भाव का सही ढंग से मूल्यांकन करना काफि मुस्किल है।

आयोजित सभा मे उनकी योगदान को आकस्मिक वताते हुए अध्यापिका स्वर्णलता माहारी ने कहा कि, आज का दिन में जयी राजगुरु जैसे महापुरुष को याद करना एक महत्वपूर्ण वात है। स्वतन्त्रता के प्रति उनके लगाव और संग्राम को हमे कभी भूलना नहीं चाहिए। उनके विचार को हमेशा प्राथमिकता देना चाहिए।

इस अवसर पर पुरीजिला अंतर्गत व्राह्मण शासन वीरवलभद्रपुर गांव की समाजसेवी सत्यरंजन मिश्र के द्वारा रचित 1804 विद्रोह की कर्णधार जयी राजगुरु और अंजिरा ओल्हाण निवासी नाट्यकार, निर्देशक, गीतकार व शिक्षक अजय कुमार सेठी का कविता संकलन निर्वाण पथे यानी निर्वाण के मार्ग पर पुस्तकों का उन्मोचन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभय चरण साहु एवं आशीष स्वाइँ ने किए। इस कार्यक्रम का प्रबंधन मे शशिभूषण पालटासिंह, किशोर खंडायतराय, विराट वलियारसिंह, रघुनाथ महापात्र, पुर्णचंद्र दलाई, कैलास प्रधान, निरंजन प्रधान और भजमन दलवेहेरा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर चाय नास्ता और भंडारा का आयोजन हुआ था।

चंद्रग्रहण की वजह से आज बंद रहेंगे मंदिर के पट, जाने दूध का प्रसाद कब बंटेगा

मो. हसन राजा

शरद पूर्णिमा पर इस वर्ष चंदग्रहण का साया रहेगा, हालांकि कई जगह पर शरदपूर्णिमा नहीं मनाने तो कहीं अगले दिन मनाने का निश्चय किया है। मंदिरों के पट सूतक लगते ही दोपहर 4 बजे से बंद कर दिए जायेंगे। रात तक सूतक और ग्रहण होने के कारण लोग इस बार शरद पूर्णिमा प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल चांदनी रात में दूध की खीर नहीं रख पाएंगे। बहुत से मंदिर जैसे विजयासन मंदिर गंज में हर साल होने वाले शरद पूर्णिमा के आयोजन इस बार शाम से सूतक के कारण प्रवेश द्वार बंद हो जाने की वजह से नहीं होंगे।

वहीं टिकरी में काली मंदिर व गाढाघाट में अर्धनारीश्वर स्थापना स्थल पर अगले ही दिन रविवार को शरद पूर्णिमा पर प्रसाद बांटने का निश्चय किया गया है। विजयासन माता मंदिर के संस्थापक पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि, शनिवार को आयोजन नहीं किये जायेंगे। पंडित हीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि, इस बार शरद पूर्णिमा को खंडग्रास चंद ग्रहण प्रभाव होगा।

ग्रहण का सूतक 9 घंटे लग जायेंगे। इसलिए पूर्णिमा व्रत, पूजन ग्रहण काल सूतक के पहले ही कारना ठीक रहेगा। टिकरी में काली काली मंदिर परिसर में पूर्णिमा पर होने वाले आयोजन ग्रहण की वजह से आगे बढ़ा दिए गए हैं। पंडित शशिकांत पांडे ने बताया, चंदग्रहण और सूतक होने की वजह से अगले दिन कार्यक्रम रखे जायेंगे। रविवार को दूध का प्रसाद भक्तों में बांटा जायेगा।

28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का व्रत भक्तों द्वारा रखा जायेगा। सुबह 4.19 बजे से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होगी और समापन अगले दिन 29 अक्टूबर को दोपहर 1.55 बजे होगा। इस दिन गज केसरी योग, शश योग, बुधादित्य योग, सौभाग्य योग और सिद्धि योग का शुभ संयोग भी रहेगा। आपको बता दें कि 1986 के बाद अब 33 वर्ष बाद ग्रहण में शरद पूर्णिमा अश्विन पूर्णिमा अर्थात शरद पूर्णिमा पर लगने वाला यह ग्रहण पुरे 33 सालों बाद लगा रहा है।

इतने धनी कैसे बने बिल गेट्स इस एक कार्य ने बदल दी पूरी जिन्दगी

मो. हसन राजा

नई दिल्लीः दुनिया में कई लोग ऐसे भी हैं जो बहुत ज्यादा अमीर है। दुनिया के अमीर लोगों के जब भी बात होती है तो बिल गेट्स दुनिया के सबसे ज्यादा अमीरों की सूची में टॉप पर होते हैं। आपको बता दें कि बिल गेट्स 68 साल के हो चुके है। आज बिल गेट्स का जन्मदिन भी हैं। ऐसे में हम आज आपको बिलगेट्स के बारे में कुछ रोचक बातें बताएंगे। इसके साथ ही जानते हैं वह इतने ज्यादा आमिर व्यक्ति कैसे बने।

बिल गेट्स ने मात्र 13 वर्ष की उम्र में ही बिल गेट्स ने अपना पहला सॉफ्टवेयर प्रोग्राम लिखा था। बिल गेट्स एक कॉलेज ड्राप आउट भी हैं। उन्होंने 1975 में अपने कारोबार आगे बढ़ाने के लिए हावर्ड को ड्रॉपआउट कर दिया था और 1975 में ही एक बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। कॉलेज ड्रॉपआउट करने और माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना करना ही गेट्स की जिन्दगी का बहुत बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा और इस कदम से उन्होंने काफी ऊंचाइयों को छुआ।

उत्तर प्रदेश: ललितपुर में रिश्वत लेते हुए पकडे गए जिलेदार

कपिल देव

उत्तर प्रदेश: एंटी करप्शन टीम ने सिंचाई खण्ड में जिलेदार के प्रभार पद पर तैनात शहजाद अली खान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। बताते चले कि, इमलिया निवासी राजेंद्र सिंह के चार पट्टे सजनाम बाँध के डूब क्षेत्र में स्थित है, जिन्हें 5 साल बाद रिन्युअल कराना होता है।

आगे की दास्तान कहानी की ऐसी हुई कि राजेंद्र सिंह ने अपने चार पट्टों को रिन्युअल कराने के लिए रिश्वत के तौर पर 70 हजार रुपये दे दिए थे, लेकिन रिश्वतखोर शहजाद अली अपनी हरकतों को कैसे मानने वाला था। उसका 70 हजार में पेट नही भरा ओर उसने राजेंद्र सिंह से 10 हजार रुपये की ओर मांग की तो यह मांग शाहजाद को मंहगी पड़ गयी।

आज दोपहर करीब 1 बजे सिंचाई विभाग में जब राजेंद्र सिंह बाकी 10 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर जिलेदार शाहजाद को दे ही रहे थे कि एंटी करप्शन की टीम की एंट्री हुई और होना क्या था। पिक्चर चालू।

अशोक गहलोत के बेटे वैभव को ईडी के समन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिया बड़ा बयान

मो. हसन राजा

राजस्थान: सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव को ईडी के समन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि, "वे गहलोत के चुनाव को खराब करना चाहते हैं। वे हमेशा ऐसा ही करते हैं। हम नहीं डरेंगे, नहीं डरेंगे। डटकर लड़ेंगे और इसका सामना करेंगे, वो जो भी कर रहे हैं सही नहीं कर रहे हैं।"

राजस्थान के मुखयमंत्री ने हाल ही में खुद जानकारी दी थी कि, "उनके बेटे वैभव गहलोत को ईडी ने समन भेजा है। अशोक गहलोत ने आगे कहा कि, राजस्थान में रोज ईडी की रेड इसलिए हो रही है, क्योंकी भाजपा यह नहीं चाहती है कि यहां कि, महिलाओं, किसानों और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल पाये। इसके बाद से ही राजस्थान का सियासी टेम्प्रेचर बहुत गर्म हो चूका है।

गहलोत ने जताई नाराजगी

बेटे को ईडी द्वारा समन दिए जाने पर सीएम अशोक गहलोत ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि, 25 अक्टूबर को राजस्थान की महिलाओं के लिए कांग्रेस की गारंटियों को लांच किया गया और अगले दिन गोविन्द सिंह डोटासरा के यहां ईडी की रेड और इसके साथ ही बेटे वैभव को ईडी में हाजिर होने का समन मिला।

बीजेपी के सांसद ने दर्ज की थी शिकायत

आपको बता दें कि, 9 जून को भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने ईडी में शिकायत दर्ज कराइ थी। उन्होंने इल्जाम लगया था कि, कुछ व्यापारिक उपक्रमों का उपयोग सीएम अशोक गहलोत के काले धन को सफेद करने के लिए किया जा रहा हैं। उन्होंने वैभव गहलोत के खिलाफ शिकायत की और उनके बिजनेस से जुड़े एक व्यक्ति के खिलाफ ढटछअ के तहत एक्शन की डिमांड की थी। शिकायत में वैभव के साथ साथ उनकी पत्नी और कई अन्य का नाम शामिल है।

एक नजर

हरिद्वार अप नगरी में भगवान राम का किया गया राज अभिषेक

हरीश उपध्याय, हरिद्वार: अप नगरी में बड़ी धूमधाम से भगवान राम का राज अभिषेक किया गया। राजा समिति चौक बाजार रजिस्टर्ड भगवान राम का अभिषेक शुभम वालिया स्वर्गीय सुपुत्र रविंद्र वालिया के द्वारा उचित धनु राशि देकर भगवान राम लक्ष्मण सीता तथा भरत शत्रुघ्न के द्वारा आशीर्वाद प्राप्त किया भगवान राम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राम लीला समिति चौक बाजार रजिस्टर्ड के अध्यक्ष शशिकांत वशिष्ठ के द्वारा मुख्य अतिथि का मां लिए अर्पण कर स्वागत किया गया तथा भगवान राम का प्रसाद स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया। सभी पदाधिकारी ने बारी-बारी से राम का अंग वस्त्र पहनकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

हरदोई में सुंदर काण्ड पाठ और सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह हुआ अयोजित



बचेलाल, उत्तर प्रदेश: हरदोई में आज दिनांक 28 अक्टूबर को शासन स्तर एवं जिला स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका परिषद मल्लावां जनपद हरदोई में छोटे चौराहे पर हनुमान मंदिर पर सुंदर कांठ पाठ का आयोजन, निंबी तालाब हनुमान मंदिर पर सुंदर कांठ पाठ का आयोजन एवं अवस्थी स्कूल के पास हनुमान मंदिर पर सुंदर कांठ पाठ का आयोजन कराया गया। नगर पालिका परिषद मल्लावां प्रांगण में समस्त सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया, जिसमें अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मल्लावां जनपद हरदोई के प्रतिनिधि परवेज आलम, अधिशासी अधिकारी प्रेमनाथ, संजय कुमार लेखा लिपिक, भास्कर मिश्रा, इंतिसार अंसारी इकबाल अंसारी, भूरी माननीय सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें जनमानस एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

महोबा ग्राम तुर्रा मुहार में जलविहार मेला पर्व पर निकाले गए विमान

रवि सोनी, उत्तर प्रदेश: ग्राम तुर्रा मुहार जलविहार पर मंदिरों से विमान निकाले गए नगर भ्रमण के दौरान विमानों की पूजा अर्चना की नगर के प्राचीन कोट मंदिर से गाजे बाजे, घोड़ा, हाथी, अनेकों सॉन्ग तमासो के साथ नगर भ्रमण कर कोट मंदिर पर समापन किया गया रात्रि में बाहर से आये मेहमानों के लिए रंगा रंग प्रोग्राम भी कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा।

गुजरात: दाहोद के सात वार्डों में कभी नहीं दिखे सफाई कर्मचारी

गुजरात: दाहोद जिले में झालोद तालुका के नगर पालिका क्षेत्र के एक से सात वार्डों में सफाई के कर्मचारी स्थानीय लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए कभी नहीं आए हैं, फिर वे टैक्स क्यों दें, जबकि हमने नगर पालिका को प्रस्तुत किया है दो-तीन बार आए ही नहीं और नगर पालिका में अलग-अलग टैक्स आते हैं। टैक्स वसूली में लैंप टैक्स, सफाई टैक्स, जल कर, हाउस टैक्स, अंडरग्राउंड सीवरेज टैक्स जैसे हर टैक्स की वसूली होती है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए हम आपको सरकार, झालोद नगर पालिका प्रस्तुत करें।

राजस्थान: रास्ता भटक गई प्रशासन की मतदाता जागरूकता साईकिल रैली

अरविंद कुमार भाटी, राजस्थान: अनूपगढ़ के रायसिंहनगर में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्कूली छात्रों के साथ जागरूकता रैली निकाली थी। इस रैली में साइकिल सवार प्रशासनिक अधिकारी कहीं और नजर आए तो स्कूली बच्चे कहीं और। पर्याप्त रूप से व्यवस्थाएं नजर नहीं आई। स्कूली बच्चे परेशान होते रहे। यातायात व्यवस्था को भी साईकिल रैली के दौरान सुचारू नहीं किया गया।

गत जून माह में मलगा पंचायत के तत्कालीन सचिव शिवकुमार सिंह ने साथियों के साथ जनपद में की तोड़फोड़

रामचन्द्र भगवान पाल

मध्य प्रदेशः बीते जून माह की 26 तारीख को शाम जनपद पंचायत वंदन कार्यालय में साथियों संग मिलकर सहकर्मी से मारपीट, गाली गलौज और तोड़फोड़-हंगामा करना मलगा पंचायत के तत्कालीन सचिव शिव कुमार सिंह को महंगा पड़ गया। इस घटना के बाद निलंबित किए गए शिव कुमार सिंह की सेवा जिला पंचायत सीईओ ने समाप्त कर दी है। इस संबंध में उन्होंने गत बुधवार को आदेश जारी किया। इसके पहले पूरे प्रकरण की ढंग से सुनवाई की गई। आरोपी सचिव शिव कुमार को रखने के लिए मौका दिया गया और नोटिस जारी की गई, मगर उनके उपस्थित न होने पर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश ने तथ्यों।

आदेश जारी किया। मालूम से कि शराब के नशे में गाली-गलौज व मारपीट की घटना के बाद पीड़ित डेंगी सचिव धर्मेंद्र सिंह ने वेदन थाने में शिव कुमार सिंह के विरुद्ध धारा 294, 332, 353 व सबूतों, जनपद वेदन में उस समय मौजूद कर्मियों 506 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 95 की उपधारा के अंतर्गत बने मप्र पंचायत सेवा ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा शर्ते) नियम 2011 के नियम 7 (2) (क) (घ) के उल्लंघन के चलते नियम तीन क के तहत निलंबित पंचायत सचिव शिव कुमार सिंह की सेवा समाप्ति का आदेश पारित किया जाता है। अपचारी कर्मचारी 25 अक्टूबर से पंचायत सेवा से बाहर माना जाएगा।

अपनी गृह पंचायत में करते थे हस्तक्षेप

आरोपी सचिव ने गृह पंचायत की में अनाधिकृत तौर पर हस्तक्षेप करने, बिना कार्य किए शासकीय धन को निकालने के लिए बरगलाने धमकाने, न मानने पर मारपीट की है। जि सीईओ ने आदेश में कहा है कि प्रकरण में सहयोग न करने, उपस्थित न होने की स्थिति में शिव कुमार सिंह पर अनुशासन भंग कर अपने सहकर्मी साथी को धमकाने, मारपीट करने, जनपद वेदन कार्यालय में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा करने, परिसंपत्ति को नुकसान पहुंचाने व कर्मचारियों को भयाक्रांत करने के तथ्य प्रमाणित प्रतीत होते हैं।

दरअसल, की शिवकुमार सिंह की गृह पंचायत है। इस पंचायत के सचिव धर्मेंद्र इस मामले की जांच के दौरान जनपद कर्मियों के बयान आदि दर्ज किए गए व शिव कुमार सिंह को नोटिस जारी कर गत 22 अगस्त को व्यक्तिगत सुनवाई में पक्ष रखने के लिए कहा गया, मगर इसकी अनदेखी कर दी गई जिसीईओ ने आदेश में कहा है कि गंभीर प्रकृति की इस घटना से संबंधित सचिव आपराधिक प्रवृत्ति को प्रीत होता है। पूर्व में भी उसके विरुद्ध अनेक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज। है। संबंधित घटना से भी यह समझा जा सकता है कि आरोपी सचिव का शासकीय मयार्दाओं में भरोसा नहीं है।

सिंह हैं। जनपद बेदन सोईओ के प्रतिवेदन के अनुसार गत 26 जून को शाम करीब पांच बजे की पंचायत के सचिव धर्मेंद्र सिंह से जनपद कार्यालय में मारपीट की गई। शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए गाली-गली कर ऐसा माहौल बनाया गया कि सभी स्टाफ व आगंतुकों में भय व्याप्त हो गया था। जनपद कर्मियों के अनुसार मलगा पंचायत के तत्कालीन सचिव शिव कुमार सिंह ने अपने साथी उपेंद्र सिंह व अन्य के साथ मिलकर धर्मेंद्र सिंह के साथ मारपीट करते हुए कार्यालय के फर्नीचर, टेबल, कूलर आदि गिने हुए दरवाजा तोड़ने की कोशिश की गई। शिव कुमार सिंह के इस कृत्य से जनपद कार्यालय मे भाग का माहौल बन गया।

रायबरेली में दिव्यांग के साथ सीएमओ दफ्तर में हुई मारपीट

रोहित

उत्तर प्रदेशः रायबरेली सीएमओ ऑफिस में एओ की दबंगई का एक मामला चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि, एओ ने दिव्यांग युवक के साथ मारपीट की है। पीड़ित युवक ने अपनी पत्नी के साथ कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से मदद मांगी है। दिव्यांग दयाराम मौर्य ऑटो ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी पत्नी भी दिव्यांग है। बताते हैं कि, गुरुवार को दयाराम सीएमओ ऑफिस के अंदर अपने व्यक्तिगत काम से आया था।

उपाध्याय की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने दयाराम के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताते हैं कि, एओ हमेशा से सुर्खियों में रहे है, दरअसल एओ की ड्यूटी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के पहले मेडिकल परीक्षण में लगती है, तो ऐसे में वह दिव्यांगों से अभद्रता करते हैं। उनकी इस हिमाकत को कोई रोकने वाला भी नहीं है। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्देश है कि दिव्यांगों के साथ किसी तरह की अभद्रता न की जाए। हर जगह दिव्यांगों को सुविधा देने की व्यवस्था है। यहां तक की डीएम-एसपी कार्यालय में भी दिव्यांग को पहली प्राथमिकता दी है।

तरकुलवा में हुआ खुनी खेल, एक युवक ने दूसरे को किया चाकू से घायल

अमित शर्मा

उत्तर प्रदेशः तरकुलवा स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबू पट्टी गांव का रहने वाला एक मनबढ़ युवक ने गांव के ही दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गई। सूचना पर पहुंचे एसपी ने मामले की जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात की गई है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के बाबू पट्टी गांव का रहने वाला सैफ अली पुत्र नियामुद्दीन परिवार के जीवीको उपार्जन के लिए प्रदेश में कहीं पेंटिंग का काम करते हैं। सैफ अली समीप के गांव में कक्षा आठवीं का छात्र था।गांव के ही रहने वाला एक मनबढ़ युवक से दो दिन पूर्व किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। शुक्रवार को मनबढ़ युवक ने चाकू के साथ गांव के चौराहे पर घात लगा कर छिपा था।सैफ अली जैसे ही चौराहे पर पहुंचा तो मनबढ़ ने उसके उपर अचानक चाकू से हमला कर दिया।हमला में सैफ गम्भीर रूप से घायल हो गया।

आन फानन में परिजनो ने उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की जानकारी मिलते ही मां नेमुन निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक घर का इकलौता चिराग था। घटना की सूचना किसी ने तरकुलवा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।उधर घटना की सूचना मिलते ही देर शाम एसपी समेत अन्य पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की तहकीकात कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल गांव में तैनात की गई है।

उच्च रक्त शर्करा और गुर्दे की समस्याओं के बाद, ज्योतिप्रिय मल्लिक अस्पताल में भर्ती

कृतिका कुमारी

कलकत्ताः पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक, जिन्हें शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया था, को उच्च रक्त शर्करा और गुर्दे की समस्याओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तारी के बाद मल्लिक को पहले एक अदालत ने 10 दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया था। अधिकारियों ने कहा कि राज्य के वन मंत्री सुनवाई के दौरान बैंकशाल अदालत के अंदर बेहोश हो गए थे और बाद में उन्हें तुरंत चिकित्सा देखभाल के लिए शहर के एक अस्पताल में भर्ती किया गया।

अस्पताल ने एक बुलेटिन में कहा, 66 वर्षीय मल्लिक की हालत फिलहाल स्थिर है और उन्हें करीबी निगरानी और आगे के मूल्यांकन के लिए भर्ती कराया गया है। इसमें बताया गया, "उनका एमआरआई, सीटी स्कैन और प्रासंगिक ब्लड टेस्ट किया गया। उन्हें हाइपरग्लाइकेमिया, गुर्दे की समस्या, डिसइलेक्ट्रोलाइटिमिया तथा हाइ ब्लड प्रेशर के शुरूआती निदान के साथ भर्ती कराया गया था।"

कलकत्ता के मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट तनुमोय करमाकर ने मंत्री की हिरासत के लिए ईडी की याचिका मंजूर कर के तथा उन्हें 10 दिनों के लिए, 5 नवंबर तक केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने कहा कि कथित मामले के विषय में पूछताछ करने के लिए उसे मल्लिक को हिरासत में लेने की जरूरत है। राशन घोटाला, यह दावा करते हुए कि उसे बकीबुर रहमान नामक व्यक्ति के साथ उसके संबंध मिले हैं, जिसे इस मामले में तकरीबन एक पखवाड़े पहले गिरफ्तार किया गया था।

बीएचयू बाल रोग विभाग में लगी आग, बाल-बाल बचे मरीज

अमन पाण्डे

उत्तर प्रदेशः बीएचयू अस्पताल के बाल रोग विभाग में शुक्रवार की शाम ऑक्सीजन पैनल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। तीमारदार अपने बच्चों को लेकर विभाग से भागकर बाहर सड़क पर आ गए वहीं कुछ लोग बच्चों को गोद में लेकर किनारे खड़े हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी और सुरक्षाकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पर काबू पा लिया गया।

अक्टूबर माह का दूसरा चंद्र ग्रहण, बंद रहेंगे भारत के सभी मंदिर

कृतिका कुमारी

नई दिल्लीः 28 अक्टूबर, यानि आज अक्टूबर में दूसरा ग्रहण लगने जा रहा है। सूर्य ग्रहण के ठीक(14 अक्टूबर को लगे) 14 दिन बाद चंद्र ग्रहण देखा जाएगा। सभी भारतीय लोगों को शुक्रवार रात अद्भुत खगोलीय घटना देखने को मिलेगी, क्योंकि शनिवार को चंद्र ग्रहण लगने वाला है। आंशिक चंद्र ग्रहण रात लगभग 11:31 बजे शुरू होने वाला है। तथा आधी रात तक करीब 1 बजे पृथ्वी की छाया का गहरा भाग (उपछाया) चंद्रमा की सतह से ढक जायेगा।

आज रात का चंद्र ग्रहण विभिन्न भारतीय शहरों में दिखाई देगा। यह अन्य एशियाई देशों, अफ्रीका, यूरोप, व उत्तरी अमेरिका में भी नजर आएगा। स्काईगेजर्स को आज रात हंटर मून देखने को मिलेगा। यह फसल चंद्रमा के बाद पहले चंद्रमा का दूसरा नाम है। यह देश में आधी रात के दौरान लगभग 90 मिनट तक दिखाई देगा।

भारत के सभी मंदिर किये जाएंगे बंद

राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने बताया कि शाम 4 बजे के बाद भारत के सभी मंदिर बंद कर दिए जाएंगे और 'सूतक' शुरू होने के साथ ही धार्मिक क्रियाकलापों स्थगित कर दी जाएंगी।

जो कांग्रेस की सरकारों में असंभव लगता था वह भाजपा की सरकारों ने संभव कर दिखाया : आनंद स्वरूप शुक्ल पूर्व मंत्री

मो. हसन राजा

मध्य प्रदेशः सागर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकारों ने बीते सालों में अनेक ऐसे काम किए हैं, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुके हैं। अनेक काम दर्ज होने वाले हैं। हमारी सरकारों के इन कामों को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। कार्यकर्ता इन कामों को लेकर जनता के बीच जाएं और पार्टी प्रत्याशी शैलेंद्र जैन के लिए आशीर्वाद मांगें। यह बात उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने हरिसिंह गौर मंडल के बूथ प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में प्रवासी प्रभारी अभिनव पांडे, विधानसभा संयोजक रामकुमार साहू, सह संयोजक नितिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे भी उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व अतिथियों द्वारा बूथ प्रभारियों को करणीय कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने ऐसे काम किए हैं, जिन्हें कुछ समय पहले तक असंभव माना जाता था।

शुक्ल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ किया। जिसका भव्य लोकार्पण 22 जनवरी 2024 को होगा, जिसमें मैं संपूर्ण सागरवासियों को आमंत्रित करता हूं। आप सभी सपरिवार इस आयोजन में पधारें। इसी प्रकार कश्मीर से धारा 370 हटा दी गई। ये ऐसे काम हैं, जो कांग्रेस की सरकारों के शासन में असंभव लगते थे। वहीं, मध्यप्रदेश में 2003 से पहले दिन में तीन-चार घंटे ही बिजली आती थी, जो आज 24 घंटे मिल रही है। तब प्रदेश की सड़कों पर चलना मुश्किल था, लेकिन आज प्रदेश में अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों का जाल बिछा हुआ है। शुक्ल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भाजपा सरकार के इन कामों को लेकर जनता के बीच जाएं और चुनाव में जीत का आशीर्वाद मांगें।

जनता के दुख दर्द को समझती है हमारी सरकार-मनीष चौबे

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमारी सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, तीर्थदर्शन, संबल जैसी अनेकों जनहित की योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार जनता की परेशानियों और दुख-दर्द को महसूस करती और उन्हें दूर करने के लिए प्रयास भी किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता डबल इंजन वाली सरकार के कामों को लेकर मैदान में उतरें और पार्टी प्रत्याशी शैलेंद्र जैन को जिताने के लिए पूरी मेहनत से जुट जाएं। बैठक में डॉ. हरिसिंह गौर मंडल के सभी बूथ प्रभारी उपस्थित रहें।

एक नजर

कोर्ट ने 10 नवंबर तक बढ़ाई 'आप' नेता संजय सिंह की रिमांड, पत्रकारों से बातचीत में बोले - भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष

मानसिंह पंवार

उत्तर प्रदेशः कोर्ट ने संजय सिंह की रिमांड 10 तक बढ़ाई, पत्रकारों से बोले- सत्ता के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया।

संजय सिंह को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के दौरान पत्रकारों से जब संजय सिंह की मुलाकात हुई, तो न्होंने कहा कि सत्ता के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। कोर्ट ने संजय की रिमांड को 10 नवंबर तक बढ़ा दिया है। एनसीआर मीडिया दिल्ली संवाददाता मानसिंह पंवार

देर रात व्हाट्सअप पर भेजा, तबादला आदेश

अमन पाण्डे, उत्तर प्रदेशः बताया जा रहा है कि बड़ी परियोजनाओं की धीमी प्रगति और विकास कार्यों में हीलाहवाली के चलते अफसरों पर गाज गिरी है।

तबादला आदेश आने के बाद दोनों ही अधिकारी सुबह कार्यालय नहीं पहुंचे। वीडीए उपाध्यक्ष अपराह्न करीब चार बजे कार्यालय पहुंचे और शहर के लोगों से मुलाकात की।

गोराडिया बिकन गांव में मामूली विवाद पर हुई मारपीट

गोविंद गोलकर, मध्य प्रदेशः ग्राम गोराडिया तहसील बिकन गांव के रहने वाले धर्मेंद्र राजपूत एवं जितेन पिता जगदीश यह दोनों ग्राम गुराडिया के रहने वाले हैं, किस बात पर विवाद हुआ। कोई पता नहीं तो धर्मेंद्र दरबार ने उसे लकड़ी से मारा उसका सर फोड़ दिया अब उसके घर से उसके घर बोलकर वह झिरनिया थाने में जाने के लिए निकल पड़ा है। आज शाम 4 बजे दो व्यक्ति उनकी लड़ाई हुई, जिसमें धर्मेंद्र राजपूत एवं जितेन पिता जगदीश भील समाज का धर्मेंद्र दरबार ने उसे लकड़ी से मारा और उसका सर फोड़ दिया गली मोहल्ले के लोग भगवान उनको देखते रहे किसी ने उनको नहीं छुड़ाया।

जगभान सिंह बुंदेला बने किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

अशोक कुमार, उत्तर प्रदेशः ललितपुर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार की संस्तुति पर किसान कांग्रेस का विस्तार करते हुए ललितपुर जिले के कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत की संस्तुति पर किसानों के लिए संघर्ष करने वाले जगभान सिंह बुंदेला को किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जगभान सिंह बुंदेला शीघ्र ही जिला एवं ब्लॉक किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी गठित कर घोषणा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने उनके मनोनयन पर खुशी जाहिर की और हर संभव जिले के किसानों की आवाज बनने का काम करने को आस्वस्त किया और कहा कि, किसानों की चाहे मुआवजा की चाहे भूमि की चाहे सिंचाई एवं चकबंदी आदि संबंधी समस्याओं पर किसानों के साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत, पीसीसी राकेश रजक एडवोकेट, धर्म सिंह वर्मा, पीसीसी रामभरोस कुशवाहा, अखिलेश जैन मलैया, खलक सिंह राजपूत विश्वकर्मा, जगभानसिंह बुंदेला देवी सिंह बुंदेला, राहुल सेंनआदि राघवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

आजमगढ़ जिले के राजेश कुमार बने आजमगढ़ का जिलाध्यक्ष भारतीय जन संगठन


Reg.02419
Email.bjsindia02419@gmail.com
भारतीय जन संगठन
कार्यालयः कन्धुरा भीखा जलालपुर-अम्बेडकरनगर (उ०प्र०) पिन-224186
पत्रांकः
दिनांकः
नियुक्ति पत्र
मेरा मे०
श्री राजेश कुमार S/o श्री ईश्वर राम
ग्राम/मोहल्ला मौजा जलालपुर पोस्ट जलालपुर पिन 224186 थाना
बड़े दर्द के साथ अवगत कराया है कि आपके समाज के प्रति मेरा सम्मान देश भक्ति राष्ट्र के प्रति वफादारी व सच्ची निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बंटी सिंह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी/प्रदेश कार्यकारिणी के संतुति पर आपको जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया जाता है। साथ ही आप से अपेक्षा की जाती है कि समाज मे किसी का उत्पीड़न नही होने देंगे
पेज-2 मेरी यही आपकी राष्ट्र सेवा, समाज सेवा, संगठन सेवा, सभी मे श्रेष्ठ मान जाता है तो जागरूकता मनोनीत पत्र
समाज अथवा से आयाम सम्मान जाएगा। आपका मनोनीत पत्र जारी होने के बाद आपकी द्वारा सम्मानित में सराहनीय कार्य किये जाते है। तो समय-समय पर आपकी प्रशंसा पत्र व पदोन्नति भी किया जाएगा।
मै आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।
यह नियुक्ति पत्र 3 वर्ष के लिये मान्य है।
सूचनार्थ प्रेषित अतिरिक्त-
1- राष्ट्रीय अध्यक्ष
2- राष्ट्रीय महासचिव
3- प्रदेश अध्यक्ष
4- जिला अध्यक्ष

उत्तर प्रदेशः यसशवी माने जाने समाज सेवी राजेश कुमार के समाज के प्रति सेवा भावना देश भक्ति राष्ट्र के प्रति वफादारी व सच्ची निष्ठा को देखते हुए राष्टीय अध्यक्ष बंटी सिंह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी/प्रदेश कार्यकारिणी के संतुति पर राजेश कुमार को उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ का जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया और भारतीय जन संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त अधिकारियों द्वारा कहा गया कि, आपसे अपेक्षा की जाती हैं की समाज मे किसी का उत्पीड़न नही होने देंगे और अगर आपके द्वार समाजहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो समय समय पर आपको प्रसंसा पत्र एवं पदोन्नति भी किया जाएगा।

सांसद कमलेश पासवान ने कहा- भाजपा सरकार में सरकारी योजनाओं से सबसे ज्यादा लाभान्वित है अनुसूचित जाति के लोग

श्रवण कुमार

उत्तर प्रदेशः जनपद कुशीनगर हाटा में / शनिवार को स्थानीय नगर के एक मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आगामी तीन नवम्बर को गोरखपुर में होने वाले सम्मेलन के मद्देनजर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केंद्र में 2014 मे मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो सदन के दरवाजे पर अपना मत्था टेकर संकल्प लिया कि 75वर्षो से दलित समाज के लोगों को जो मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

9 वर्षो के शासन काल में उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ से लाभान्वित हो रहे हैं दलित समाज के लोग और भाजपा सरकार में सरकारी सुविधाओं का सबसे ज्यादा लाभ आज दलित समाज के लोगों को मिल रहा है। आज प्रदेश में योगी जी की सरकार चल रही है जो प्रदेश का नक्शा ही बदल दिया है। बसपा सपा कांग्रेस अनुसूचित जाति के लोगों का सिर्फ वोट लेने का काम किया है और भाजपा ने मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया है।

अनुसूचित जाति के लोग डाक्टर भीम राव अम्बेडकर को अपना भगवान मानते हैं और उसी रूप में पूजने का काम करते हैं। बसपा सपा कांग्रेस की संयुक्त मोर्चे की सरकार में डा भीम राव अम्बेडकर की एक प्रतिमा तक नहीं लगाई थी परंतु अटल जी की सरकार ने सदन में जहां प्रतिमा लगा कर उनको सम्मानित किया है वही प्रधानमंत्री मोदी जी ने डा० अम्बेडकर से जुडे महत्वपूर्ण स्थल को पंचतीर्थ के रुप में घोषित करने का काम किया जहां आज प्रतिदिन लोग हजारो की संख्या में पूजा करते हैं।

सांसद कमलेश पासवान ने आगामी तीन नवम्बर को गोरखपुर में होनेवाले चम्पा देवी पार्क में दलित सम्मेलन में भाग लेने का अपील किया।इस दौरान सांसद पासवान को स्थानीय सांसद बिजय कुमार दूबे, विधायक मोहन वर्मा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने माल्यार्पण कर अंगबस्त्र प्रदान किया। इस दौरान अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद, जिलामंत्री डा सीमा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती, हरिनाथ प्रसाद, जितेंद्र तिवारी, संतोष लाल श्रीवास्तव, बाबूनंदन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेशः नगर कोतवाली समेत कई थाना प्रभारी बदले गए

दीपक कौशल

उत्तर प्रदेशः पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने गुरुवार रात पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया। एसपी ने पहले तो 15 निरीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया। शुक्रवार सुबह नगर कोतवाल का भी तबादला कर दिया है। वहीं, पुलिस लाइन से निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा को कोतवाली नगर की कमान सौंपी गई है।

जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एसपी ने प्रभारी निरीक्षकों सहित कई अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक के तबादले किए है। उन्होंने निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा को पुलिस लाइन से नगर कोतवाल बनाया है। कोतवाल रहे निरीक्षक संजय गुप्ता को एसपी ने अपना वाचक बनाया है। मनकापुर थाना के कार्यवाहक निरीक्षक राजकुमार सरोज को प्रभारी निरीक्षक थाना मनकापुर बनाया गया है।

इसके अलावा निरीक्षक हेमंत कुमार को पुलिस लाइन से थाना करनैलगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। वहीं पुलिस लाइन से निरीक्षक राधे श्याम यादव को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज व अरविंद कुमार को अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज बनाया गया है। गैरजनपद तबादला होने के कारण देहात कोतवाल महेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज चितवन कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसी प्रकार थाना नवाबगंज, छपिया, तरबगंज के अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक रहे क्रमश अनंत कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राम प्रकाश यादव को पुलिस लाइन भेजा गया है।

बरेली बिजली विभाग का बड़ा खेल, 1 लाख दो नौकरी लो

राजेश श्रीवास्तव

उत्तरप्रदेशः बरेली बिजली विभाग का बड़ा खेल ?1लाख दो नौकरी लो यह हम नहीं कह रहे कह रहे विभाग के अधिकारी उपखंड अधिकारी भुता ने सुनील सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह संविदा लाइनमैन को जो की 2010 से कार्यरत थे, उनको बिना किसी नोटिस के निकाल दिया गया।



जब सुनील सिंह ने मुख्य अभियंता इस बात की शिकायत की तो भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब सुनील सिंह उपखंड अधिकारी भगवान दास जी से दोबारा मिला तो उन्होंने ?1 लाख की डिमांड की उपखंड अधिकारी ने सुनील सिंह को बताया कि मुझे अधीक्षण अभियंता ग्रामीण बरेली एवं बेसिल कंपनी को भी देने हैं तभी नौकरी कर पाओगे वरना तुम्हें नौकरी किसी कीमत पर नहीं मिल पाएगी। प्रार्थी ने मजबूरी में उपखंड अधिकारी भगवान दास जी को ?50000 दे दिए।

इसके बाद भी उनको नौकरी पर नहीं रखा गया और 1 लाख रुपए पूरे करने को कहा गया। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो सुनील कुमार ने जिला अधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह आत्महत्या करने को मजबूर है इसके जिम्मेदार अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया जी वह भगवान दास जी उपखंड अधिकारी होंगे। वहीं जिला अधिकारी ने कार्रवाई करने का और निपक्ष जांच करने का आश्वासन दिया।

ददरी बंधा के पास अनियंत्रित बस हुई दुघर्टना का शिकार, 5 लोगों की मौत

सूरज मौर्य

उत्तर प्रदेशः मिजार्पुर ग्राम ददरी बंधा के पास आज एक प्राइवेट बस/वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने की सूचना पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। तत्पश्चात सबसे पहले हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में भर्ती घायलो तथा उनके परिजानो से मिलकर जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हुये सम्बन्धित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि किसी भी स्तर पर इलाज में लापरवाही न बरती जाय।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज एवं घटना स्थल पर मा0 विधायक छानबे रिंकी कोल भी पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण तथा अस्पताल में भर्ती मरीजो के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुये चिकित्सको से भी वार्ता कर जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा दुघर्टना में मृतक के परिजनो से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त करते हुये मृतक के परिजनो को तथा घायलो को दी जाने वाली शासकीय आर्थिक सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को दिया गया।

थाना सन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ददरी बन्धा के पास बस वाहन संख्याः UP-66-T-1864 अनियंत्रित होकर दुघर्टनाग्रस्त बस में कुल 31 लोग सवार थे पुलिस द्वारा तत्काल इलाज हेतु घायलो को अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा 05 लोगो को मृत घोषित कर दिया गया तथा शेष 26 लोगों इलाज प्रचलित है जिनकी स्थिति सामान्य है। घायलों के समुचित इलाज हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये है, नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता मृतक विवरण

1.ममता पत्नी सुरेश उम्र करीब-26 वर्ष निवासिनी बढ़ौना दुबार थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

2.मनीता पत्नी सुनील कुमार उम्र करीब-25 वर्ष निवासिनी मतवार थाना हलिया जनपद मीरजापुर।

3.अभिषेक पुत्र सुरेश उम्र करीब-02 वर्ष निवासी बढ़ौना दुबार थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

4.सत्यनारायण(चालक) पुत्र भोला उम्र करीब-40 वर्ष।

5.विष्णु कुमार पुत्र राजेश उम्र करीब-10 वर्ष निवासी बाबू गोड़र दुबार थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

सभी मृतको का शव लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से पोस्टमार्स्टम के लिये एम्बुलेंस के माध्यम से भेजवाते हुये जिलाधिकारी ने तत्काल पोस्टमार्स्टम कराने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। लालगंज व हलिया में घायल व्यक्तियो का इजाल प्रचलित है तथा 10 गम्भीर घायलो को जिला अस्पताल के लिये रेफर किया गया। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा उपस्थित रहें।

राजस्थानः उम्मीद 2023 का भारतीय सेना पर टॉक शो का 28 अक्टूबर को होगा आयोजन, 25 जरुरतमंद विद्यार्थियों को दी जाएगी छात्रवृत्ति

प्रमोद कुमार बंसल

राजस्थानः जयपुर के इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य सभागार में 28 अक्टूबर को शाम 5:00 बजे से उम्मीद 2023। कल आज और कल कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा।

राजस्थान की अग्रणी संस्था ओपन फॉर स्माइल ऑलवेज फाउंडेशन (डरअ) का 9ॅ वार्षिक उत्सव के रूप में राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम उम्मीद 2023 भारतीय सेना को समर्पित होगा जिसमें मेजर जनरल जीडी बक्शी, मेजर जनरल अनुज माथुर और लेफ्टिनेंट कर्नल पूनम सागवान हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम में भारतीय सेना द्वारा अभी तक लड़े गए युद्धों पर टॉक शो का आयोजन किया जाएगा जिसे स्क्रीन प्ले के माध्यम से प्रदर्शित कर उनके शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

यह रोमांचित करने वाले राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा जिसमें शहीद परिवार, आर्मी ऑफिसर व बड़ी संख्या में सैनिक उपस्थित होंगे। जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं प्रोग्राम में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियां भी दी जाएगी।

कार्यक्रम में 25 जरूरतमंद विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षा क्षेत्र में लाखों रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जो कि प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम के माध्यम से दी जाती रही है अब तक संस्था ने 101 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की है।

संयोजक मनोज चौधरी एवं अध्यक्ष अर्जुन सक्सेना ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम करवाया जाता है। जो इस वर्ष भारतीय सेना को समर्पित होगा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को इंडियन आर्मी के प्रति समर्पित कर देश सेवा एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद युवा विद्यार्थियों को आर्थिक मदद कर भविष्य के लिए तैयार करना है।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को एन ए वी ग्रुप, अरेना एनीमेशन, साई कॉम इंस्टिट्यूट एवं द रूट्स फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया के ककोर स्थिति तिरंगा मैदान में महिला शक्ति बन्दन रैली को किया सम्बोधित

आनंद राहुल, उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया के ककोर स्थिति तिरंगा मैदान में महिला शक्ति बन्दन रैली को सम्बोधित किया। योगी आदित्यनाथ में सबसे पहले मंच पर पहुँचकर बच्ची को चांदी की चम्मच से खीर खिला कर अन्नप्राशन संस्कार कराया और बच्ची को गिफ्ट दिया, तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में विभिन्न विभागों की 145 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 688 करोड़ की लागत की परियोजनाओं की जनपद वासियों को सौगात दी। मुख्यमंत्री की महिला शक्ति वन्दन रैली में भारी भीड़ दिखी ।रैली में पहुँची भारी महिला शक्ति को योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद दिया ।

भगुवापुरा थाना पुलिस ने पकड़ा कट्टा धारी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

रामसेवक शर्मा, उत्तर प्रदेशः दतिया पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी सेवड़ा अखिलेश पुरी गोस्वामी के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम भगुवापुरा शराब ठेका पुलिया के पास सेआरोपी राजकुमार उर्फ राजूपुत्र धुमाराम झा निवासी भगुवापुरा को एक 315 बोर के कट्टा तथा एक जिंदा राउंड के पकड़ा गया। आरोपी के मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय सेवड़ा पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सोबरन सिंह तोमर सहित थाना पुलिस की अहम भूमिका रही। इसी कड़ी में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना भगुवापुरा पुलिस के द्वारा ग्राम भगुवा पुरा, रामपुरा, मलियापुरा अटरा, बस्तूरी बडापोरसा, परसोंदा, करीला, जैसावली, गोरा आदि संवेदनशील ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

बरेली 12 मदरसे बंद करने का प्रशासन ने दिया आदेश

जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध, दिया राज्यपाल को ज्ञापन

राजेश श्रीवास्तव

उत्तर प्रदेशः 12 मदरसे बंद करने का प्रशासन ने दिया आदेश जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने 12 मदरसो को नोटिस भेजा है कि, अगर वे तुरंत बंद नहीं हुई तो प्रतिदिन ?10000 का शुल्क लिया जाएगा। शिक्षा विभाग सहित किसी को भी मदरसा मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है, केवल अल्पसंख्यक विभाग ही ऐसा कर सकता है मदरसे आम स्कूल की तरह नहीं है इसलिए मदर्सो के लिए अलग नियम बनाए गए हैं।

स्कूलों की तरह जुमार्ना प्रक्रिया मदरसो पर लागू नहीं की जा सकती 1995 में मदर्सो को स्कूल के नियमों को अलग कर दिया गया था। शिक्षा विभाग द्वारा गैर कानूनी नोटिस के जरिए मदर्सो का निशाना बनाया जा रहा है। मुजफ्फरनगर में नोटिस एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने के लिए है स्कूल पंजीकरण नियम इस्लामी मदर्सो या अन्य धार्मिक संस्थाओं पर लागू नहीं होता कई मदरसो को ऐसे नोटिस मिले हैं, जिनमें मदरसो को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है।

यदि बंद न करने पर ?10000 प्रतिदिन जुमार्ना लगाने का आदेश जो किया असंवैधानिक है, यूपी में लगभग 25000 मदरसे हैं और 16500 से अधिक मदरसे यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिला कांग्रेस कमेटी चाहती है कि जो मदरसे मंत्र प्राप्त नहीं है उनको मान्यता प्रदान की जाए और गैर कानूनी आदेश पर रोक लगाई जाए।

एक नजर

इंदौर पहुंचे भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रांतीय महासचिव अर्जुन यादव

मोहित दखनी, मध्य प्रदेशः इंदौर पहुंचे भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रांतीय महासचिव अर्जुन यादव का भारती शैली कुश्ती संघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया, जिसमें इंदौर जिला टीम के अध्यक्ष के रूप में सुनील यादव को नियुक्त कर जिले की कमान सौंपी। अर्जुन यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय महासचिव भारतीय शैली कुश्ती संघ का इंदौर आगमन पर बहुत ही शानदार स्वागत हुआ। ग्रामीण अंचल के पहलवानों को मिट्टी में लड़ने का एक सुनहरा मौका मिले ऐसी आशा लेकर राष्ट्रीय महासचिव हमारे बीच आए वह जानकारी दी।

सिरमौर रेणुका विधानसभा में भाजपा को बड़ा झटका, भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए राजेश भारद्वाज

हेमंत चौहान, हिमाचल प्रदेशः सिरमौर ग्राम पंचायत भावन कड़ियाना के प्रधान राजेश भारद्वाज भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। विधायक विनय कुमार ने माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। रेणुका के लोकप्रिय विधायक विनय कुमार के विकासआत्मक कार्यों तथा सरल स्वभाव से प्रभावित होकर आज ग्राम पंचायत भोंन कढ़ियाना के वर्तमान प्रधान राजेश भारद्वाज ने थामा कांग्रेस का हाथ। राजेश भारद्वाज पूर्व में भाजपा मंडल रेणुका ओबीसी युवा मोर्चा के महामंत्री रहे है तथा उन्होंने भाजपा से आहत, हताश और निराश एवम् अत्यधिक दुःखी होकर थामा कांग्रेस का दामन।

टोल प्लाजा को लेकर के तीसरे दिन भी किसान महापंचायत का धरना जारी

अनुप कुमार, उत्तर प्रदेशः थाना क्षेत्र अहरौरा के बनस्थली महाविद्यालय के पास किसान महापंचायत का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। बताते चले कि किसान अपनी मांगों को लेकर के 26/10/2023,(गुरुवार) को किसान महापंचायत की बैठक हवन पूजन के साथ शुरू की जिसमें देर शाम तक मांग पूरी न होने के कारण आज तीसरे दिन(शनिवार)को भी धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता डॉ. रामप्यारे सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जमालपुर के नेतृत्व में जारी है, और जब उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब तक हमारी मांगे टोल प्लाजा को लेकर के पूरी नहीं हुई तब तक हमारा धरना अनवरत जारी रहेगा। वहीं धरने में तीसरे दिन मौजूद रहने वालों में जिला प्रभारी संगठन डॉक्टर पंचम सिंह, नंदलाल भारती,चुल्लन बिंद,अवधेश सिंह, दीप्पन सिंह,राम अवध सिंह एवं बहुत सारे क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर, पीएम मोदी और अमित शाह ने दी लोगों को शुभकामनाएं

कृतिका कुमारी, नई दिल्लीः वाल्मिकी जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से मोदी ने कहा, "देशवासियों को वाल्मिकी जयंती की शुभकामनाएं। सामाजिक समानता और सद्भावना से जुड़े उनके अनमोल विचार आज भी भारतीय समाज को सींच रहे हैं। मानवता के अपने संदेशों के माध्यम से वह देश की अद्भुत धरोहर बने रहेंगे।" सदियों पुरानी हमारी सभ्यता तथा संस्कृति।

एक नजर

बलिया में दलित किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलिया (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दलित किशोरी को अगवा कर एक युवक द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी योगेंद्र सिंह ने पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि उनकी बेटी को 20 अक्टूबर को इसी क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के निवासी संतोष कुमार राजभर ने अगवा कर लिया तथा उसे अपशब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने किशोरी को चिकित्सा जांच के लिए भेज दिया है।

मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के देश के महानतम स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उप्र के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, "भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है। वे एक महान खिलाड़ी के रूप में हमारी स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह दुख सहने की शक्ति दें।" बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी अंजू, बेटा अंगद और बेटी नेहा हैं।

फूड पेंशनर्स फोरम का सम्मेलन 22 नवम्बर को

लखनऊ, एजेंसी। खाद्य एवं रसद विभाग उ.प्र. सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों के फोरम यू.पी.फूड पेंशनर्स फोरम का प्रांतीय सम्मेलनध मिलन समारोह आगामी 22 नवम्बर को स्थानीय गोमतीनगर स्थित कम्फर्ट इन होटल के हाल मे आयोजित किया गया है जिसमे प्रदेश भर के विभागीय पेंशनर भाग लेंगे।यह निर्णय आज विभाग के पूर्व मुख्य विपणन अधिकारीध अपर आयुक्त (विपणन) बसंतलाल सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न आयोजन समिति की बैठक मे लिया गया।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विजयदशमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।विजयदशमी की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा कि विजयदशमी का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसके उपलक्ष्य में विजयादशमी का त्यौहार मनाया जाता है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। सिंह ने कहा कि इस अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को जलाया जाता है। सनातन परंपरा में दशहरे का त्यौहार अति महत्वपूर्ण है। इस दिन शस्त्रों की भी पूजा होती है, राज्य सरकार ने भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया है। उनका त्याग और आदर्श जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों को बिना भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसमें रामराज्य की परिकल्पना का संदेश छिपा हुआ है। उन्होंने विजयदशमी पर्व को हर्ष और उल्लास से मनाने की अपील करते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की कामना की है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दशहरा के पावन व पुनीत अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व विजय का प्रतीक है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में साहस, संयम और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि दशहरा का त्योहार, अनीति पर नीति की, असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मेरी मंगल कामना है कि यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करे। यह त्योहार भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है और हमें सद्भाव के साथ रहने तथा बुराई का त्याग करके सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। यह त्यौहार सभी के जीवन में समृद्धि और सम्पन्नता लाये।

दुर्गा पूजा पंडाल में गायकों ने बांधा समां

लखनऊ, एजेंसी। राजधानी के कानपुर रोड स्थित एलडीए कालोनी कम्यूनिटी हॉल में सोमवार को मां दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया।जिसे सरोजनी पूजा समिति द्वारा किया गया। जिसमें देवीभक्तों की भारी भीड़ शामिल हुई। वहीं सांस्कृतिक समारोह की श्रृंखला में युवा गायक स्वरांश पांडेय ने देवी मां दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

जिस पर भक्तों की तालियां की गड़गड़ाहट से पूजा पंडाल झूम उठा। इसी क्रम में सूफी गीत प्रस्तुति करते हुए स्वरांश ने 'इश्क वो बला है'गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा गायक धनंजय मित्तुल और नीतीश ने भी भजनों, गजलों और सूफी प्रस्तुतियों दी। समारोह में सभी भक्तिमय प्रस्तुतियों को भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय के तबला अध्यापक देवानंद पांडेय ने अपने कौशलपूर्ण तबला वादन से उत्कृष्ट संगत देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

आरोग्य की कामना से पहनाई मेवे की माला

लखनऊ, एजेंसी। श्री गणेश सेवा समिति डालीगंज की ओर से 12वां श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन डालीगंज ठठेरी बाजार के श्री जय मां दुर्गा मंदिर में 15 से 24 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सोमवार को महानवमी के अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्य की कामना से मेवे की माला मां दुर्गा को अर्पित की गई। डालीगंज दुर्गोत्सव में समिति के महामंत्री रचित नाग और पंडित देवी प्रसाद त्रिपाठी की उपस्थिति में डालीगंज में 1990 में कृष्ण कसेरा की अगुआई में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में भी पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग अर्पित करने का पुण्य अर्जित किया गया। वहां प्रथम देव गणपति और महादेव के पूजन के उपरांत मां दुर्गा, मां काली, मां संतोषी, मां शीतला देवी, मां सरस्वती के साथ कृष्ण प्रिया राधा जी का भी पूजन-अर्चन किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को दुर्गोत्सव में स्थापित माताजी की मूर्ति की विसर्जन यात्रा झूले घाट तक भव्य रूप में निकाली जाएगी। डालीगंज दुर्गोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तगण कोलकाता के मूर्तिकार आर.के.पाल द्वारा तैयार की गई मां की मूर्ति का दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

बेटियों के पांव पखार सीएम योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना

गोरखपुर, एजेंसी। मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा व सम्मान गोरक्षपीठ की परंपरा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की अनेक योजनाओं से इस परंपरा का विस्तार किया है। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हुए सीएम योगी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन किया।

गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर के भोजनालय में पीतल के परात में भरे जल में नौ नन्हीं बालिकाओं के बारी-बारी से पांव धोये। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और दूब (दुर्वा) का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन

कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा।

इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी मुख्यमंत्री ने पूजन कर आरती उतारी। सभी को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया।

इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से ये बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद कन्याओं व बटुकों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

जब भी दुष्प्रपवृत्तियां प्रभावी हुई, सनातन धर्म ने हमेशा कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है : योगी

गोरखपुर, एजेंसी। उत्तेर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सोमवार को कहा कि प्रत्येक काल और परिस्थिति में जब भी दुष्प्रवृत्तियां प्रभावी होती हुईं दिखाई दीं, तो सनातन धर्म ने हमेशा उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार किया और उनका सामना करते हुए लोक कल्याण, रार्ष्र कल्याण और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। योगी आदित्यनाथ ने आज यहां गोरक्षनाथ मन्दिर में कन्या पूजन के उपरान्त पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज महानवमी की तिथि तथा मां सिद्धिदात्री का दिन है।

गोरक्षपीठ के महंत एवं मुख्यरमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी कन्याओं के पूजन और अनुष्ठान आदि कार्यक्रमों के साथ जुड़ा है। सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान व उनके सशक्तीकरण पर जोर दिया और इसीलिए कुंवारी कन्यासओं का पूजन किया जाता है। उन्होंने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि हमें कन्याओं के पूजन व अनुष्ठान कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और सशक्तीकरण का एक बहुत अच्छा एवं पवित्र माध्यम है। योगी ने कहा कि इस अवसर पर पूरे प्रदेश में नवदुर्गा पूजा के कार्यक्रम हर्षोल्लास और उमंग के साथ आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं शासन स्तपर पर प्रभावी ढंग से मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का कार्यक्रम कुशलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल विजयादशमी का पर्व है, यह धर्म, सत्य और न्याय की विजय का पर्व है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्मावलम्बी हैं, वे बड़े उत्साह और उमंग के साथ प्रभु श्री राम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व, विजयादशमी के आयोजन से जुड़ रहे हैं। देश-प्रदेश में जगह-जगह रामलीला सहित अनेक प्रकार के आयोजन इस अवसर पर हो रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि जगत जननी मां भगवती दुर्गा का आशीर्वाद प्रदेशवासियों को समाज की एकता, सशक्तिकरण और मातृ शक्ति के सम्मान के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं नारी गरिमा के अनुरूप उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी हुई हैं। इन योजनाओं के प्रति जन जागरण और इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिशन शक्ति का चतुर्थ चरण प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है।

9 से 14 साल की लड़कियों को टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए : प्रो.सोनिया

लखनऊ, एजेंसी। केजीएमयू में स्तन कैंसर पर आधारित विजया उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों ने सुझाव व्यक्त किए।सोमवार को संस्थान के शल्य चिकित्सा विभाग में वोमन इनपावरमेन्ट ग्रुप की सदस्य एवं सर्जरी विभाग की प्रो. डॉ. गीतिका नन्दा द्वारा स्तन कैंसर 'विजया एक उत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूवात कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द ने दीप प्रज्जवलित के साथ की गई।उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि स्तन कैंसर से लड़कर स्वस्थ हुए मरीजों एवं सभा में उपस्थित लोगों को स्तन कैंसर के शुरूआती लक्षणों को बताने के साथ-साथ बच्चेदानी के मुँह के कैंसर के बारे में भी जागरूक किया।

प्रो.सोनिया नित्यानंद ने कहा कि स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर बच्चेदानी के मुँह का कैंसर है।उन्होंने कहा कि इसकी वैक्सीन उपलब्ध है।इसकी रोकथाम के लिए 9 से 14 साल की लड़कियों का टीकाकरण आवश्यक रूप से कराना चाहिए। इसके तत्पश्चात स्तन कैंसर से स्वस्थ हुए मरीजों ने अपनी बातें रखी एवं अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने के लिए परिवार का सपोर्ट होना बहुत जरूरी है। सपोर्ट से ही मरीजों में इस बीमारी से लड़कर सही होने की उम्मीद बढ़ जाती है। उन्होंने कीमोथेरेपी के बाद होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बाल झड़ने के बाद सामाजिक हीनता को भी झेलना पड़ता है, लेकिन हमें हिम्मत नहीं हारनी है और इन सबसे डरना नहीं है।क्योंकि कैंसर से स्वस्थ होने के बाद यह सब परेशानियाँ दूर हो जाती है।इसके बाद सभी मरीजों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान पैरामेडिकल के छात्र- छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके लोगो को बेस्ट कैंसर के बारे में जागरुक किया। साथ ही रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को ट्राफी एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में डॉ. पुनिता मानिक,इन्चार्ज, वोमेन इम्पावरमेंट सेल, डॉ. राजेश्वरी सिंघल, एसो.प्रो.पेरियोडेंटल , प्रो. अमिता जैन डीन, मेडिसिन एवं अन्य विभाग की फैकल्टी भी उपस्थित रहें।

प्रतिमा विसर्जन पर इस प्रकार रहेगा यातायात का डायवर्जन

प्रतिबंधित मार्ग पर केवल एम्बुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस को जाने की अनुमति

लखनऊ, एजेंसी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या की तरफ से कैसरबाग जाने वाली रोडवेज बसों को कमता तिराहे से गोमतीनगर की तरफ मोड़ दिया जायेगा, जहां से वह अपने गन्तव्य स्थान समता मूलक, गाँधीसेतु, पीएनटी, संकल्प वाटिका, चिरैयाझील, क्लार्क अवध के पीछे से सीडीआरआई होते हुए कैसरबाग आ-जा सकेंगी। सीतापुर रोड से कैसरबाग आने वाली रोडवेज, सिटी बसें मडि?ँव, पुरनिया, डालीगंज रेलवे क्रासिंग, पक्का पुल, शाहमीना, डालीगंज पुल, सीडीआरआई होते हुये कैसरबाग जायेगीं तथा वापसी में बलरामपुर ढाल, शहीद स्मारक होकर उपरोक्तानुसार होगा।चौक, शाहमीना तिराहा, डालीगंज पुल, कैसरबाग की ओर से आने वाला सामान्य यातायात क्लार्क अवध तिराहे से सीधे सुभाष चौराहा होकर नहीं जा सकेगा, यह यातायात क्लार्क अवध तिराहे से

चिरैयाझील, सहारागंज या संकल्प वाटिका होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।डालीगंज पुल इक्का तॉगा स्टैण्ड से आने वाला यातायात गोमती नदी बंधा होकर झूलेलाल पार्क की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात गोमती नदी पुल पार कर डालीगंज पुल या आई0टी0 चौराहा की ओर से अपने गन्तव्य को जा सकेगा।टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा से मकबरा रोड की ओर से सामान्य यातायात परिवर्तन चौक की ओर नहीं नहीं जा सकेगा. यह यातायात कैसरबाग बस अड्डा या सीडीआरआई तिराहा, क्लार्क अवध, चिरैयाझील होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।निराला नगर की ओर से आने वाला यातायात आईटी चौराहा से विश्वविद्यालय मार्ग, हनुमान सेतु होते हुए सुभाष चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात आईटी चौराहा से बायें व दाहिने मुडकर समथर पेट्रोल पम्प होते हुए निशातगंज व डालीगंज पुल से अपने गन्तव्य को जा सकेगा।हजरतगंज चौराहा एवं परिवर्तन चौक की ओर से आने वाला यातायात सुभाष चौराहा से हनुमान सेतु होकर आईटी चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात मकबरा रोड, टेलीफोन एक्सचेन्ज, सीडीआरआई, डालीगंज पुल या क्लार्क अवध, चिरैयाझील से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। हनुमान सेतु नदवा बन्धा तिराहे से नदवा बन्धा रोड झूलेलाल पार्क की ओर सामान्य यातायात नही जा सकेगा,बल्कि यह यातायात आईटी चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। महाराणा प्रताप चौराहे से हिवेट रोड बंगाली क्लब की ओर नहीं जा सकेगा। बल्कि यह यातायात वर्लिंग्टन चौराहा या बांस मण्डी चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।सामान्य यातायात के लिए प्रदान किये गये डायवर्जन मार्ग के अतिरिक्त यदि किसी जन-समान्य की चिकित्सकीय अपरिहार्यता की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबन्धित मार्ग पर भी एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन इत्यादि को ट्रैफिक पुलिस,स्थानीय पुलिस द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन ,जुलूस, शोभा यात्रा के दौरान अनुमन्य रहेगा।

राजधानी में 59 स्थानों पर रावण के पुतले का होगा दहन

- कल 133 दुर्गा प्रतिमाओं का किया जाएगा विसर्जन
- चार घाटों पर प्रतिमा विसर्जन का होगा कार्यक्रम

लखनऊ, एजेंसी। विजयदशमी का पर्व कल धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में रावण के पुलते का दहन के साथ-साथ कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गए है। राजधानी

के अंदर जहां पर रावण के पुतले का दहन, शोभायात्रा व प्रतिमाओं का विसर्जन होगा वहां पर पुलिस के साथ-साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। ताकि कहीं किसी प्रकार की असुविधा न उत्पन्न होने पाये। इसके अलावा पुलिस अधिकारी घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार का विजयदमशी का त्योहार मनाया जाएगा। इसके संबंध में राजधानी के अंदर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गये है। कार्यक्रम के दौरान कोई असुविधा न हो यह देखते हुए यातायात का डायवर्जन भी किया गया है। ताकि आने व जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शहर में लगभग 76 शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही 133 मां की प्रतिमा विसर्जन और 59 रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

इन स्थाना पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किया गया है। इन सारे कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। दस कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरएएफ उपलब्ध कराया गया है। जिसकी ड्यूटी घाटों, पुतला दहन स्थल व शोभायात्रा में लगाई जा रही है। साथ ही विजयदशमी के अवसर पर कार्यालयों में अवकाश रहेगा।

25 हजार छात्र-छात्राएं और शिक्षक सजाएंगे 24 लाख दीये : जयवीर सिंह

लखनऊ, एजेंसी। अयोध्या में होने वाले भव्य और दिव्य दीपोत्सव में ठीक से 20 दिन भी नहीं बचे हैं। दुनिया 11 नवंबर को 21 लाख जगमगाते दीपों की अवलियां देखेगी। यह अद्भुत दृश्य फिर नयनों में बस जाएगा और नया इतिहास रच जाएगा। अपना ही बनाया विश्व रिकार्ड टूटेगा। 24 लाख दीपों की लडि?ां सजाई जाएंगी। दीपों को सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी 25 हजार लोग निभायेंगे। इसमें डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों, इंटर कालेजों के छात्र-छात्राएं, अध्यापक और कुछ स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी रहेंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपावली को दीप पर्व के रूप में मनाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। प्रदेश सरकार इसे दीपोत्सव के माध्यम से फिर से प्रतिष्ठित कर संपूर्ण संसार को अयोध्याधाम की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है। दीपों की लडि?ां सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की है। विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालय के हजारों छात्र इस बड़ी जिम्मेदारी में रहते है। पिछले वर्ष 21 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने पूरे दीपोत्सव को दिव्यता और भव्यता प्रदान की थी। यह

मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने महानवमी पर किया कन्यापूजन

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर बहादुरगंज स्थित आवास पर सपरिवार मां दुर्गा की स्तुति के साथ ही हवन-पूजन किया। हवन पूजन के साथ ही विधि-विधान से कन्यापूजन करते हुए कन्याओं के पांव पखारे और भोजन प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने पीतल के परात में लोटे के जल से कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे। उनके पैरों में रंग लगाया। वहीं माथे पर रोल, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगाकर व चुनरी ओढ़ाकर उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस अवसर पर आरती उतारी वहीं अपने हाथों से भोजन परोसा। मंत्री नन्दी ने कहा कि बेटियां सुख, समृद्धि और प्रगति का आधार हैं, इनकी पूजा सर्वोत्तम पूजा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि नवरात्रि आद्याशक्ति की आराधना का पर्व है, जो सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी हैं। नवरात्रि इन्हीं जगत जननी को समर्पित है और भारतीय संस्कृति में कुमारी कन्याओं को साक्षात देवी स्वरूप माना गया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी मायने और किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं वो हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इसलिए आज के समय में बेटियों को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उन्हें आगे बढ? के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

रामनवमी: घर-घर हुआ कन्या पूजन, उतारी आरती

- कन्याओं को पहले कराया भोजन फिर खोला व्रत
- प्रसिद्ध मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन को उमड़े भक्त

लखनऊ, एजेंसी। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सोमवार को राजधानी में जगत-जननी के सिद्धिदात्री स्वरूप की उपासना की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में हवन किया और कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर लोक कल्याण की कामना की। नौ दिनों तक व्रत रहने वाले श्रद्धालुओं ने पारण किया। देवी के नौ दिवसीय पर्व नवरात्र की राजधानी में धूम रही। अंतिम दिन सोमवार को देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। दर्शन-पूजन कर जन कल्याण की कामना की गई।

राजधानी के प्रसिद्ध मंदिर कालीबाड़ी मंदिर, मां चंद्रिका देवी मंदिर, संकटा माता मंदिर, शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, ठाकुरगंज में मां पूर्वी देवी बाघम्बारी मंदिर तथा मरी माता मंदिर में भक्त सुबह से ही पहुंचकर हवन-पूजन शुरू किया। साथ ही कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा आदि समर्पित किया। इस दौरान लोक कल्याण की कामना की गई। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार गूंजते रहे। शारदीय नवरात्र में जगह-जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की सोमवार को सुबह से ही धूम रही। अधिकांश प्रतिमाएं दशमी के दिन ही विसर्जित कर दी जाती हैं। पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, सुबह से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन व देर रात तक चलता रहा।

महिला-पुरुष से लेकर बच्चों तक ने पंडालों में पहुंचकर आकर्षक ढंग से सजे पंडालों व प्रतिमाओं का अवलोकन व पूजन अर्चन किया। मंदिरों के अलावा जो भक्त नौ दिन का व्रत रहे उन्होंने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूर्जा-अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां सिद्धादात्रि की पूजा के बाद कन्यापूजन व भोज कराकर व्रत खोला। घरों के साथ मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ ही कन्याओं का भी जमावड़ा लगा रहा।

श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराने के बाद स्वेच्छा से कन्याओं को पैसे, कपड़े व श्रृंगार की सामग्री वितरित की। जगह-जगह प्रसाद का हुआ वितरण । नवरात्र पर कन्याओं की पूजा का महत्व होने के चलते उनको पहले भोज कराने की होड़ लगी रही। देवी मंदिरों पर भी हवन-पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने कन्याओं को फल, दही-जलेबी, पूड़ी-सब्जी खिलाई और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया।

संपादकीय

मौसम हुआ ठंडा सियासत गर्म

मप्र में एक ओर जहां गिरते पारे के साथ मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा तो चुनावी पारे ने सियासी गर्मी भी बढ़ा दी हैङ्घमुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित केंद्रीय नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे मप्र में शुरू हो चुके हैं तो भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी हो गईङ्घलेकिन बात कांग्रेस की करें तो कमलनाथ के अलावा दिग्विजय सिंह ही दो रोज पूर्व तक चुनावी मैदान में ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे थे..पर बीते दो दिन से वो भी शांत दिखाई दे रहे हैं..नाराजगी की बजह शुजालपुर का टिकट न बदलना बताया जा रहा है..हालांकि यहां अरुण यादव तो मानो घर से ही नहीं निकल रहे..टिकट वितरण से पहले वे बुंदेलखंड की जिम्मेदारी संभाले थे..अभी तक के चुनावी कंपैन में कांग्रेस मुख्यालय में प्रभारी सुरजेवाला और केंद्र से आये कांग्रेस के प्रवक्ताओं का दल ही प्रेस वाताओं के माध्यम से भाजपा सरकार पर हमलावर है..कमीशन, भ्रस्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, कुपोषण, जनजातीय अत्याचार ही कांग्रेस के मुद्दे हैं तो उनकी जनता की सुविधाओं की गारंटियां कांग्रेसी अपनी ताकत बताते हैं..जिन केंद्रीय प्रवक्ताओं ने मप्र सरकार पर आंकड़ों के साथ प्रहार करने की जिम्मेदारी संभाली है उनमें..रागिनी नायक, सुप्रिया श्रीनेत, अलका लांबा, सुरेंद्र राजपूत प्रमुख हैं..इधर कमलनाथ भी दिनभर में एक या दो ही स्थानों पर पहुंच पाते हैं..कुल मिलाकर ऐसा लगता है जैसे टिकट वितरण में कमलनाथ की एकला चलो नीति ही कारगर साबित रही..

पर विरोध के बाद हुए टिकट बदलाव से कांग्रेस के भीतर का सियासी माहौल एकदम बदला और अब कमलनाथ ही जितना हो सकता चुनावी मैदान में हैं..खैर हम यहां बात कर रहे भाजपा के मुकाबले मैदानी जमावट कसावट में भाजपा के नेताओं के मुकाबले कांग्रेस के कितने नेता कहाँ कहाँ मौर्चा संभाले हैं..तो हाल फिलहाल तो सभी कांग्रेस के बड़े नेता अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों से ही बाहर नजर नहीं आ रहे..ऐसे में कांग्रेस की नैया कैसे पर लगाएंगे नाथ..या अभी कोई नई चाल दिखाएगी कांग्रेस..प्रियंका गांधी, राहुल गांधी का मप्र में दौरा जरूर हो रहा पर भाजपा के बड़े नेताओं के शायद तुलनात्मक ज्यादा दौरे नजर आ रहे..स्टार प्रचारकों में भाजपा ने 20 मप्र के नेताओं के नाम शामिल किए..जिनमें मुख्यमंत्री शिवराज सहित वे चेहरे भी अन्य जगह चुनावी प्रचार करते नजर आएंगे जो खुद चुनावी मैदान में हैं..ऐसे में कांग्रेस का कौन बड़ा चेहरा अन्य स्थानों पर चुनाव प्रचार करते नजर आएगा ये देखना बाकी है .. तो सवाल यही पर खड़ा होता है मुख्यमंत्री के घोषित उम्मीदवार कमलनाथ क्या अगले एक महीने में प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र तक पहुंच पाएंगे.. चाहे वह जिन्हें कमलनाथ ने टिकट दिलवाया या दूसरे कोटे से टिकट लेकर आए नेट क्यों ना हो.. सवाल क्या गारंटी है कि कमलनाथ की इस कमी को पूरी करने के लिए खुलकर उनके जोड़ीदार दिग्गी राजा प्रचार की कमान संभाल कर अपना चेहरा जनता के बीच सामने लाएंगे..

पश्चिम एशिया संकट: दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में

-राम पुनियानी-

जहाँ तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गाँधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है. उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है.

गत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है. दोनों ही हमलों की निष्ठुरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता. ऐसे हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है - चाहे वे सैनिक हों या नागरिक. अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है. यहाँ तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लग गए. और जब वे बोले भी तब भी घुमाफिरा कर. मगर इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने जरा भी देरी नहीं की. इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. लेकिन साथ ही यह स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमरीका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं (हालाँकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की) और कई यहूदियों ने पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की आलोचना की है.

जहाँ तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गाँधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है. उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है. मगर इसका यह मतलब नहीं है उन्हें मुआवजा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी जमीन छीन ले जाए. यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं. यहूदियों के प्रति ईसाईयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी जिम्मेदार थे. आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा. यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया. अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए. हिटलर द्वारा यहूदियों को हर तरह से प्रताड़ित किया गया.

यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था. इसी के नतीजे में जोयनिज्म या यहूदीवाद का जन्म हुआ. थियोडोर हर्ट्सजल ने 'द ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के बाल शहर में कुछ यहूदियों की बैठक हुई. ओल्ड टेस्टामेंट के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है. उनका नारा था, 'भूमिविहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन). जाहिर है कि यह नारा उस भूमि पर 1, 000 साल से रह रहे फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आव्हान था. और ये फिलिस्तीनी केवल मुसलमान नहीं थे. उनमें से 86 फीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4 फीसदी यहूदी थे. बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां जमीन खरीदने लगे.

शुरूआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे. जो यहूदी फिलस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी जमीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें. उनका इरादा साफ था, धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्जा जमाते जाओ. यहूदियों की संख्या बढ़ती गयी. फिर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढ़ने लगीं. सन 1917 में इंग्लैंड ने बेलफोर घोषणापत्र जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया. इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है. महान यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने बेलफोर घोषणापत्र के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था.' अमरीकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों और रोकों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था. अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया.

हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताड़ना के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद, यहूदी और बड़ी संख्या में यहाँ बसने लगे. यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमरीका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया. कुछ वक्त बाद, फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बाँट दिया गया झ फिलिस्तीन और इजराइल और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा. जमीन का बंटवारा अरब लोगों के हितों के खिलाफ था. लगभग 30 प्रतिशत यहूदियों जो सात प्रतिशत जमीन पर रह रहे थे को 55 प्रतिशत जमीन दे दी गयी. फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत जमीन दी गयी और उन्होंने इस निर्णय को अल-नकबा (तबाही) की संज्ञा दी.

इजराइल को अमरीका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला. युद्धों के जरिये वह धीरे-धीरे अपने कब्जे की जमीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जमीन पर काबिज है. फिलिस्तीनी अपनी ही जमीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं. शुरूआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घरबार छोड़ने पड़े थे. इन्हीं विस्थापितों में से प्रतिरोध की एक नायिका लैला खालिद उभरी थीं. वे 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ पेलेस्टाइन' के सदस्य थीं. प्रतिरोध के एक अन्य बड़े नायक थे यासेर अराफात, जिन्होंने बीच का रास्ता चुना और फिलिस्तीन को वैश्विक मुद्दा बनाया. समाधान के कई प्रयास असफल हो गए जिनमें ओस्लो समझौता शामिल है. जमीन को बाँट कर वहां दो देशों - फिलिस्तीन और इजराइल झ की स्थापना का प्रस्ताव इजराइल को मंजूर नहीं है. बल्कि इजराइल तो एक तरह से फिलिस्तीन को मान्यता ही नहीं देता. इजराइल की एक प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर ने कहा था 'फिलिस्तीन जैसी कोई चीज नहीं है.ह्व इजराइल की मूल नीति यही है.

इजराइल लगातार फिलिस्तीन की भूमि पर कब्जा बढाता जा रहा है और इस बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कई प्रस्तावों को इजराइल नजरअंदाज करता आ रहा है. अमरीका इजराइल की यहूदीवादी नीतियों का खुलकर समर्थन करता आ रहा है.

सेल्फी से मौतें: हम नहीं सुधरेगें, खुद ही बेमौत मरते रहेगें?

-नरेन्द्र भारती-

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं। देश मे समय समय पर ऐसे हादसे होते रहते है मगर सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है। देश कभी रेल से लटकते समय व पटरीयों पर सेल्फी ली जाती है तो कभी बहते पानी में ली जाती है। चटटानों पर खड़े होकर ली जा रही है। पहाड़ियों पर चढकर पांव फिसल रहे है। सेल्फी जानलेवा साबित हो रही है। सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृति बढ़ती ही जा रही है। ताजा घटनाक्रम में झारखण्ड के देवधर में सेल्फी के चक्कर में बैराज में कार गिरने सेएक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। विजयदसमी के मोके पर चलती कार में स्टेरिंग थाम लिया और सेल्फी लेने लगा सेल्फी लेने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बैराज में गिर गई। कुछ वर्ष पहले गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहतें थे कि बेमौत मारे गए। देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है हर रोज सेल्फी की वारदातें हो रही है। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्व हो रही है। देश में सेल्फौ के हर रोज ऐसे दर्दनाक हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नदियों के किनारे लोग डूब रहे है। खुद ही मौत के मुंह में समाते जा रहे है। सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे है। केन्द्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा। देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते है कि अपनी जान जोखिम में खुद डाल देते है और असमय ही बेमौत मारे जा रहे है। ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बूझा रही है अगर इन मामलो पर संज्ञान लिया जाए। अगर प्रशासन इन संगीन मामलों पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सेल्फी के लापरवाही के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। है। है। कैसी विडंबना है कि लोग खुद की घोर लापरवाहीयों के कारण बेमौत मर रहें है। लाशों के अंबार लग रहे हैं। बेखौफ होकर लोग जोखिम ले रहें है। पर्यटकों पर हम नहीं सुधरेगें, का लेबल लगा हुआ है। यह कहावत बिगड़ैल पर्यटको पर सटीक बैठती है कि इतने हादसों के बाद भी समझ नहीं आ रही हैं। 2020 व 2022 में भी काफी हादसे हुए है। 2023 में भी यह संख्या घटने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडू में चलती रेल के सामने सेलफी लेते समय मौत हो गई थी। 19 जून 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग की सेलफी लेते समय पटरी पर गिर गया तब उसका दोस्त उसे बचाने आया और एकदम से रेल आ गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। 16 अक्तूबर 2019 बुधवार को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थी एक को निकाल लिया गया था। जबकि दूसरी बह गई। सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। यह युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेल्फी ले रही थी। यह युवतियां असम व दार्जिलिंग की रहने वाली थी। पर्यटक मनमानी करते है। 6अक्तूबर2019 को ताजा मामला तमिलनाडू के मरमपटी के पांबारु बांध में घटित हुआ था जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से दर्दनाक मौत हों गई थी। एक को बचा लिया गया था। परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे। केवल मात्र परिवार का एक सदस्य ही बच पाया था। मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे सम्बधी थे। देश में2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए। विदेशी पर्यटक की मौतें ज्यादा हो रही हैं। कुल्लू-मनाली में सैंकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं। खुद ही मौत को दावत दे रहें है। गत वर्ष 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लु में घटित हुई थी कुल्लु की मनीकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाब में बह गया था। उसकी लाश नहीं मिल पाई थी। समझ नहीं आता की लोग पिछले घटित हादसों से सबक क्यों नहीं लेते।

चंद्रयान-तीन और उड़ने वाले रथ की कहानियां!

-अजीत द्विवेदी-

चंद्रयान-तीन का चंद्रमा पर और खासतौर से उसके दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरना निःसंदेह भारत के वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह उपलब्धि मील का पत्थर है। इसलिए निश्चित रूप से भारत के लोगों को इसके बारे में बताया जाना चाहिए और छात्रों को स्कूलों में इसके बारे में पढ़ाया जाना चाहिए। तभी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी ने स्कूली छात्रों के लिए चंद्रयान-तीन के बारे में विशेष रीडिंग मॉड्यूल तैयार करने की बात कही तो इसका चौतरफा स्वागत हुआ। एनसीईआरटी ने यह विशेष पाठ्य सामग्री तैयार कर दी है, जिसे 17 अक्टूबर को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जारी किया। अंग्रेजी के अखबार द हिंदू की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस पाठ्य सामग्री को लेकर विवाद शुरू हो गया है क्योंकि इसमें विज्ञान के साथ साथ मिथक कथाओं का घालमेल कर दिया गया है और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो के वैज्ञानिकों की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिमामंडन ज्यादा किया गया है। प्रधानमंत्री का महिमामंडन एक बात है लेकिन विज्ञान के साथ मिथक कथाओं को जोड? से बच्चों को बड़ा शैक्षणिक नुकसान हो सकता है। अगर सरकार स्कूली बच्चों को स्वतंत्र विषय के तौर पर मिथक कथाओं के बारे में पढ़ाना चाहती है तो वह बिल्कुल अलग बात है। वैदिक गणित से लेकर ज्योतिष और कर्मकांड आदि की शिक्षा के लिए अलग पाठ्यक्रम बनाए गए हैं और बड़े संस्थानों में भी अब उनकी पढ़ाई शुरू हो गई है। लेकिन विशुद्ध विज्ञान के साथ मिथक कथाओं को जोड? का बड़ा नुकसान हो सकता है। इससे बच्चों में वैज्ञानिक चेतना की बजाय अवैज्ञानिकता और अंधविश्वास बढ? का खतरा पैदा होगा। प्राचीन भारत में गर्व करने के लायक बहुत सी चीजें हैं उनके बारे में लोगों को बताया जाना चाहिए और उन पर गर्व भी किया जाना चाहिए लेकिन विज्ञान की किताब में यह बताने से कि प्राचीन काल में देवताओं के रथ उड़ते थे, बच्चों का भला नहीं होगा, उलटे उनका बड़ा नुकसान हो जाएगा। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक एनसीईआरटी के विशेष रीडिंग मॉड्यूल की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का संदर्भ दिया गया है। प्रधानमंत्री ने इसमें चंद्रयान-तीन की सफल लैंडिंग के बारे में कहा है, क्या यह वैज्ञानिक उपलब्धि पहली बार अभी हासिल की गई है? क्या अतीत में ऐसा कभी नहीं हुआ? क्या अतीत में लोगों ने इसके बारे में नहीं सोचा था? इसके बाद खुद ही जवाब देते हुए प्रधानमंत्री कहते हैं, वैमानिक शास्त्रः विमानों के विज्ञान में कहा गया है कि उड? वाले वाहनों के बारे में देश को पहले से पता था। रीडिंग मॉड्यूल में आगे कहा गया है, भारत के सबसे प्राचीन ग्रंथ वेदों में कहा गया है कि कई देवताओं के पास पहियों वाले रथ थे, जिन्हें कोई न कोई पशु, ज्यादातर मामलों में घोड़े खींचते थे और ये रथ उड़ भी सकते थे। सवाल है कि क्या वैमानिक शास्त्र में या वेद में विमान बनाने की जो विधि लिखी है उसी का इस्तेमाल करके इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान का निर्माण किया? अगर नहीं तो इसके जिक्र से क्या हासिल होना है?बहरहाल, अगर चंद्रयान-तीन की उपलब्धि के बारे में बताते हुए बच्चों को यह पढ़ाया जाएगा कि अत्यंत प्राचीन काल में भारत के पास विमान की तकनीक थी और देवताओं के रथ उड़ते थे तो यह क्यों नहीं बताया जाए कि पहले तो चंद्रमा पर जाने की जरूरत ही नहीं थी क्योंकि चंद्रमा तो धरती पर आते रहते थे? प्राचीन हिंदू ग्रंथों में चंद्रमा से जुड़ी कई कहानियां मिलती हैं, जिनमें एक कहानी इंद्र, चंद्रमा, अहिल्या और महर्षि गौतम से जुड़ी है। इस कहानी के मुताबिक ब्रह्मा जी ने अहिल्या की शादी के लिए स्वंयवर का आयोजन किया था, जिसमें महर्षि गौतम को अहिल्या ने वर चुना था लेकिन इंद्र उनकी सुंदरता पर मोहित थे। एक दिन इच्छा के वशीभूत इंद्र धरती पर अहिल्या से मिलने आए और अपने साथ चंद्र देव को भी लेते आए। दोनों ने मिल कर महर्षि गौतम को अहिल्या से दूर ले जाने की योजना बनाई। इस योजना के तहत चंद्रमा ने आधी रात को मुर्गे की आवाज में बांग दी, जिसे सुन कर गौतम गंगा स्नान के लिए चले गए और तब इंद्र उनका वेश बना कर घर के अंदर चले गए। दूसरी ओर जब गौतम गंगा तट पर पहुंचे तो उन्हें कुछ संदेह हुआ और इस बीच गंगा ने उनको बता दिया यह इंद्र का जाल है। गुस्से में महर्षि गौतम घर लौटे तो उन्होंने चंद्रमा को बाहर बैठे देखा और उनको श्राप दिया कि उन पर राहु की कुदृष्टि हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने अपना कमंडल भी चंद्रमा पर फेंक कर मारा था, जिसकी वजह से उन दाग लगा हुआ है। कहानी के मुताबिक उन्होंने अहिल्या को भी श्राप दिया था, जिस श्राप से अहिल्या को भगवान राम ने मुक्ति दिलाई। सोचें, क्या चंद्रमा के बारे में पढ़ाते हुए विज्ञान की कक्षाओं में बच्चों को यह कहानी बताई जा सकती है? अगर नहीं तो फिर देवताओं के रथ उड? की कहानी बताने का क्या मतलब है?दूसरा सवाल है कि धर्मग्रंथों में वर्णित कथाओं से वैज्ञानिक उपलब्धियों की तुलना करने से क्या हासिल होता है? क्या इससे हिंदुओं के देवताओं और वैज्ञानिकों दोनों की प्रतिष्ठा कम नहीं होती है? नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के थोड़े दिन के बाद ही मुंबई में रिलायंस के एक अस्पताल का उद्घाटन करने गए थे, जहां उन्होंने डॉक्टरों के सामने बताया था कि कैसे भगवान शिव ने सर्जरी के जरिए गणेश भगवान के शरीर पर हाथी का सिर लगाया था। इसी तरह की बात यह भी है कि देवताओं के रथ उड़ते थे और इसका मतलब है कि उनको वैमानिक शास्त्र का ज्ञान था। क्या इससे देवों के देव महादेव एक सामान्य सर्जन की बराबरी में या बाकी भगवान विमान बनाने वाले इंजीनियर की बराबरी में नहीं आ गए? हम लोगों के भगवान तो चमत्कारिक हैं। महादेव तीसरी आंख खोल कर पूरी दुनिया को भस्म कर सकते हैं और उनके तांडव से तीनों लोक हिल जाते हैं तो उनको भला क्यों पार्वती पुत्र की सर्जरी की जरूरत होती? असल में देवताओं के चमत्कार की तुलना वैज्ञानिकों की उपलब्धियों से करना देवताओं का अपमान तो है ही साथ ही वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को भी कमतर करने वाला है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के अनेक बड़े लोगों की समस्या है कि वे प्राचीन भारत की गौरवशाली उपलब्धियों के बारे में बताते हुए हमेशा मिथक कथाओं के संसार में प्रवेश कर जाते हैं, जबकि हकीकत में प्राचीन भारत के नाम बड़ी उपलब्धियां हैं, जिन पर गर्व किया जा सकता है। शून्य के आविष्कार से लेकर शून्य का मान निकालने, दशमलव के आविष्कार से लेकर पाई का मान दशमलव के आगे चार अंक तक निकालने की उपलब्धि हमारी रही है। खगोल विज्ञान से लेकर योग और दर्शन व कामसूत्र तक की रचना भारत में हुई है।

अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो?

-नरेन्द्र भारती-

बेशक स्वाभिमानी अभाव में रहता है पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता है अपने स्वभाव में रहता है। अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो। जीहजूरी करने वाला सिर झुकाकर ही चल सकता है। थर्ड श्रेणी में मुशिकल से पास हुए लोग आज उपदेश देते है कि हमने मेहनत की है मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है। समय आने पर धराशायी जरुर होगें। नकल व रिश्वत के बल पर सफलता हासिल करने वाले एक दिन बेनकाब होगें नकली पंख कब तक उड़ान देगें। गीदड़ को अगर शेर की खाल पहना दी जाए तो वह शेर नहीं बन जाता। जीहजूरी करने वालों को बंदरों की तरह ही नचाया जाएगा। मदारी उसे अपने हिसाब से नचाएगें। तिगड़म व जीहजूरी के बलबूते सफलता हासिल कर चुके कुछ लोग आज भले ही उंचे ओहदों पर पहुंचे है मगर यह लोग इनके काबिल नहीं है। तिगड़म व तलवे चाटकर सफलता हासिल करना आसान है मगर उसे बनाए रखना कठिन है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। जीहजूरी से सफलता हासिल करने वाले गुलामी में ही जीएगें। एक मेहनती व स्वाभिमानी सिर उठाकर ही चलेगा। व औंधे मुंह गिरेगें। दूसरों का हक मारकर सफल बने लोगों को वक्त एक दिन जरुर आईना दिखाएगा जब असफल होकर उसी परिपाटी पर आएगें। साम, दाम, दंड, भेद जैसी नापाक नीतियां अपनाकर यह लोग सफलता हासिल कर चुके है। खुद तो यह लोग तिगड़मों से सैटल हो गए है अब अपने चिरागों को रोशन करने के लिए जुगाडतंत्र फिट करने में मशगूल रहते है। आज भले ही यह लोग अपने लाडलों को नकल के बलबूते अग्रसर कर रहे है लेकिन आगे पिछड़ जाएगें तब होश ठिकाने आएगें। तिगड़मो को ही सब कुछ मान बैठे हैं मगर चरित्रहीन लोगों के साथ ही इनका नाता है। दूसरों को दुख देकर भले ही आज सुख भोग रहे है मगर जब समय अपना हिसाब मांगेगा तब दीवारों पर सिर पटकेगे कि हमने दूसरों के हको पर डाका डालकर कितना गलत किया था। तिगड़मबाज यह लोग अपने अबैध कामों के लिए हर नीति अपनातें है जबकि दूसरों के वैध व जरुरी कामों के लिए आनाकानी करते है। कहते है कि हाथ से छिना जा सकता है मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरुर मिलेगा। देर जरुर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है जिसके वे काबिल नहीं है लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरुर धूल चटाता है जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते है बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते है कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते है कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते है यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा हं। मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिन्दगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्व देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

इशेयरधारकों ने नियुक्ति को दी अनुमति, बोर्ड से नीता अंबानी का इस्तीफा भी मंजूर

आरआईएल बोर्ड में शामिल हुए ईशा, आकाश व अनंत

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज आरआईएल के शेयरधारकों ने ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। कंपनी की एक नियामक फाइलिंग में कहा गया है कि ईशा अंबानी की नियुक्ति को 98.21 वोटों के साथ मंजूरी दी गई, जबकि आकाश अंबानी और अनंत अंबानी की नियुक्तियों को क्रमशः 98.06 और 92.75 वोटों के साथ मंजूरी दी गई। अब तक ईशा, आकाश और अनंत केवल ऑपरेटिंग बिजनेस स्तर पर शामिल थे और कोई भी भारत की सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी के बोर्ड में नहीं था। अन्य बदलावों में नीता अंबानी एजीएम के दौरान की गई घोषणा के अनुसार पद छोड़ देंगी। वह रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन बनी रहेंगी। उस समय, कंपनी ने कहा था कि उसने ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को तेल से दूरसंचार तक के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया है, जिसके लिए मतदान ऑनलाइन करने की बात कही गई थी।

रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन के रूप में नीता अंबानी बोर्ड में स्थायी आमंत्रित के रूप में आरआईएल बोर्ड की सभी बैठकों में भाग लेंगी जिससे कंपनी उनकी सलाह का लाभ उठाती रहेगी। कंपनी ने कहा, निदेशक मंडल ने नीता अंबानी का बोर्ड से इस्तीफ्फ़ भी स्वीकार कर लिया है और रिलायंस फाउंडेशन को भारत के लिए और अधिक प्रभाव डालने में सक्षम बनाने के लिए अपनी ऊर्जा और समय समर्पित करने के उनके फैसले का सम्मान किया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का तिमाही में जलवा बरकरार

रिलायंस इंडस्ट्रीज को सितंबर तिमाही में 17394 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। एक वर्ष पहले की समान तिमाही की तुलना में यह 27 फीसदी अधिक है। राजस्व 2.56 लाख करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने बताया कि तेल और गैस कारोबार में सुधार, फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में वृद्धि के साथ ग्रॉसरी व ई-कॉमर्स के भी कारोबार में तेजी रहने से मुनाफे में बढ़त रही। कंपनी के ऊपर 2.95 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, जो जून में 3.18 लाख करोड़ रुपए था। कंपनी के चेयरमैन एवं एमडी मुकेश अंबानी ने कहा, ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता के बावजूद तेल से गैस क्षेत्र में मजबूत वृद्धि रही। केजीडी6 ब्लॉक से उत्पादन बढ़ने और भारतीय अर्थव्यवस्था में ऊर्जा परिवर्तन के लिए मूल्यवान ईंधन प्रदान करने के साथ तेल और गैस व्यवसाय की वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सभी व्यावसायिक क्षेत्रों के मजबूत परिचालन और वित्तीय योगदान से रिलायंस को तिमाही में मजबूत वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है।

सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा 27 प्रतिशत उछला

जियो का लाभ 12 फीसदी बढ़ा

रिलायंस जियो का मुनाफा सितंबर तिमाही में 12 फीसदी बढ़कर 5297 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले की तुलना में यह 12 फीसदी अधिक है। इसका राजस्व 9.8 फीसदी बढ़कर 24750 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने तिमाही में 1.11 करोड़ नए ग्राहक जोड़े और प्रति ग्राहक कमाई 181 रुपए से ज्यादा रही।

रिलायंस रिटेल को 2790 करोड़ का फायदा

रिलायंस रिटेल को 2790 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। एक साल पहले समान तिमाही के 2305 करोड़ रुपए की तुलना में यह 21 फीसदी अधिक है। कंपनी का राजस्व 19 फीसदी बढ़कर 68937 करोड़ रुपए रहा है। सितंबर तिमाही में इसने 471 नए स्टोर खोले हैं, जिससे कुल स्टोर की संख्या 18650 हो गई है।

जेपी मॉर्गन ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर ओवरवेट की

नई दिल्ली। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन ने भारत को ओवरवेट रेटिंग में अपग्रेड किया है, जो निवेशकों के बीच देश की बढ़ती अपील की पुष्टि करता है। ब्रोकरेज ने एक अहम कदम के तहत अपने इमर्जिंग मार्केट्स मॉडल पोर्टफोलियो में तीन प्रमुख शेयरों सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बैंक ऑफ बड़ौदा और हिंदुस्तान यूनिलीवर को शामिल किया है। यह अपग्रेड जेपी मॉर्गन को मॉर्गन स्टैनली, सीएलएसए और नोमुरा जैसे अन्य प्रमुख वैश्विक ब्रोकरेज की कतार में खड़ा करता है, जिन्होंने पहले ही भारत को ओवरवेट की स्थिति में डाल रखा है। इस निर्णय के कई कारण है जिनमें आम चुनावों से जुड़ी सकारात्मकताएउभरते बाजारों की नॉमिनल जीडीपी में मजबूत वृद्धि और घरेलू बॉन्ड बाजार का विस्तार शामिल है जिससे जोखिम प्रीमियम कम होने की उम्मीद है। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म ने स्वीकार किया है कि उभरते बाजारों की इक्विटी को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि अमेरिका की लंबी दरें बढ़ रही हैं और डॉलर का प्रभाव विकास और दरों को प्रभावित करता है। जेपी मॉर्गन का सुझाव है कि उभरते बाजारों की इक्विटी के लिए एक स्थायी बोली केवल तभी मूर्त रूप ले सकती है जब अमेरिका अपना चक्र पूरा कर ले, जिसमें जीडीपी मंदी और दरों में कटौती शामिल हो सकती है।

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था

मैन्युफैक्चरिंग में भी देश का होगा दबदबा: मित्तल



नई दिल्ली। भारत की ओर से डेवलप किया गया ?डिलिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया की इकोनॉमी को एक रफ्तार दे सकता है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत के ग्लोबल लीडर बनने क्षमता है, क्योंकि पिछले कुछ सालों में सरकार के डिजिटल इंडिया पहल और जन धन आधार मोबाइल जैसे प्रयासों ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। एयरटेल के मालिक सुनील भारती मित्तल ने यह सभी बातें इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 में कहीं। सु?नील मित्तल ने सरकार की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार की ओर से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की चर्चा दुनिया भर में हो रही है। मित्तल ने कहा कि विश्व बैंक से लेकर संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूटीओ, अफ्रीकी संघ, यूरोपीय संघए,जी20, आईसीडी देश और ब्रिक्स देशों का मानना है कि ?भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ग्लोबल इकोनॉमी को गति दे सकता है। ?भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उन देशों की अर्थव्यवस्था को और तेजी से बढ़ाएगाए, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। मित्तल ने कहा कि एयरटेल 5जी को लेकर 5000 शहरों और 20 हजार गांवों तक कनेक्टिविटी को बढ़ा दिया है। मार्च 2024 तक 5जी सर्विस सभी जगहों तक पहुंचा दी जाएगी। सुनील मित्तल ने यह भी कहा कि भी देश में मैन्युफैक्चरिंग का भी कद बढ़ रहा है। दुनिया भर की कंपनियां भारत में तेजी से मैन्युफैक्चरिंग की ओर देख रही हैं। भारत आने वाले समय में मैन्युफैक्चरिंग में भी ग्लोबल लीडर बन सकता है।

जल्द रोलआउट होगा वीआई का 5जी

वोडाफोन आइडिया की ओर से कुमारमंगलम बिरला ने कहा कि भारत में वीआई का नेटवर्क ग्राहकों को बेहतर नेटवर्क प्रोवाइड कराने पर फोकस है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही 5जी को रोलआउट करेंगेण। साथ ही 4जी नेटवर्क को भी तेजी से बढ़ाएंगे। बिरला ने कहा कि ब्रांडबैंड कनेक्टिविटी की भी संख्या तेजी से बढ़ रही है और वीआई एग्रीकल्चर से लेकर लॉजिस्टिक सेक्टर को सुविधाएं प्रोवाइड करा रहा है।

आवासीय संपत्तियों में संस्थागत निवेश 71 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। देश में चालू कैलेंडर वर्ष में जुलाई.सितंबर अवधि यानी तीसरी तिमाही में आवासीय संपत्तियों में संस्थागत निवेश 71 फीसदी बढ़कर 29.83 करोड़ डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में निवेश 17.43 करोड़ डॉलर रहा था। रियल एस्टेट सलाहकार वेस्टियन की रिपोर्ट के मुताबिक, रियल एस्टेट क्षेत्र को तीसरी तिमाही में 67.99 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश मिला है। यह 2022 की समान तिमाही के 37.43 करोड़ डॉलर से 82 फीसदी अधिक है। हालांकि, विदेशी निवेश में गिरावट से जुलाई-सितंबर में एक साल पहले के मुकाबले कुल संस्थागत निवेश 57 फीसदी घटा है। तीसरी तिमाही में कुल संस्थागत निवेश में घरेलू निवेशकों का हिस्सा बढ़कर 71 फीसदी पहुंच गया। वहीं, विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि के 55 फीसदी से घटकर 27 फीसदी रह गई है।

एक साल पहले की तुलना में निवेश 29 करोड़ डॉलर पहुंचा

मारुति को अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा

नई दिल्ली। मारुति सुजूकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही यानी सितंबर तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि उसने दूसरी तिमाही में 3764 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है, जो अभी तक का सबसे ज्यादा कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा है। कंपनी ने कहा कि इतने बड़े मुनाफे की वजह उसकी बिक्री में अब तक की सबसे ज्यादा बढ़ोतरी रही। कंपनी ने आगे कहा कि कमोडिटी की कीमतों में नरमी, कीमतों को घटाने के उसके लगातार प्रयास और अनुकूल फॉरेक्स रेट होने की वजह से भी कंपनी को शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिली। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 78.2 फीसदी बढ़कर 3764 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 2112.5 रुपए था। वित्तवर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में मारुति सुजुकी की टोटल इनकम सालाना आधार पर 24.1 प्रतिशत बढ़कर 30541.7 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। विशेषज्ञों ने कहा कि मारुति सुजुकी इंडिया के मार्जिन में सुधार में हाई इन्वेंट्री लेवल का भी एक फैक्टर था, जिसका फायदा शायद आने वाली तिमाहियों में न मिले। मारुति सुजुकी इंडिया ने छोटी कारों के बाद एसयूवी सेगमेंट में भी अपना दबदबा कायम किया है।

दूसरी तिमाही में 3764 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज

बाजार में छह दिन की गिरावट थमी, सेंसेक्स 635 अंक उछला

मुंबई। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के आंकड़े से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणाम से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार तीन दिन के कोहराम से उबरकर शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 634.65 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की उड़ान भरकर 63782.80 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 190 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 19047.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.70 प्रतिशत की छलांग लगाकर 31,112.51 अंक और स्मॉलकैप 1.89 प्रतिशत उछलकर 36,888.03 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3799 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2830 में लिवाली जबकि 836 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 310.54 लाख करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है जो पिछले ट्रेडिंग सेशन में 306.21 लाख करोड़ रुपए रहा था। शुक्रवार के ट्रेड में 4.33 लाख करोड़ रुपए निवेशकों की संपत्ति में उछाल आया है।

दूरसंचार उद्योग में प्रतिभाओं की कमी

2030 तक बढ़कर 3.8 गुना होगी: रिपोर्ट

नई दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कुशल मानव शक्ति की मांग आपूर्ति का अंतर 3.8 गुना बढ़ जाएगा। देश में दूरसंचार टेक्नोलॉजी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के काम के लिए मानव संसाधन की आवश्यकताओं का खाका पेश करने वाली यह रिपोर्ट ड्रॉप के साथ मिलकर तैयार की गयी है। टेलीकॉम टैलेंट इन 5जी एराः डिमांड सप्लाई स्किल गैप रिपोर्ट 2023-24 रिपोर्ट शुक्रवार को यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में एक परिचर्चात सत्र के दौरान जारी की गयी। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि भारत वर्तमान में 24.1 लाख पेशेवरों की मांग आपूर्ति का अंतर दूरसंचार क्षेत्र में सामना कर रहा है और वर्ष 2030 तक इसके 3.8 गुना तक बढ़ने की संभावना है। इस रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक चुनौती यह है कि अकादमिक आवश्यकता और उद्योग की मांग के बीच बेमेल की वजह से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस, आईटी और गणित में स्नातक केवल 40 प्रतिशत लोग ही रोजगार के लायक हैं। भारतीय दूरसंचार उद्योग में लगे लोगों की कुल संख्या वर्तमान में 1.159 करोड़ है जिसमें 29.5 लाख कॉरपोरेट प्रतिभा और 82.4 लाख ब्लू कॉलर नौकरियों में हैं। मांग आपूर्ति अंतर रिपोर्ट आगे इस बात को भी रेखांकित करती है कि शीर्ष सभी 15 स्ट्रीम्स में नेटवर्क ऑपरेशन और मेंटनेंस व प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सबसे अधिक कॉरपोरेट प्रतिभाएं हैं, जबकि नेटवर्क नेटवर्क ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस और सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन- सर्विस सेगमेंट में सबसे अधिक ब्लू कॉलर प्रतिभाएं हैं। इस रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत को वर्ष 2025 तक 5जी केंद्रित उद्योगों खासकर क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोट और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों में 2.2 करोड़ कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी। भारत अकेला ऐसा देश है जहां टेक्नोलॉजी, मीडिया और दूरसंचार (टीएमटी) क्षेत्र में 2030 तक 13 लाख कर्मचारियों के साथ अधिशेष कुशल श्रमबल रहने की संभावना है।

दूरसंचार उद्योग को विशेष कौशल की जरूरत

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल तिवारी ने कहा, जबरदस्त संभावनाओं से भरे इस दूरसंचार उद्योग को विशेष कौशल और सतत अद्यतन की जरूरत है। इस उद्योग को लगाकर हम नौकरी के दौरान प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप पर काम कर रहे हैं और नवीनतम मानकों के अनुरूप कौशल विकास के प्रयास कर रहे हैं। आगामी 6जी युग को देखते हुए हमारा ध्यान अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ हमारे कौशल विकास पर बना रहेगा जिससे दूरसंचार के भविष्य के लिए एक तैयार कार्यबल सुनिश्चित होगा।

भारत तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र

इस रिपोर्ट को पेश करते हुए टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र भारत में तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है जिसकी कुल एफडीआई इनफ्लो में करीब 6.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और 2027 तक दुनियाभर में सभी 5जी सब्सक्रिप्शन में इसका योगदान 11 प्रतिशत रहने की संभावना है। वर्ष 2030 तक उचित ढंग और नये सिरे से कौशल विकास और टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में प्रतिभाओं को लक्षित कर नियुक्ति रणनीतियां बनाने के साथ इस बढ़ते मांग आपूर्ति अंतर को कम करने का भारत के पास एक अच्छा अवसर है। हम इस रिपोर्ट को लांच कर उत्साहित हैं जोकि इस क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और इस बढ़ते मांग आपूर्ति अंतर को कम करने वाले संभावित कार्यबल के लिहाज से इस उद्योग के लिए आगे की संभावनाओं की स्पष्ट तस्वीर पेश करती है।

एअर इंडिया ने वरिष्ठ पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की, क्लॉस गोएर्श मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त

मुंबई। विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में क्लॉस गोएर्श की नियुक्ति के साथ-साथ कई अन्य वरिष्ठ पदों पर नियुक्तियों की शुक्रवार को घोषणा की।

एयरलाइन में नवसृजित पद पर गोएर्श का काम उड़ान संचालन, इंजीनियरिंग, ग्राउंड संचालन, एकीकृत संचालन नियंत्रण तथा चालक दल के सदस्यों के कार्यों की देखरेख करना होगा।

एअर इंडिया ने कहा कि मौजूदा परिचालन प्रमुख आर. एस. संधू सलाहकार की भूमिका में एयरलाइन के साथ बने रहेंगे।

विमानन कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संधू इस नई भूमिका में टाटा की चार एयरलाइंस की परिचालन प्रक्रियाओं के सामंजस्य, एयरबस ए350 सेवा में प्रवेश कार्यक्रम और वाहक की नई प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना करने वाले दल की सहायता करेंगे।

लाइसेंस धारक बी777/787 पायलट ने ब्रिटिश एयरवेज और एयर कनाडा दोनों में समान पदों पर सेवाएं दी हैं।

एअर इंडिया ने मनीष उप्पल को उड़ान संचालन के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की है। वहीं आपातकालीन प्रतिक्रिया को शामिल करने के लिए हेनरी डोनोहो की कॉर्पोरेट सुरक्षा, सुरक्षा और गुणवत्ता भूमिका का विस्तार किया जाएगा। उनका पदनाम बदलकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर दिया जाएगा।

विज्ञप्ति के अनुसार, विमान में उत्पाद तथा सेवा का कार्य अब राजेश डोगरा के ग्राहक अनुभव खंड को सौंपा जाएगा।

पंकज हांडा ग्राउंड ऑपरेशंस का नेतृत्व करेंगे, चुराह सिंह इंटीग्रेटेड ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर के डिवीजनल उपाध्यक्ष होंगे और जूली एनजी चालक दल के सदस्यों के लिए डिवीजनल उपाध्यक्ष होंगी।

गोएर्श, डोगरा और डोनोहो एअर इंडिया के प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन के अधीन काम करेंगे। प्रबंधन समिति के मौजूदा सदस्य निपुण अग्रवाल, सत्य रामास्वामी, सुरेश दत्त त्रिपाठी और विनोद हेजमादी भी विल्सन के अधीन काम करेंगे। इनकी सेवाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

हांडा, सिंह और जूली के अलावा उप्पल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियरिंग सिसिरा कांता दाश गोएर्श के अधीन काम करेंगे। विल्सन ने कहा, ह्यह्यये बदलाव उत्तराधिकार के प्रबंधन, संगठन को सुव्यवस्थित करने, टाटा एयरलाइन समूह के भीतर प्रतिभा को अनुकूलित करने और इसे भविष्य के विकास और सफलता के लिए मजबूती से स्थापित करने की दृष्टि से किए गए हैं।'' टाटा समूह घाटे में चल रही एअर इंडिया का नियंत्रण पिछले साल जनवरी में अपने हाथ में लेने के बाद से एयरलाइन कारोबार को मजबूत करने में जुटा है।

दूरदराज इलाकों को कनेक्ट करेगी स्पेस

जियो ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में प्रदर्शित की जियो स्पेस फाइबर

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने कहा है कि वह देश के दूरदराज के इलाकों को तेज इंटरनेट सेवाओं से जोड़ने के लिए 'जियो स्पेस फाइबर' नाम की एक नई टेक्नोलॉजी लेकर आया है। कंपनी ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के उद्घाटन के अवसर पर एक बयान में कहा कि 'जियो स्पेस फाइबर' सैटेलाइट बेस्ड गीगा फाइबर टेक्नोलॉजी है, जो उन दुर्गम इलाकों को कनेक्ट करेगा जहां फाइबर केबल से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किलों भरा काम है। यह सर्विस पूरे देश में अत्यधिक किफायती कीमतों पर उपलब्ध होगी। भारत के चार सबसे दूरस्थ स्थान जियो स्पेस फाइबर से जुड़ चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर के बाद रिलायंस जियो के कनेक्टिविटी पोर्टफोलियो की यह तीसरी बड़ी टेक्नोलॉजी है। 'जियो स्पेस फाइबर' से दूरदराज के इलाकों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए एसईएस कंपनी के उपग्रहों का इस्तेमाल किया जाएगा तथा 'जियो स्पेस फाइबर' से अब कहीं भी और कभी भी विश्वसनीय मल्टी-गीगाबिट कनेक्टिविटी मिलेगी। कंपनी का कहना है कि चुनौती भरे इलाकों में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाओं को पहुंचाने के लिए 'जियो स्पेस फाइबर' इनोवेटिव एवं एडवांस एनजीएसओ तकनीक का उपयोग करेगा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश अंबानी ने कहा, जियो ने भारत में लाखों घरों और व्यवसायों को पहली बार ब्रॉडबैंड इंटरनेट का अनुभव कराया। जियोस्पेसफाइबर के साथ हम अभी तक अनकनेक्टिड लाखों लोगों को कवर करेंगे।

क्या है स्पेस फाइबर तकनीक

रिलायंस जियो की तरफ से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक जियो स्पेस फाइबर सैटेलाइट बेस्ड गीगा फाइबर टेक्नोलॉजी है। यह उन दुर्गम और दूरदराज के इलाकों को कनेक्ट करेगा जहां फाइबर केबल से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किलों भरा काम है।

लगातार 6 दिन से जारी गिरावट पर लगा ब्रेक, खरीदारी के सपोर्ट से उछले सेंसेक्स-निफ्टी

निवेशकों को 1 दिन में करीब 4.5 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। लगातार 6 कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू शेयर बाजार शानदार वापसी करने में सफल रहा। आज हुई चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से अधिक की उछाल हासिल करने में सफल रहा। एशियाई बाजारों की तेजी और कुछ कंपनियों के शानदार नतीजे के कारण बाजार में आज लगातार पॉजिटिव माहौल बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी बनी रही। पीएसयू बैंक, एनर्जी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल शेयरों में आज जोरदार खरीददारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, इंफ्रास्ट्रक्चर, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स में भी लगातार बढ़त बनी रही। ब्रॉर्डर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.89 प्रतिशत की उछाल के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

बाजार में आई आज की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इसके पहले के 6 कारोबारी दिनों में बाजार की गिरावट के कारण निवेशकों को करीब 17.78 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका था। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 310.50 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 306.04 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.46 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,797 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,825 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 838 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 134 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के सपाट स्तर पर बंद हुए। एनएसई में आज 2,077 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,748 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 329 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त के साथ और 3 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 411.17 अंक की तेजी के साथ 63,559.32 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। सुबह 10 बजे के करीब मुनाफावसूली के चक्कर में एक बार बिकवाली का दबाव बनाने की कोशिश भी हुई, जिससे इस सूचकांक की चाल भी कुछ देर के लिए धीमी पड़ती नजर आई। थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने दोबारा लिवाली का जोर बना दिया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 764.98 अंक की मजबूती के साथ 63,913.13 अंक के स्तर पर पहुंच गया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 130 अंक नीचे खिसक कर 634.65 अंक की बढ़त के साथ 63,782.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 71.50 अंक की मजबूती के साथ 18,928.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही ये सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से तेजी से आगे बढ़ने लगा। हालांकि बाजार को यदा-कदा बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाए रखा, जिसकी वजह से इस सूचकांक की रफ्तार लगातार तेज बनी रही। बाजार में हो रही चौतरफा लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक शाम 3 बजे के करीब 218.90 अंक की उछाल के साथ 19,076.15 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद ये सूचकांक इस स्तर पर टिका नहीं रह सका और ऊपरी स्तर से करीब 28 अंक नीचे आकर 190 अंक की मजबूती के साथ 19,047.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक 3.16 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 3 प्रतिशत, कोल इंडिया 2.85 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 2.66 प्रतिशत और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 2.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 0.45 प्रतिशत, यूपीएल 0.43 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 0.21 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.17 प्रतिशत और आईटीसी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

विश्व दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान

दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

चेन्नई,(एजेंसी)। मैन ऑफ द मैच तरबेज शम्सी (चार विकेट और चार रन) के दोहरे प्रदर्शन, एडम मारक्रम (91 रन) की साहसिक पारी और पुछल्ले बल्लेबाजों के शौर्य की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वर्ल्डकप के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष पर जगह बनाई। वहीं लगातार चौथीं हार के साथ पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर के खेल में 270 रन बनाए। जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने विजय लक्ष्य 47.2 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। 271 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए पाकिस्तान के गेंदबाजों ने धारदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और शुरुआती चार बल्लेबाज तेम्बा बवुमा (28 रन), क्विंटन डिकॉक (24 रन), रासी वान डर डुसेन (21 रन) और हाइनरिक क्लासेन (12) के विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर ढकेल दिया था। मगर एडन मारक्रम ने एक छोर पर अपने पांव जमा लिए। उन्होने डेविड मिलर (29 रन) और मार्को यानसन (20रन) के साथ संक्षिप्त मगर उपयोगी साझीदारी कर मैच के रूख को अपनी टीम की ओर मोड़ने की भरपूर कोशिश की। करियर के चौथे वनडे शतक की ओर बढ़ रहे मारक्रम की पारी का अंत उसामा मीर ने किया । मारक्रम के आउट होने के बाद अगले ही ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने जेराल्ड (10) का विकेट झटक कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया जबकि लुंगिसानी एनगिडी (4) को हारिस रउफ ने अपनी ही गेंद पर कैच पकड़ कर चलता किया। नौवां विकेट गिरने के बाद साउथ अफ्रीका को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। इसके बाद केशव महाराज चार और तबरेज शम्सी चार रन बनाकर नाबाद रहे और पाकिस्तान ने दो वाइड डाली। नवाज के ओवर में महाराज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। शाहीन शाह अफरीदी ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके।

नौ विकेट गिरने के बाद केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने लगाई टीम की नैय्या पार।

स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान	रन	गेंद	4/6
अब्दुल्लाह शफीक कै. एनगिडी बो. मार्को	09	17	1/0
इमाम-उल-हक कै. क्लासेन बो. मार्को	12	18	2/0
बाबर आजम कै. डिकॉक बो. शम्सी	50	65	4/1
मोहम्मद रिजवानद कै. डिकॉक बो. कोएत्जी	31	27	4/1
इफ्तिखार कै. क्लासेन बो. शम्सी	21	31	1/1
सऊद शकील कै. डिकॉक बो. शम्सी	52	52	7/0
शादाब खान कै. महाराज बो. कोएत्जी	43	36	3/2
मोहम्मद नवाज कै. मिलर बो. मार्को	24	24	1/2
शाहीन शाह कै. महाराज बो. शम्सी	02	04	0/0
मोहम्मद वसीम कै. डिकॉक बो. एनगिडी	07	09	0/1
हारिस रउफ नाबाद	00	01	0/0

अतिरिक्त: 19, **कुल:** 46.4 ओवर में 270 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-20, 2-38, 3-86, 4-129, 5-141, 6-225, 7-240, 8-259, 9-268, 10-270 **गेंदबाजी:** मार्को यानसन 9-1-43-3, लुंगिसानी एनगिडी 7.4-0-45-1, एडन मारक्रम 4-0-20-0, केशव महाराज 9-0-56-0, जेराल्ड कोएत्जी 7-0-42-2, तबरेज शम्सी 10-0-60-4,.

दक्षिण अफ्रीका	रन	गेंद	4/6
तेम्बा बवुमा कै. शकील बो. वसीम	28	27	4/1
क्विंटन डिकॉक कै. वसीम बो. शाहीन	24	14	5/0
रासी वान दर डुसेन पगबाधा मीर	21	39	0/0
एडन मारक्रम कै. आजम बो. मीर	91	93	7/3
हाइनरिक क्लासेन कै. मीर बो. वसीम	12	10	0/1
डेविड मिलर कै. रिजवान बो. शाहीन	29	33	2/2
मार्को यानसन कै. आजम बो. रउफ	20	14	2/1
जेराल्ड कोएत्जी कै. रिजवान बो. शाहीन	10	13	0/0
केशव महाराज नाबाद	07	21	1/0
लुंगिसानी एनगिडी कै. एवं बो. रउफ	04	14	0/0
तबरेज शम्सी नाबाद	04	06	0/0

अतिरिक्त: 21, **कुल:** 47.2 ओवर में नौ विकेट 271 रन, **विकेट पतन:** 1-34, 2-67, 3-121 , 4-136, 5-206, 6-235, 7-250, 8-250, 9-260, **गेंदबाजी:** इफ्तिखार अहमद 3-0-23-0, शाहीन शाह अफरीदी 10-0-45-3, मोहम्मद नवाज 6.2-0-40-0, हारिस रउफ 10-0-62-2, मोहम्मद वसीम 10-1-50-2, उसामा मीर 8-0-45-2.

शम्सी ने झटके चार विकेट, बाबर और शकील का अर्धशतक बेकार

इससे पहले कप्तान बाबर आजम (50) और मोहम्मद रिजवान (31) के बाद सउद शकील (52) और शादाब खान (43) के बीच छठे विकेट के लिए 84 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज 7 ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। अब्दुल्ला शफीक 17 गेंद में 9 और इमाम उल हक 18 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने बड़े शॉट खेले लेकिन 27 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हो गए। इफ्तिखार अहमद को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर मौका दिया गया लेकिन वह ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके। उन्होंने 31 गेंद में 21 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम 65 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए। सऊद शकील ने 52 बनाए। तबरेज शम्सी (60 रन पर चार विकेट) दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज बने जबकि मार्को यानसन ने 43 रन देकर तीन और जेराल्ड कट्जी ने 42 रन देकर दो खिलाड़ियों को आउट किया। एक विकेट लुंगिसानी एनगिडी को मिला।

तबरेज शम्सी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 विकेट पूरे

दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज तबरेज शम्सी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 4 विकेट लेकर यह उपलब्धि अपने नाम की। शम्सी विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ब्रैड हॉग की बराबरी कर ली है। हॉग ने 2007 में नीदरलैंड (4/27) और न्यूजीलैंड (4/29) के खिलाफ 4-4 विकेट लिए थे। इसके अलावा वह इस विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ सर्वाधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर भी बन गए हैं। उनसे पहले भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने 2/35 और नूर अहमद ने 3/49 विकेट चटकाए थे। शम्सी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में अब तक 48 वनडे मैच में 31.04 की औसत और 5.51 की इकॉनमी से 69 विकेट चटकाए हैं। वनडे में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/49 विकेट का रहा है। उन्होंने 3 टेस्ट क्रिकेट मैचों में 46.33 की औसत और 3.45 की इकॉनमी से 6 विकेट चटकाए। इसके अलावा 63 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचो में 22.04 की औसत और 7.39 की इकॉनमी से 76 विकेट चटकाए हैं। टी-20 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/24 विकेट का रहा है।

एक नजर

कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे तेंदुलकर

कोच्चि, एजेंसी। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां सालाना एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे। महाराजा कॉलेज स्टेडियम से होने वाली इस मैराथन में 6000 से अधिक धावक भाग लेंगे। इसमें फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होगी। तेंदुलकर ने आयोजकों द्वारा जारी बयान में कहा, ह्यह्यकोच्चि मैराथन हमेशा खास रहती है। इतने साल में अलग अलग वर्ग के लोगों ने फिटनेस के अपने सफर में इस मैराथन में भाग लिया है। आप अपनी फिटनेस का सफर किसी भी समय शुरू कर सकते हैं, उम्र का इससे कोई सरोकार नहीं है।''

प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 16 नवम्बर से

लखनऊ, एजेंसी। पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर वर्ग महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 19 नवम्बर के बीच होगा। कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम मेरठ में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए जिला और मंडल स्तरीय खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने बताया कि लखनऊ के जिला स्तरीय टीम का चयन दो नवम्बर को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में तीन बजे से होगा। इसके साथ ही मंडल स्तरीय टीम की चयन के लिए तीन नवम्बर को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में ट्रायल होगा। इसकी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, उप शिक्षा निदेशक को भी सूचित कर दिया गया है।

रेंजर्स ने ग्रोइंग को 14 गोलों से रौंदा

नयी दिल्ली 27 अक्टूबर (वार्ता) मनीषा की दोहरी तिकड़ी और अंजू के पांच गोलों की मदद से रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने डीएसए प्रीमियर लीग के शुक्रवार को यहां हुए मुकाबले में ग्रोइंग स्टार को 14 गोलों से रौंद दिया है।

वहीं दिन के एक अन्य मुकाबले में अहबाब और हंस यूनाइटेड के बीच शून्य गोल होने पर बराबर अंक बांटे गये।

इस जीत के साथ रेंजर्स ने लगातार छठी जीत दर्ज कर 18 अंक जुटा लिए हैं, जबकि लीग की सबसे कमजोर टीम ग्रोइंग स्टार ने एक और बड़ी पराजय के साथ अपने रिकार्ड को बदतर बनाया।

रेंजर्स के लिए मनीषा और अंजू की तिकड़ियों के अलावा ऋतु, किरण और पूनम ने गोल किये। अहबाब और हंस के बीच खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों ने आसान मौके गंवाए। हंस की गोलकीपर नम्रता कौर ने कई अवसरों पर बेहतरीन बचाव किए।

सुखजीवन अकादमी आगरा नेहरू हॉकी के सुपर लीग में

नई दिल्ली। नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में सुखजीवन स्पोर्ट्स अकादमी आगरा ने पहला राउंड और दूसरा राउंड जीतकर 12 चुनिंदा टीमों के सुपर लीग में प्रवेश कर लिया।

शुक्रवार को दूसरे राउंड के अंतिम लीग मैच में अकादमी ने मणिपुर को 4-1 से हराया। पहले क्वार्टर में एक गोल से पिछड़ने के बाद टीम ने दूसरे क्वार्टर में दो गोल दागकर 2-1 से बढ़त बनायी। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमें गोलरहित रहीं। चौथे क्वार्टर में सुखजीवन अकादमी की टीम ने दो गोल दागकर मणिपुर के खिलाफ 4-1 से जीत सुनिश्चित कर ली। कोच अजय सिंह राजपूत ने बताया कि दिव्यांशु शर्मा और शिवम पटेल ने एक एक गोल दागा जबकि मिथिलेश ने दो गोल किये। मिथिलेश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इजरायल हंगरी में यूरो 2024 क्वालीफायर की करेगा मेजबानी करेगा

यरूशलम, एजेंसी। इजरायल स्विट्जरलैंड और रोमानिया के खिलाफ अपने दो घरेलू यूरो 2024 क्वालीफाइंग मैचों की मेजबानी हंगरी में करेगा। इजरायल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में यह घोषणा करते हुए कहा कि मौजूदा इजरायल-हमास संघर्ष और सुरक्षा स्थिति के कारण देश में मैच आयोजित करने पर यूईएफए के निलंबन के कारण ग्रुप एक के दो मैच इजरायल के बाहर आयोजित किए जाएंगे। ये दोनों मुकाबले 15 और 18 नवंबर को खेले जायेंगे। इसके अलावा इजरायल के 12 नवंबर को कोसोवो और 21 नवंबर को अंडोरा के खिलाफ दो मैच होंगे। इजरायल 10 दिनों में चार मैच खेलेगा।

आईएफए ने बयान में कहा कि इजरायल के घरेलू मैचों के लिए हंगरी में शहर और स्टेडियम अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

कोलकाता में बांग्लादेशी टीम से जुड़े शाकिब अल हसन

कोलकाता, एजेंसी। शाकिब अल हसन गुरुवार शाम को कोलकाता

में बांग्लादेश के विश्व कप शिविर में लौट आए हैं उन्होंने अपनी तीन दिवसीय ढाका यात्रा को घटाकर दो दिन कर दिया है। शाकिब 25 अक्टूबर को अपने बचपन के गुरु नजमुल आबेदीन फहीम के साथ नेट सत्र के लिए ढाका गए थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, बांग्लादेश ने बुधवार को शाकिब के बिना ईडन गार्डन्स में रोशनी के बीच ट्रेनिंग की, शाकिब ने ढाका से गुरूवार शाम की उड़ान ली थी। वह रात करीब 8.45 बजे टीम होटल पहुंचे जहां टीम मैनेजर रबीद इमाम ने उनका स्वागत किया। डिनर के लिए बाहर जाते समय कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने भी रिसेप्शन में शाकिब से मुलाकात की। टीम प्रबंधन के मुताबिक, शाकिब ने उन्हें नहीं बताया कि वह क्रिकेट कारणों से घर लौट रहे हैं। टीम निदेशक खालिद महमूद, जो भारत में बांग्लादेश प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख हैं, ने कहा कि शाकिब ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका से 149 रन की हार के अगले दिन वह व्यक्तिगत कारणों से मुंबई से ढाका जा रहे हैं। शाकिब बुधवार सुबह ढाका पहुंचे और सीधे शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम के नेट पर पहुंचे जहां उन्होंने अपने गुरु फहीम ने उनसे मुलाकात की। शाकिब ने उनकी निगरानी में तीन घंटे तक बल्लेबाजी की। शाकिब को इस विश्व कप में बल्ले से संघर्ष करना पड़ा है और उन्होंने चार पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक छह विकेट लिए हैं। बांग्लादेश का 27 अक्टूबर को कोलकाता में दोपहर का प्रशिक्षण सत्र है, जिसके अगले दिन नीदरलैंड के खिलाफ मैच होगा।

गिल, जडेजा, सिराज और कुलदीप ने नेट्स पर बहाया पसीना

इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने किया जमकर अभ्यास

नई दिल्ली,(एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ विश्वकप के मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने सात खिलाड़ियों ने शुक्रवार को जमकर पसीना बहाया। अभ्यास सत्र में शुभमन गिल का फोकस शॉर्ट गेंदों पर रहा। भारत को अगर अपना अजेय अभियान जारी रखना है तो गिल को बड़ी पारी खेलनी होगी।

वैकल्पिक अभ्यास सत्र में गिल के अलावा ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने भी भाग लिया। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह टीम होटल में ही रहे। इस साल पांच शतक जड़ चुके गिल डेंगू से उबरने के बाद से विश्व कप में उस लय मे नहीं दिखे हैं। डेंगू के कारण वह पहले दो मैचों से बाहर रहे थे। उसके बाद से उन्होंने 26, 53 और 16 रन की पारियां खेली है। इस साल वनडे क्रिकेट में अब तक 1325 रन बना चुके गिल विश्वकप में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके हैं।

रियान पराग ने टी-20 में ठोके लगातार 6 अर्धशतक

मुंबई,(एजेंसी)। असम ने रियान पराग के रिकॉर्ड अर्धशतक की मदद से केरल को दो विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2023 में पांचवीं जीत दर्ज की। केरल ने पहले बैटिंग करते हुए छह विकेट पर 127 रन बनाए और असम ने 19.3 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। असम के युवा 21 वर्षीय कप्तान रियान पराग टूर्नामेंट में लगातार 6 अर्धशतकीय पारी खेली। ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए हैं। टी20 क्रिकेट में इससे पहले किसी भी बल्लेबाज ने लगातार छह पारियों में पचासा नहीं ठोका है। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक कुल 7 मैच खेले, जिसमें उन्होंने पहले मैच को छोड़कर बाकी के सभी 6 मुकाबलों में अर्धशतक लगाया है। इस पारी के दम पर उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, हैमिल्टन मसकजदा, कामरान अकमल, जोस बटलर, डेविड वॉर्नर, डेवोन कॉन्वे का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने टी20 क्रिकेट में लगातार 5 मैचों में 5 अर्धशतकीय पारी खेलने का कमाल किया था। रियान ने इस टूर्नामेंट में अब तक 7 मैचों ने 440 रन बनाए हैं उन्होंने 7 मैचों में 45, 61, 76, 53, 76, 72, 57* रन की पारी खेली है।

मुश्ताक अली: ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने

नोडल क्रिकेट: कॉरपोरेट ग्रुप ने जीता नॉकआउट राउंड का पहला मुकाबला

भोपाल(खेसं)। राधारमण ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट्स परिसर, रातीबड़ में आयोजित आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट राउंड का पहला मुकाबला कॉरपोरेट ग्रुप ने जीता। पहले दौर के नॉकआउट मुकाबले में कॉर्पोरेट ग्रुप के खिलाफ ट्रिनिटी कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 101 रन बनाए। कॉर्पोरेट की ओर से कप्तान अजहर ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। कॉर्पोरेट ग्रुप ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.3 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। ट्रिनिटी की हार का एक बड़ा कारण खराब गेंदबाजी और फील्डिंग रही, जिसके चलते 36 एक्स्ट्रा रन कॉर्पोरेट टीम को मिले। अभिजीत कुमार ने 32 गेंदों में सर्वाधिक 27 रन बनाए। वहीं मुन्ना कुमार ने नाबाद 25 रन का योगदान दिया। मुन्ना कुमार को दोहरे प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

भारत पदकों के शतक से एक कदम दूर

पैरा एशियन गेम्स: सात स्वर्ण सहित देश को मिले 17 पदक

हांगझोउ,(एजेंसी)। चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को सात स्वर्ण सहित 17 पदक जीते है। इसी के साथ ही इन खेलों में भारत पदकों के शतक के करीब पहुंच गया है।

भारत ने अब तक एशियाई पैरा खेलों में 25 स्वर्ण, 29 रजत और 45 कांस्य सहित कुल 99 पदक जीत लिये हैं जोकि एक रिकॉर्ड है। शुक्रवार को यहां हुए मुकाबलों में प्रमोद भगत ने पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण और नितेशंक ने अविश्वसनीय कौशल और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 में गर्व से रजत पदक जीता। वहीं बैडमिंटन की महिला एकल एसयू5 वर्ग में थुलासिमथी ने पदक जीता। उन्होंने चीन की क्विक्सिया यांग को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन में सुहास यतिराज ने पुरुष एकल एसएल-4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मलेशिया के मोहम्मद अमीन के खिलाफ 2-1 के स्कोर के साथ यह पदक जीता। शीतल देवी महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं एक अन्य मुकाबले में तीरंदाज राकेश कुमार ने पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में ईरान के अलीसिना मंशाएजादेह के खिलाफ करीबी मुकाबले में शानदार रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा धर्मराज सोलाइराज ने पुरुषों की लंबी कूद-टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सुयश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई-एस7 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। लक्ष्मी ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो स्पर्धा एफ37/38 में कांस्य पदक जीता। कृष्णा नागर ने पुरुष एकल एसएच 6 स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। रमन शर्मा को पुरुषों की 1500 मीटर टी-38 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल की प्रियांशी ने जीता कांस्य

भोपल,(खेसं)। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 स्टेट लेवल एथलेटिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शॉटपुट अंडर-17 बालिका वर्ग से एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल की प्रियांशी ठक्कर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर की श्रेया थापा ने दूसरा डेली कॉलेज इंदौर की शुभांगी राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर-19 बालिका आयु वर्ग से सागर पब्लिक स्कूल की गरिमा राठौर ने प्रथम, डेली कॉलेज की तनीषा सिंह राव ने दूसरा एवं सिक्का सेकेंडरी नंबर दो स्कूल इंदौर की अनन्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में बालिका वर्ग लॉन्ग जंप से सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर की हर्षित सोनी ने प्रथम क्राइस्ट चर्च गर्ल्स स्कूल जबलपुर की इशिता मिश्रा ने दूसरा एवं आदित्य बिरला स्कूल नागदा उज्जैन की तनीषा पोरवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय फुटबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय बना चैंपियन

भोपाल,(खेसं)। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आईपीएस कॉलेज ग्वालियर द्वारा 19 से 22 अक्टूबर को किया गया इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के आठ विश्वविद्यालय में भाग लिया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के महिला दल ने इंदौर देवी अहिल्याबाई विद्यालय को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया एवं पुरुष वर्ग में बरकउल्ला विद्यालय द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.सतीश कुमार जैन द्वारा विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

छात्र भी तय करेंगे क्या हो उनका कोर्स

देशभर के स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में क्या बदलाव किया जाए, इसके निर्धारण का अधिकार अब विद्यार्थियों को भी होगा. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी कोर्सेज कमेटियों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शामिल करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है.

देशभर के स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में क्या बदलाव किया जाए, इसके निर्धारण का अधिकार अब विद्यार्थियों को भी होगा. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी कोर्सेज कमेटियों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शामिल करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है. 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों में से कुछ चुनिंदा छात्रों को कोर्स कमेटियों में शामिल किया जाएगा. बता दें कि बोर्ड की अलग-अलग कोर्सेज की कमेटियां हैं, जिनमें वोकेशनल कोर्स कमेटियां शामिल हैं. इन कोर्स कमेटियों में परीक्षा परिणाम व बोर्ड से संबद्ध स्कूलों की सिफारिश के बाद विद्यार्थी कोर्स कमेटी का हिस्सा बन सकेंगे. बोर्ड की प्रत्येक कोर्स कमेटी में एक विद्यार्थी का चयन होगा, जिसमें विद्यार्थी कोर्स में बदलाव को लेकर अपने सुझाव दे सकेंगे.

बोर्ड के चेयरमैन विनीत जोशी का कहना है कि हम पाठ्यक्रम अधिक समावेशी और अनुप्रयोग आधारित बनाना चाहते हैं, इसीलिए कमेटी द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम में छात्रों का हस्तक्षेप महत्वपूर्ण होगा, हम उनकी राय को भी सुनेंगें. विद्यार्थियों की राय कोर्स को बेहतर बनाने में हमारी मदद करेगी. बता दें कि सीबीएसई के पास व्यावसायिक विषयों सहित इसके सभी पाठ्यक्रमों के लिए कोर्स कमेटियां हैं. प्रत्येक तीन साल के बाद हर कमेटी का पुनर्गठन किया जाता है. यह कमेटी विषयों से संबंधित विचारों पर वाद-विवाद और चर्चा करती है और विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनकी समीक्षा करती है.

इतिहास में पहली बार, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों से विद्यार्थियों को बैठकों में हिस्सा लेने और अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलेगा. वे विद्यार्थी जो मार्च 2014 में कक्षा 12 की परीक्षा पास कर चुके हैं, उन्हें उनके प्रदर्शन तथा स्कूलों के साथ परामर्श के आधार पर सीबीएसई द्वारा नामांकित किया जा रहा है. बोर्ड को विास है कि छात्र उम्मीदवार इसके पाठ्यक्रमों के विकास में सक्रिय योगदान देंगे.

सीबीएसई का यह भी मानना है कि पाठ्यक्रम के निर्धारण में विद्यार्थियों का सहयोग बहुत लाभकारी साबित होगा, क्योंकि ये छात्र विषय की भावी संभावनाओं के साथ-साथ इसकी सीमाओं को भी बेहतर समझते हैं. कोर्स कमेटी में विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के विशेषज्ञ, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ, निजी एवं सार्वजनिक स्कूल और मौजूदा शिक्षक शामिल हैं.

क्रिएटिव हैं तो आजमाएं फैशन डिजाइनिंग

यहां हमेशा नया करने का मौका भी है और इसके माध्यम से खुद को स्थापित करने का अवसर भी. फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वालों को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के कोर्स नई राह दिखाते हैं. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) डिजाइन शिक्षा, व्यावहारिक शोध, प्रशिक्षण, डिजाइन परामर्शी सेवाएं के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है.



आये दिन बाजार में फैशन के नये डिजाइन, नए तरीके का कलर कंबिनेशन देखने को मिलता है. इस कारण फैशन डिजाइन का क्रेज दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है. हमेशा कुछ न कुछ नया करने की ख्वाहिश रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह करियर का बेहतर आप्शन है. यहां हमेशा नया करने का मौका भी है और इसके माध्यम से खुद को स्थापित करने का अवसर भी. फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वालों को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के कोर्स नई राह दिखाते हैं. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) डिजाइन शिक्षा, व्यावहारिक शोध, प्रशिक्षण, डिजाइन परामर्शी सेवाएं के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है.

पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा

वर्ष 1961 में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन इस स्वायत्त संस्थान की स्थापना की गई. एनआईडी में ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन (जीडीपीडी) और पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन (पीजीडीपीडी) पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2014-15 के लिए आवेदन मांगे हैं. ग्रेजुएट कोर्स के लिए बारहवीं पास और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए बैचलर की डिग्री जरूरी है. अनुभवी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाती है. अभ्यर्थी के पास विजुअॅल परसेप्शन एबिलिटी, ड्राइंग स्किल, लॉजिकल रीजनिंग, क्रिएटीविटी औ र कम्युनिकेशन स्किल्स का होना जरूरी है. चयन एनआईडी द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए इच्छुक छात्रों को संस्थान द्वारा आयो जित डिजाइन एप्टीटयूड टेस्ट (डीएटी) की परीक्षा पास करनी होगी. यह परीक्षा दो चरणों में होगी. पहले चरण में लिखित परीक्षा है. इसमें 100 अंक के प्रश्न पत्र होंगे.

परीक्षा

लिखित परीक्षा में एनिमेशन, एबस्ट्रैक्ट सिम्बोलिज्म, कम्पोजिशन, मेमोरी ड्रॉइंग, थीमेटिक कलर अरेंजमेंट, विजुअल डिजाइन के अलावा विजुअल परसेप्शन एबिलिटी, ड्राइंग स्किल, लॉजिकल रीजनिंग, क्रिएटिव एंड कम्युनिकेशन स्किल, फंडामेंटल डिजाइन के अलावा डिजाइन से संबंधित प्रॉब्लम सॉ ल्विंग कैपेसिटी आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं. इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य उम्मीदवारों की योग्यता, नवीनता और धारणाओं का मूल्यांकन करना है. लिखित परीक्षा के आधार पर परीक्षार्थियों को शॉर्ट लिस्टेड किया जाएगा. इसके आधार पर योग्य अभ्यर्थी को स्टूडियो टेस्ट और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. स्टूडियो टेस्ट के माध्यम से अभ्यर्थी की क्रिएटिविटी और फैशन के प्रति लगाव, डिजाइनिंग के प्रति सोच, नए आइडिया, कल्पनाशक्ति और कुछ अलग हटकर सोचने की क्षमता को परखा जाता है. परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए एनआईडी कैम्पस से संपर्क कर सकते हैं या फिर वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं. तैयारी इसकी तैयारी अन्य परीक्षाओं से काफी अलग है. इसमें विद्यार्थियों को रट्टा लगाने से सफलता नहीं मिल सकती है.

डिजाइनिंग के प्रति रुझान

इसमें कामयाब होने के लिए मौलिकता की सख्त दरकार होती है. अभ्यर्थियों का डिजाइनिंग के प्रति रुझान, उसके प्रति उनकी समझ, विचारों व समस्या को सुलझाने की क्षमता को परखी जाती है. ऐसे में बेहतर करने के लिए जरूरी है कि आप जो भी बनाएं, उसे इलेस्ट्रेशन एवं शब्दों के माध्यम से समझाने की भी क्षमता रखें. डीएटी और स्टूडियो टेस्ट के जरिये अभ्यर्थी की ऑब्जर्वेशन पावर, डिजाइन करने की काबिलियत और कुछ नया तैयार करने की क्षमताओं को परखा जाता है. ऐसे में आप जो भी डिजाइन और चित्र बनाएं, उसके रंगों के कंबिनेशन पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है. स्टूडियो टेस्ट में अभ्यर्थी को एक सवाल और उससे संबंधित कुछ सामान उपलब्ध कराया जाता है, जिसके जरिये अभ्यर्थी को उस सवाल के आधार पर सामान तैयार करना होता है. टेस्ट के तुरंत बाद एक्सपर्ट पैनल उसे देखता है और मार्किंग करता है.

जेनेटिक विशेषज्ञ की बढ़ रही है मांग

जिस तरह क्लोन बनाने को लेकर काम हो रहा है, नई दवाइयां तैयार की जा रही हैं, ऐसे में जेनेटिक से जुड़े विशेषज्ञों की मांग बढ़ती जा रही है इससे संबंधित बीटेक/बीएससी डिग्री अभी देश के किसी भी संस्थान में नहीं शुरू है लेकिन पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक करायी जा रही है. जेनेटिक इंजीनियरिंग से लैस कई उत्पाद आज बाजार में उपलब्ध हैं.

पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर के काफी कम संस्थान हैं जहां जेनेटिक की पढ़ाई होती है लेकिन अधिकतर संस्थानों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई ग्रेजुएशन स्तर पर होती है और बीटेक संचालित किया जाता है. इसके तहत जेनेटिक मेकअप के अलावा विशिष्ट जींस का अध्ययन किया जाता है.

जेनेटिक इंजीनियरिंग यह विज्ञान की अत्याधुनिक ब्रांच है, जिसमें सजीव प्राणियों के डीएनए कोड में मौजूद जेनेटिक को अत्याधुनिक तकनीक के जरिए परिवर्तित किया जाता है. जेनेटिक तकनीक द्वारा ही रोग प्रतिरोधक फसलें और सूखे में पैदा हो सकने वाली फसलों का उत्पादन किया जाता है. बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग का इस्तेमाल बृहद पैमाने पर होता है. छात्र ने 12वीं लेवल पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन किया है, उनके लिए जेनेटिक इंजीनियरिंग का क्षेत्र बेहतरीन विकल्प है.

लेकिन इस फील्ड में आगे तभी बढ़ा जा सकता है जब आप विषय को अच्छी तरह समझ सकें. तभी रोजगार भी मिल सकता है. पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर के काफी कम संस्थान हैं जहां जेनेटिक की पढ़ाई होती है लेकिन अधिकतर संस्थानों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई ग्रेजुएशन स्तर पर होती है और बीटेक संचालित किया जाता है. इसके तहत जेनेटिक मेकअप के अलावा विशिष्ट जींस का अध्ययन किया जाता है. जो छात्र जेनेटिक्स या जेनेटिक इंजीनियरिंग का अध्ययन करना चाहते हैं उन्हें गहरे तौर पर 12वीं स्तर पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन करना चाहिए. जेनेटिक्स बायोटेक्नोलॉजी के व्यापक क्षेत्र का हिस्सा है. बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री पूरी तरह जेनेटिक्स पर आधारित है क्योंकि इसी के जरिए फार्मास्यूटिकल्स के प्रोडक्ट मसलन, इंसुलिन या दूसरी दवाइयां बनती हैं. मेडिकल फील्ड में जेनेटिक्स का फोकस बीमारियों, बीमारियों के मॉल्यूक्युलर आधार और इससे बचाव पर होता है. औद्योगिक उत्पादन में बायोटेक्नोलॉजी अहम भूमिका निभाता है खासकर बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में. इसके दायरे में बायोलॉजी की तमाम शाखाएं मसलन माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, जेनेटिक्स और मॉलिकुलर बायोलॉजी के अलावा केमिकल और सिस्टम इंजीनियरिंग आते हैं. अधिकतर विविद्यालय जेनेटिक्स में अलग कोर्स संचालित नहीं करते बल्कि बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री जैसे स्ट्रीम के तहत सब्सिडियरी विषय के तौर पर संचालित करते हैं. बीटेक लेवल पर जेनेटिक इंजीनियरिंग के कोर्स काफी कम ही जगह संचालित किए जाते हैं. यही कारण है कि अधिकतर छात्र बायोटेक्नोलॉजी या बॉयोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स में एडमिशन लेते हैं. दूसरा ऑप्शन यह है कि जेनेटिक्स, बॉयोलॉजिकल साइंस, लाइफ साइंसेज या बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी की डिग्री हासिल करते हैं और तब जेनेटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन.

करियर

यदि जेनेटिक से संबंधित डिग्री लेने के बाद आप वैज्ञानिक बनना चाहते हैं तो आपको डॉक्टोरल डिग्री लेनी होगी. रिसर्च और डेवलपमेंट ऑग्रेनाइजेशन, फार्मास्यूटिकल कंपनियों, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज के अलावा एकेडमिक इंस्टीटयूशन आदि में संभावनाएं हैं.

संस्थान

किसी भी आईआईटी में जेनेटिक इंजीनियरिंग में बीटेक का कोर्स नहीं हैं. इसके बदले बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग प्रोग्राम ऑफर करते हैं. आईआईटी, चेन्नई में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक प्रोग्राम है. आईआईटी खड़गपुर में बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल एमटेक का कोर्स है.

आईआईटी गुवाहाटी में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक कोर्स है. आईआईटी दिल्ली में बायोके मिकल इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी में पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक कोर्स संचालित किया जाता है. आईआई टी रुड़की में बॉयोटेक्नोलॉ जी में एमटेक कोर्स है. पुणो वि.विद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी में एमएससी और एमटेक प्रोग्राम संचालित किये जाते हैं. यहां वि.विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर एडमिशन होते हैं.

अन्य संस्थान

दिल्ली विविद्यालय दक्षिणी परिसर, नई दिल्ली
उस्मानिया वि. विद्यालय, हैदराबाद
पंजाब एग्रीकल्चरल वि. विद्यालय, लुधियाना
चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चरल वि.विद्यालय, हिसार
आंध्रा वि.विद्यालय, विशाखापत्तनम
मद्रास वि,विद्यालय, चेन्नई
बनारस हिंदू वि.विद्यालय, वाराणसी

गोविंदा को गुरु मानती थी कोरियोग्राफर फराह खान

बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स हैं जिन्होंने अलग-अलग वजह से कभी गोविंदा के साथ काम नहीं किया है। आज गोविंदा संग काम न करने वाली एक डायरेक्टर और कोरियोग्राफर का किस्सा बताने जा रहे हैं। गोविंदा को बॉलीवुड का नेचुरल डांसर कहना भी गलत नहीं होगा।

ऑडियंस एक्टर के डांस के साथ ही उनके एक्सप्रेशन की भी दीवानी है। आज गोविंदा के डांस स्टाइल से जुड़ा ही एक किस्सा बताने जा रहे हैं। अगर आप गोविंदा के डांस के दीवाने हैं, तो बता दें कि आप अकेले नहीं हैं। बॉलीवुड में भी कई दिग्गज ऐसे हैं जो गोविंदा का डांस देखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। गोविंदा की जिस फैन की यहां बात हो रही है वो कोई और नहीं बल्कि कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान हैं।फराह खान ने अपने 30 दशक के लंबे करियर में बॉलीवुड के कई मशहूर एक्टर्स को डांस सिखाया है, लेकिन उन्होंने आजतक कभी गोविंदा के साथ काम नहीं किया है और इस बात का खुलासा फराह खान ने खुद किया था।

फराह खान ने एक कॉमेडी शो पर शिरकत करने के दौरान 'हीरो नंबर 1' एक्टर संग काम न करने की बड़ी वजह का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि वह बचपन से गोविंदा को देखकर ही डांस सीख रही हैं और वह एक्टर को अपना गुरु मानती हैं। 'मैं हूं ना' डायरेक्टर ने आगे बताया कि वह चाहे कितनी बड़ी कोरियोग्राफर क्यों न बन जाएं, लेकिन वह गोविंदा को डांस नहीं सिखा सकती हैं। एक्टर से केवल डांस सिखा जा सकता है और उन्हें सिखाया नहीं जा सकता है। फराह खान ने इस बारे में आगे बात करते हुए कहा था कि फिल्म 'ओम शांति ओम' के गाने 'दीवानगी दीवानगी' के दौरान उन्होंने सभी एक्टर्स को कोरियोग्राफ किया था, लेकिन उस वक्त भी उन्होंने गोविंदा से अपने स्टेप्स खुद करने के लिए कहा था। यहां तक कि शाहरुख खान को भी गोविंदा ने ही डांस सिखाया था।

फराह खान के मुताबिक एक्टर ने 'दीवानगी दीवानगी' के आखिर में फिल्म 'छोटे मियां बड़े मिया' के स्टेप्स डाले थे जिसने गाने में एक अलग जान फूंक दी थी और जब उन्होंने गाने का फाइनल एडिट देखा तो वह देखती ही रह गईं। बता दें कि बालीवुड एक्टर गोविंदा को बॉलीवुड का 'हीरो नंबर 1' ऐसे ही नहीं कहा जाता है। ये एक्टर जितने उम्दा अभिनेता है उतने ही शानदार डांसर भी हैं। गोविंदा ने अपने अभिनय के साथ ही अपने डांस से भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है।

तेजस पहले दिन हुई फेल, कमाए केवल 1.25 करोड़, जाने क्या हैं दर्शकों की राय

नई दिल्लीः तेजस फिल्म शुक्रवार को रीलिज हुई, जिसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस में पहले दिन यानि शुक्रवार को 1.25 करोड़ रूपए ही कमा पाई । बॉक्स ऑफिस पर कगना रनौत की लगातार कई फिल्में फ्लॉप हुई हैं। ऐसे में कगना रनौत की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस कोई खाश कमाल नही कर पाई हैं। फिल्म एक्शन थ्रिलर पर आधारित है।

कंगना रनौत की फिल्म तेजस में उन्हें वायु सेना के पायलेट के रूप में दिखाया गया है। इस फिल्म में वायु सेना पायलट तेजस गिल के खाश सफर को फिल्माया गया है। इस मूवी का लक्ष्य हर एक हिंदुस्तानी के अंदर उत्साह भरना और देश के प्रति गहरी भावना उत्पन्न करना हैं। इस फिल्म में भारतीय वायुसेना के वीर गाथा को दिखाया गया हैं। हमारी सेना किस तरह से मुश्किलों का सामना कर के हमारी देश की रक्षा करते हैं। इस मोवी में कंगना रनौत आतंकवादियों से बंधकों को छुड़ाने के उद्देशय से जाती हैं।

तेजस फिल्म को सर्वेश मेवाड़ ने लिखा और निर्देशित किया हैं, इस फिल्म के निमार्ता रोनी स्क्रूवाला हैं। फिल्म में और भी कई सारे सहयोगी कलाकार हैं। इस फिल्म में कई अच्छे गाने भी हैं, जैसे दिल रांझणा आदि। इस फिल्म की टैग लाइन जो पूरी मूवी में देखने को मिलेंगे "छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं" तेजस को समीक्षकों ने मिलाजुला समीक्षा दिया हैं। उन्होंने इस फिल्म की तारीफ भी की हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने प्लेटफार्म 'एक्स' पर सिर्फ फिल्म तेजस की बॉक्स ऑफिस कमाई और फिल्म को एक सितारा दे कर साझा किया हैं।

बिगबॉस सीजन 17 में इस हफ्ते सलमान के अलावा और होंगे दो होस्ट

नई दिल्लीः बिग बॉस सीजन 17 में इस हफ्ते आने वाले शो में कुछ बड़ा सरप्राइज मिलने वाला हैं। इस वीक में सलमान खान के साथ बिग बॉस दो और होस्ट आने वाले हैं। बता दें की बिग बॉस एक रियालिटी शो हैं इस में कई सारे कलाकार जो अलग-अलग जगत से आते हैं और एक साथ रहते हैं। बिग बॉस को शुरू हुए एक सप्ताह से अधिक हो चूका हैं। ऐसे में घर में बहुत कुछ हो रहा हैं, हर दिन झगड़े होते हैं तथा लड़ाई मार तक उतारू हो जाते हैं। सलमान के साथ अरबाज खान और सोहेल खान नजर आने वाले हैं। इस वीक में सोहेल और अरबाज अपने बड़े भाई सलमान और कंटेस्टेंट को रोस्ट करते हुए नजर आएंगे। प्रोमो में सोहेल और अरबाज स्विमिंग पूल के पास बैठकर एक दूसरे से बातें कर रहे हैं और कह रहे हैं "इस शो को साइन करेंगे तो दूसरे किसी शो की होस्टिंग नहीं कर पाएंगे" तभी सलमान खान की एंट्री होता हैं और कहते "अब से शुक्रवार और शनिवार का वॉर वीकेंड मैं होस्ट करूँगा और रविवार का होस्ट सोहेल और अरबाज करेंगे। तीनो भाई के एकसाथ सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान स्टेज पर आ गए तथा एक साथ डांस किया। यह सब होजाने के बाद सोहेल खान ने बताया कि उनके पास इस बड़े चैनल वाले का कॉल आया और कहा कि आप दोनों को शो को होस्ट करना हैं। तब इतने में अरबाज शो की प्रसंशा करते हैं फिर उधर से सोहेल खान बोलते हैं, तारीफ क्यों नहीं करेंगे इन्हे सलमान के साथ 'दबाग4' में काम जो करना हैं। तब अरबाज बोलते हियँ तुम्हे राधे नहीं करनी अरबाज बोलते हैं नहीं फिर तीनो एक साथ जोर से हसने लगते हैं। यह बात तो तय हैं कि इस वीकेंड में बिगबॉस में बहुत ईंटरटेनमेंट में होने वाला हैं।

सुष्मिता सेन की आर्या 3 का प्रोमो वीडियो जारी

सुष्मिता सेन को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में सुष्मिता वेब सीरीज आर्या के तीसरे किस्त आर्या 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।आर्या के पहले और दूसरे सीजन के बाद से ही दर्शक इसके तीसरे सीजन का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं।अब आर्या 3 का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिता जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।सामने आए प्रोमो वीडियो में सुष्मिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए दुनिया से भिड़ती दिखाई दे रही हैं।आर्या 3 का प्रीमियर 3 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स पर आर्या 3 का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भ्रष्टाचार के सामने अच्छी बात यह है कि एक बार कायम करने का समय आ चूका है। शेरनी तैय्यार है।इसका निर्देशन राम माधवानी द्वारा किया गया है।सुष्मिता ने सीरीज में आर्या सरीन का किरदार निभाया है। उन्होंने खुलासा किया है कि कैसे स्क्रिप्ट की शुरुआत से छापी गई आर्या की ताकत सीजन तीन में उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रही है।उसी के बारे में बात करते हुए, पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा, मैं आर्या से प्रेरित रही हूं, जिस तरह से हम शूट करते हैं, उन दोनों की सच्चाई घुल-मिल जाती है, सुष्मिता के मौजूद होने और आर्या के सुष्मिता से प्रभावित होने की भी सच्चाई होनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा, आर्या की ताकत का पता उस पल से चलता है जब मैंने यह स्क्रिप्ट पढ़ी, मैं इसे अपने साथ ले गई। मुझे लगता है कि सीजन तीन में यह और भी मजबूत हो गई है। सुष्मिता को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में भी देखा गया था।

शादी के बाद परिणीति चोपड़ा ने कराया हॉट फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं. एक्ट्रेस आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ परिणय सूत्र में बंधी हैं. अब शादी के बाद एक्ट्रेस का बेहद ग्लैमरस फोटोशूट सामने आया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने शादी के बाद बेहद हॉट फोटोशूट कराया है. फिल्मफेयर के लिए किए गए इस फोटोशूट में एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं. बॉलिवुड में चुलबुली लड़की की इमेज वाली परिणीति चोपड़ा शादी के बाद अब एक नए अवतार में नजर आ रही हैं. उन्होंने फिल्मफेयर के कवर के लिए एक हॉट फोटोशूट कराया है. अब एक्ट्रेस की यह तस्वीरें सोशल मेडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, परिणीति के इन फोटोज को देखकर राघव चड्ढा के भी पसीने छूट जाएंगे. वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट कर लिखा, हॉटनेस ओवरलोडेड. साथ ही परिणीति और राघव के रिसेप्शन की तस्वीरें भी सामने आई हैं. फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की हैं. चित्र में दोनों काफी खूबसूरत लग रहे हैं. इन तस्वीरों में परिणीति ने रोसेट ब्लश साड़ी पहनी है, वहीं राघव चड्ढा ब्लैक और व्हाइट सूट पहने नजर आ रहे हैं. तस्वीरों में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस ने एमरल्ड नेकपीस पहना है. न्यूड मेकअप किया हुआ है. साथ ही बालों को खुला रखा है.

'लियो' बॉक्स ऑफिस पर कर रही कमाल का प्रदर्शन

बीते दिनों रीलिज हुई फिल्म 'लियो' बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन कर रही है। सुपर स्टार थलापति विजय की इस फिल्म ने महज दो दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। पहले दिन फिल्म ने 68 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी, वहीं दूसरे दिन लियो ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए बॉक्स ऑफिस पर 36 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है।

हालांकि दूसरे दिन के कारोबार में 55 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद दर्शकों के उत्साह का देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वीकेंड के दिनों में इसके कारोबार में जबरदस्त उछाल नजर आएगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार व रविवार को यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 85 करोड़ का कारोबार करने में कामयाब हो जाएगी। इस हिसाब से रविवार तक लियो का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कारोबार 189 करोड़ हो जाएगा। लियो पैनइंडिया 19 अक्टूबर को थिएटर्स में हिंदी समेत पांच भाषाओं में रिलीज हुई थी। रिलीज के साथ ही फिल्म को दर्शकों का बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोशल मीडिया पर भी फैंस फिल्म और थलापति विजय की एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इससे पहले रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' ओपनिंग डे पर सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी, लेकिन 'लियो' के रिलीज के बाद जैलर भी पीछे रह गई है।

शाहरुख खान की फिल्म ने पहले दिन वर्ल्डवाइड कुल 129 करोड़ का बिजनेस किया था, जबकि 'लियो' की बात की जाए तो इस फिल्म ने लगभग 145 करोड़ का बिजनेस किया। जो शाहरुख खान की फिल्म से काफी अधिक है। लियो हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की गई है। सभी भाषाओं में फिल्म को पसंद किया जा रहा है। 'लियो' में थलापति विजय के साथ तृषा कृष्णन नजर आई हैं। यह जोड़ी फिल्मी परदे पर 14 साल बाद दिखाई दी है।

बॉक्स ऑफिस के पहले दिन 12th फेल ने कमाई 1 करोड़

नई दिल्लीः 12th फेल शुक्रवार को सिनेमाघरों में कंगना रनौत की फिल्म तेजस के साथ रिलीज हुआ हैं। पहले दिन 12th फेल की कमाई 1 करोड़ रही। यह फिल्म विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बानी हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका का किरदार विक्रांत मैसी द्वारा निभाया गया हैं। वक्रान्त मैसी इस फिल्म में अपने किरदार को खूबसरती से ढाला हैं, एक स्कूल विद्यार्थी से लेकर आईपीएस बनने तक के पूरी प्रक्रिया को ।

12th फेल' अनुराग पाठक के कहानी ईपीएसअधिकारी मनोज कुमार शर्मा एंव आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी के सफर पर लिखा गया हैं।

फिल्म समीक्षा

फिल्म 12th फेल में विक्रांत मैसी अपना शानदार अभिनय प्रस्तुत किया हैं। हर क्षण फिल्म के जरुरी शेड्स को बहुत अच्छे से निभाया हैं। मैसी किशोर अवस्था में इस तथ्य से अनजान हैं कि नकल करना नैतिक नहीं हैं। एक संघर्ष शील युपीएससी एस्पिरेंट्स के तरह धैर्य और साहस से भरा हुआ हैं। मैसी ने मनोज के रोल के उन सभी पक्षों को दिखाया गया हैं जिनकी उम्मीद एक दर्शक करता हैं। मैसी रात को 3 घंटे ही सोते हैं और अपना फोकस पढ़ाई और अन्य कामों में देते हैंऔर किसी भी तरीके का शिकायत में कोई गुंजाईश नहीं रखते हैं। विक्रांत और विधु विनोद चोपड़ा ने भी इस फिल्म की काफी सराहना की हैं। चोपड़ा ने मीडिया को बताया "यह फिल्म सिर्फ हिंदी भाषा के बारे में नहीं हैं, जबकि फिल्म खाश तौर से जिंदगी को फिर से आरंभ करने और उनके संघर्ष के बारे में बात करती हैं। एक धारणा हैं की कोई पढ़े लिखे व्यक्ति एक काम में असफल हो जाएँ तो वह जीवन में असफल होगा।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009